आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2003/11926
जयपुर, जोधपुर एवं अजमेर से प्रकाशित राज्य स्तरीय दैनिक
डाक पंजियन संख्या: जयपुर सिटी/005/2026-2028

# हुक्मनामा समाचार

वर्ष 23 : अंक 179 : मूल्य 2 रु. : पृष्ठ संख्या 8

www.hukmnamasamachar.com | जयपुर, गुरुवार, 02 अप्रेल, 2026 | www.Lokvarta.net

## संक्षिप्त खबरें

### अजमेर में खादिम ने स्टूडेंट को गोली मारी

#### किराए को लेकर मकान मालिक से हुआ था विवाद

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** अजमेर में मकान मालिक और किराए पर रहने वाले खादिम के बीच किराए को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में झगड़ा हो गया। इस दौरान खादिम ने देसी कट्टा निकालकर फायरिंग कर दी। इस दौरान घटनास्थल पर मौजूद एक छात्र के हाथ में गोली लग गई। झगड़े और फायरिंग की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी खादिम को हिरासत में ले लिया। घटना सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के फुस की कोठी में हुई। गई। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

देसी कट्टे से छात्र को मारी गोली थाना प्रभारी शंभू सिंह ने बताया- रोडवेज बस स्टैंड के पीछे कुंदन नगर स्थित फुस की कोठी क्षेत्र में फायरिंग में छात्र को गोली लगने की सूचना मिली। इस पर टीम मौके पर पहुंची और आरोपी खादिम गुलरेज चिश्ती को हिरासत में लिया है। आरोपी गुलरेज चिश्ती के पास देसी कट्टा था। उसने फायर किया तो गोली क्षेत्र में रहने वाले 16 साल के छात्र को लग गई। घायल छात्र को प्राथमिक इलाज के लिए अस्पताल में भिजवाया गया। थाना प्रभारी ने बताया- आरोपी से प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि उसका मकान मालिक से किराए को लेकर विवाद हो गया था। तभी वहां मौजूद लोगों ने इकट्ठा होकर उसके साथ मारपीट कर दी थी।

#### भारत के लिए बड़ी खुशखबरी

### सरकार का बड़ा फैसला, एलपीजी का झंझट खत्म

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जब रास्ता बंद होता है तो समझदार देश दूसरा रास्ता खोज लेते हैं। मिडिल ईस्ट में जंग, हॉर्मोज स्ट्रेट पर खतरा और भारत के किचन तक पहुंचती गैस की किल्लत। अब तस्वीर बदलने वाली है क्योंकि बता दें कि भारत ने उठा लिया है एक सबसे बड़ा कदम। खाड़ी देशों पर निर्भरता कम करने की तैयारी कर ली गई है और अब नजर टिक गई है अफ्रीका के एक ऐसे देश पर जिसका नाम आपने कम सुना होगा यानी कि अंगोला। जी हां, भारत अब अंगोला से एलपीजी यानी कि रसोई गैस खरीदने की तैयारी कर रहा है। लेकिन सवाल यह है कि आखिर अंगोला ही क्यों चुना गया? क्या इससे गैस संकट खत्म होगा? क्या यह भारत की ऊर्जा रणनीति का गेम चेंजर बनने वाला है? दरअसल बता दें कि ईरान युद्ध और हॉर्मोन स्ट्रेट पर बढ़ते तनाव के बीच भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती है ऊर्जा सुरक्षा। क्योंकि आज की सच्चाई बिल्कुल सामने है और वो यह है कि भारत अपनी लगभग 92% एलपीजी सप्लाई खाड़ी देशों से मंगाता है। जैसे कि यूएई, कतर, सऊदी अरब और कुवैत। और इन सभी सप्लाई का एक ही रास्ता है और वो है स्ट्रेट ऑफ हार्मोस जो सिर्फ 33 कि.मी. चौड़ा है। लेकिन दुनिया के करीब 20% तेल और गैस व्यापार का रास्ता भी यही है। यानी अगर यह रास्ता बंद हुआ तो सीधे असर भारत के किचन तक पहुंच सकता है। और यहीं से शुरू होती है भारत की नई रणनीति। सरकारी कंपनियां, इंडियन ऑयल और बाकी जो कंपनियां हैं जैसे कि बीपीसीएल, एचपीसीएल और गेट। अब अफ्रीकी देश अंगोला की सरकारी कंपनियों से एलपीजी खरीदने पर बातचीत कर रही है।

### एसआई भर्ती-2025 को स्थगित करने की मांग

#### सुप्रीम कोर्ट में कल सुनवाई, आयु सीमा में छूट न मिलने से सैकड़ों अभ्यर्थी परेशान

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** चार दिन बाद होने वाली एसआई भर्ती-2025 को स्थगित करने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है, जिस पर सुप्रीम कोर्ट गुरुवार को सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। सूरजमल मीणा की ओर से दायर याचिका में मांग की गई है कि 5 और 6 अप्रैल 2026 को प्रस्तावित एसआई/प्लाटून कमांडर भर्ती-2025 परीक्षा को कम से कम 4 सप्ताह के लिए टाल दिया जाए। याचिका में कहा गया है कि उसे और उसके जैसे सैकड़ों अभ्यर्थियों को इस भर्ती में आयु सीमा में छूट नहीं दी गई थी। जिसके बाद एकलपीठ के अंतरिम आदेश से उनके फॉर्म स्वीकार किए गए, लेकिन खंडपीठ ने एकलपीठ के आदेश पर रोक लगा दी थी। उसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने खंडपीठ को 31 मार्च तक सभी अपीलों पर फैसला लेने के लिए कहा था। लेकिन हाईकोर्ट की खंडपीठ ने उनकी अपीलों पर अभी तक कोई फैसला नहीं दिया है।

### पटेला री पोल

पावरफुल का पावर निकला, उड़ गए सारे तोते
बार-बार बयान पलट रहा, समय निकाल रहा रोते
छोटा देश भी आंख दिखा रहे, सबको ईरान का डर
अमेरिका के चक्कर में पड़, कौन बिगाड़े अपना घर

..मुखिया जी

#### राजस्थान में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

# 65 आईएएस अधिकारियों के तबादले

### डॉ. जितेन्द्र सोनी मुख्यमंत्री के सचिव नियुक्त, उत्सव कौशल मुख्यमंत्री के संयुक्त सचिव

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान सरकार ने मंगलवार देर रात बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 65 आईएएस अधिकारियों के तबादले और नई नियुक्तियों के आदेश जारी किए। कार्मिक विभाग द्वारा जारी यह आदेश राज्यपाल की मंजूरी के बाद तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। इस व्यापक बदलाव में 25 जिलों के कलेक्टर बदले गए हैं, साथ ही जोधपुर के संभागीय आयुक्त और मुख्यमंत्री कार्यालय के कई अहम पदों पर भी नई नियुक्तियां की गई हैं। सबसे चर्चित बदलावों में टीना डाबी को बाड़मेर से हटाकर टोंक का जिला कलेक्टर नियुक्त किया गया है। वहीं जयपुर कलेक्टर रहे जितेंद्र कुमार सोनी को मुख्यमंत्री का सचिव बनाया गया है। उन्हें सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। जयपुर के नए कलेक्टर के रूप में संदेश नायक को जिम्मेदारी सौंपी गई है। मुख्यमंत्री कार्यालय में भी बड़ा बदलाव करते हुए रिया डाबी, रजत यादव, अक्षत सिंह और गरिमा नरूला को ओएसडी नियुक्त किया गया है। वहीं उत्सव कौशल और अमित शर्मा को संयुक्त सचिव बनाया गया है। जोधपुर संभाग के नए आयुक्त के रूप में कन्हैया लाल स्वामी की नियुक्ति की गई है। अन्य महत्वपूर्ण नियुक्तियों में डॉ. जोगाराम को पंचायती राज विभाग का सचिव, राजन विशाल को जल जीवन मिशन का निदेशक और नमित मेहता को आबकारी विभाग का आयुक्त बनाया गया है। इसके अलावा कई विभागों में आयुक्त, सचिव और निदेशक स्तर पर भी व्यापक फेरबदल किया गया है।

#### इन्हें लगाया कलेक्टर

| | |
|---|---|
| संदेश नायक | जिला कलेक्टर, जयपुर |
| अनुपमा जोरवाल | जिला कलेक्टर, जैसलमेर |
| आलोक रंजन | जिला कलेक्टर, जोधपुर |
| गौरव अग्रवाल | जिला कलेक्टर, उदयपुर |
| चिन्मय गोपाल | जिला कलेक्टर, बाड़मेर |
| शुभम चौधरी | जिला कलेक्टर, प्रतापगढ़ |
| आशीष मोदी | जिला कलेक्टर, सीकर |
| अंकित सिंह | जिला कलेक्टर, फलोदी |
| बालमुकुंद | जिला कलेक्टर, बारां |
| निशांत जैन | जिला कलेक्टर, बीकानेर |
| टीना डाबी | जिला कलेक्टर, टोंक |
| रविंद्र गोस्वामी | जिला कलेक्टर, पाली |
| रोहिताश तोमर | जिला कलेक्टर, सिरोही |
| हरफूल यादव | जिला कलेक्टर, बूंदी |
| अवधेश मीणा | जिला कलेक्टर, डीडवाना कुचामन |
| देवेंद्र कुमार | जिला कलेक्टर, नागौर |
| अक्षय गोदारा | जिला कलेक्टर, करौली |
| सौम्या झा | जिला कलेक्टर, दौसा |
| अतुल प्रकाश | जिला कलेक्टर, खैरथल तिजारा |
| देशल दान | जिला कलेक्टर, डूंगरपुर |
| मोहम्मद जुनेद | जिला कलेक्टर, सलूंबर |
| मयंक मनीष | जिला कलेक्टर, डीग |
| अपर्णा गुप्ता | जिला कलेक्टर, कोटपूतली बहरोड |
| अमित यादव | जिला कलेक्टर, श्रीगंगानगर |
| डॉ. मंजू | जिला कलेक्टर, चित्तौड़गढ़ |

#### इनको इधर से उधर लगाया

| | |
|---|---|
| डॉ. जोगाराम | सचिव, आयुक्त पंचायती राज विभाग, निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन |
| राजन विशाल | निदेशक, जल जीवन मिशन जयपुर |
| जितेंद्र सोनी | सचिव- मुख्यमंत्री, और सूचना जनसंपर्क विभाग |
| कन्हैया स्वामी | संभागीय, आयुक्त जोधपुर |
| नकाते मदन | प्रबंध निदेशक, राजस्थान ऊर्जा विकास और आईटी सर्विसेज |
| शिवांगी | विशिष्ट सचिव, वित्त विभाग सीईओ पब्लिक फाइनेंसियल मैनेजमेंट ट्रेनिंग सोसाइटी |
| ओमप्रकाश | आयुक्त, नगर निगम, जयपुर |
| नमित मेहता | आयुक्त, आबकारी विभाग, उदयपुर |
| नम्रता वर्षणी | विशिष्ट सचिव, खान और पेट्रोलियम विभाग |
| अरविंद | आयुक्त राजस्थान आवासन मंडल |
| डॉ. रश्मि | निदेशक, समग्र शिक्षा अभियान, विशिष्ट सचिव सांख्यिकी विभाग |
| लक्ष्मी नारायण | आयुक्त, उदयपुर और देवस्थान विभाग |
| कल्पना | विशिष्ट सचिव, जल ग्रहण विकास भू संरक्षण विभाग |
| सुरेश ओला | प्रबंध निदेशक (रीको) आयुक्त दिल्ली मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर |
| प्रियंका गोस्वामी | आजीविका परियोजनाएं और स्वयं सहायता समूह जयपुर |
| अल्पा चौधरी | भू प्रबंधन आयुक्त और पदेन निदेशक बंदोबस्त |
| बाबूलाल गोयल | आयुक्त,चिकित्सा शिक्षा विभाग, जयपुर |
| नीलाभ सक्सेना | आयुक्त, उद्योग और वाणिज्य कारपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी |
| ललित कुमार | निदेशक, सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग |
| उत्सव कौशल | संयुक्त सचिव, मुख्यमंत्री |
| गौरव सैनी | सचिव,जयपुर विकास प्राधिकरण |
| श्वेता चौहान | आयुक्त, उद्यान की राजस्थान जयपुर |
| राहुल जैन | आयुक्त, नगर निगम जोधपुर |
| महेंद्र खडगावत | संयुक्त सचिव, श्रम और कारखाना बॉयलर निरीक्षण विभाग |
| नरेश गोयल | आयुक्त, कृषि और पंचायती राज विभाग जयपुर |
| जयदेव सी एस | सचिव, मानवाधिकार आयोग |
| रिया डाबी | ओएसडी, मुख्यमंत्री |
| शैलजा पांडे | सीईओ (माडा) बीकानेर |
| रजत यादव | ओएसडी, मुख्यमंत्री, जयपुर |
| अक्षत सिंह | ओएसडी, मुख्यमंत्री |
| गरिमा नरूला | ओएसडी, मुख्यमंत्री कार्यालय, जयपुर |

#### ममता ने कहा- भाजपा हमारा पैसा लूट रही और झूठ बोल रही

## कांग्रेस के राजकुमार की हार की सेंचुरी पक्की : मोदी



**कोलकाता/चेन्नई (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि इस बार असम में बीजेपी-एनडीए की हैट्रिक लगनी तय है। उन्होंने राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा कि कांग्रेस के सो कॉल्ड राजकुमार की पराजय की सेंचुरी आने वाली है। पीएम धेमाजी के गोगामुख में जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

वहीं, पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने बीरभूम में जनसभा की। उन्होंने कहा- जब बंगाल आजादी की लड़ाई में हिस्सा ले रहा था, तब भाजपा का जन्म भी नहीं हुआ था। वे हमारा पैसा लूट रहे हैं और झूठ बोल रहे हैं। वे राम नवमी पर बंदूकें लेकर निकलते हैं।

इधर, असम के डिब्रूगढ़ पहुंची कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा- असम में डबल गुलामी वाली सरकार है, एक भ्रष्ट सरकार है। हम देख सकत हैं कि कैसे सब कुछ धमकियों के जरिए किया जा रहा है। यहां माफिया राज और सिंडिकेट राज है। टीएमसी ने बुधवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय के पास लगातार दूसरे दिन अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया। पार्टी का आरोप है कि फॉर्म 6 आवेदन जमा करने में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं हुई हैं। चुनाव आयोग को इसकी जांच करनी चाहिए। पश्चिम बंगाल चुनाव के बशीरहाट में बरुनहाट रामेश्वरपुर ग्राम पंचायत के बूथ नंबर 30 पर 125 लोगों के नाम कटने पर स्थानीय लोगों ने विरोध-प्रदर्शन किया।

पश्चिम बंगाल में चुनाव आयोग ने नादिया जिले के हंसखाली ब्लॉक के ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर सयंतन भट्टाचार्य को सस्पेंड करने के आदेश दिए। तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में सीएम एम.के. स्टालिन ने कहा, 'मैं करुणानिधि का बेटा हूं। हम वही करते हैं जो कहते हैं और वही कहते हैं जो करते हैं।' पीएम मोदी ने असम में चुनाव प्रचार की शुरुआत की। उन्होंने धेमाजी और बिस्वनाथ में दो जगहों पर जनसभा की।

### सिंगर की शिकायत पर विधायक भाटी के खिलाफ मामला दर्ज

**बाड़मेर (हुक्मनामा समाचार)।** शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी और भजन गायक छोटू सिंह रावणा के बीच सोशल मीडिया कमेंट को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। बुधवार को छोटू सिंह अपने समाज के लोगों के साथ शिव थाने पहुंचे और भाटी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने के लिए शिकायत सौंपी।


शिव थाना अधिकारी सत्यप्रकाश विश्नोई ने बताया कि छोटूसिंह रावणा की रिपोर्ट पर शिव विधायक रविंद्रसिंह भाटी और 5 अन्य के खिलाफ बीएनएस की धाराओं में मामला दर्ज किया है। रिपोर्ट के साथ एक पेन ड्राइव और कुछ डॉक्यूमेंट दिए है। उनको शामिल कर जांच के लिए सीआईडी-सीबी को भेजी जाएगी।

इस दौरान छोटू सिंह ने शिव विधानसभा में एक टूटी सड़क के वीडियो का जिक्र करते हुए कहा- मैंने चलते-चलते आपकी विधानसभा (शिव) की एक सड़क का वीडियो बना दिया। इसी से हलचल मच गई। अगर मैं तुम्हारी(शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी) बैंड बजाने लग गया तो शिव की सारी सड़कों के हालात दिखा दूंगा।

छोटू सिंह ने कहा- मेरे मित्र मुझे बहुत बोलते है कि आप कहो तो सोशल मीडिया पर कमेंट्स कर दें। मैं उन सभी को रोक रहा था। लेकिन अगर उन्होंने(भाटी) सोशल मीडिया पर कमेंट नहीं रोके तो एफआईआर करवा रहा हूं। उन्होंने कहा- वो(रविंद्र सिंह भाटी) तो जेल जाएंगे और इसमें शामिल अन्य लोगों पर भी कार्रवाई होगी। जिन-जिन लोगों ने गलत किया है, वो लोग माफी नहीं मांगेगे या सुलह नहीं की, तो यहां बिगुल बजेगा। एक कमेंट से दिल्ली तक बैंड बजा कर रख दी छोटू सिंह ने कहा- मुझे राजनीति की जरूरत नहीं है।

#### एमपी-राजस्थान में भी अलर्ट

## यूपी में तेज बारिश, ओले गिरे



**भोपाल/लखनऊ (एजेंसी)।** देश के पांच राज्यों में अगले तीन दिन मौसम में बदलाव रहेगा। उत्तर प्रदेश में बुधवार सुबह बारिश हुई, 40 जिलों में अलर्ट भी जारी किया गया है। पिछले 24 घंटे में मथुरा, जालौन और कन्नौज में ओले गिरे।

उधर एमपी में आधे प्रदेश में आंधी-बारिश का अलर्ट है। बुधवार को इंदौर, उज्जैन-ग्वालियर समेत 29 जिलों में अलर्ट है। 4 अप्रैल तक ऐसा ही मौसम रहेगा। उसके बाद 15 अप्रैल से प्रदेश में भीषण गर्मी पड़ेगी। राजस्थान में 2 अप्रैल से फिर एक नया वेदर सिस्टम एक्टिव होगा। जिसके चलते बारिश होगी। मंगलवार को पूर्वी राजस्थान के कई जिलों में बारिश के साथ ओले गिरे।

जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में एवलांच (हिमस्खलन) आया और कई रास्ते बंद हो गए हैं। अगले 24 घंटों में ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी और एवलांच का अलर्ट जारी किया गया है।

#### अगले 2 दिन मौसम का हाल

- 2 अप्रैल- पश्चिम बंगाल, सिक्किम, गुजरात, झारखंड और बिहार में हल्की बारिश की संभावना है। कर्नाटक में बिजली गिरने की आशंका है।
- 3 अप्रैल- जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड में हल्की बर्फबारी, बारिश और ओलावृष्टि हो सकती है। साथ ही कर्नाटक, तेलंगाना, केरल, पंजाब, दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़, यूपी और राजस्थान में भी हल्की बारिश की संभावना है। महाराष्ट्र में बिजली गिरने की आशंका है।
- 1 से 4 अप्रैल तक आधे प्रदेश में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। बुधवार को इंदौर, उज्जैन-ग्वालियर समेत 29 जिलों में अलर्ट है। एमपी में 15 अप्रैल से भीषण गर्मी पड़ेगी। सबसे ज्यादा ग्वालियर-चंबल का इलाका तपेगा।

#### भाजपा ऑफिस की दीवार पर 70 से 80 छर्रों जैसे निशान बन गए

## चंडीगढ़ में पंजाब भाजपा हेडक्वार्टर के बाहर ब्लास्ट

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** चंडीगढ़ में क्ष्छ्क्ष के पंजाब मुख्यालय के बाहर बुधवार शाम 5 बजे ब्लास्ट हुआ। ब्लास्ट के बाद वहां पार्किंग में खड़ी कई गाड़ियों के शीशे टूट गए।

भाजपा ऑफिस की दीवार पर 70 से 80 छर्रों जैसे निशान बन गए। इसे लेकर सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल है, जिसमें एक व्यक्ति ग्रेनेड की पिन खोलकर उसे फेंककर भाग रहा है। इस दौरान धमाके की आवाज भी सुनाई देती है।

मौके से करीब 10 मीटर दूर स्थित पेट्रोल पंप से



सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया, जिसमें धमाके के तुरंत बाद बाइक पर 2 लोग भागते दिख रहे हैं। इनके ही हमलावर होने का दावा किया जा रहा है। वहीं, खालिस्तानी आतंकी सुखजिंदर सिंह बब्बर की ओर से एक पोस्ट भी सामने आई, जिसमें खालिस्तानी संगठन हमले की जिम्मेदारी ले रहा है। चंडीगढ़ पुलिस के साथ ही सेना और एनआईए की टीम भी मौके पर पहुंची। बम और डॉग स्क्वॉड तथा फॉरेंसिक टीमों के जरिए पूरे इलाके को खंगाला गया। टीम ने विस्फोटक के टुकड़ों की भी जांच की। संदिग्धों की तलाश में पूरे शहर में नाकाबंदी की गई। पंजाब पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स भी मौके पर पहुंची। इस वारदात की जिम्मेदारी एक खालिस्तानी आतंकी ने ली।

### जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में एक आतंकी ढेर

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में सेना ने बुधवार सुबह एक आतंकवादी को ढेर कर दिया। यह ऑपरेशन मंगलवार रात से जारी था। एक अधिकारी ने बताया कि खास इंटेलिजेंस इनपुट के आधार पर, पुलिस और सेना की एक जॉइंट टीम ने मंगलवार शाम को घेराबंदी और सर्च ऑपरेशन शुरू किया। एक आतंकी के छिपे होने की जानकारी मिली। अंधेरे की वजह से ऑपरेशन रोक दिया गया था। सुबह आतंकी को मार गिराया गया। इससे पहले फरवरी में सेना ने जम्मू-कश्मीर में 6 आतंकवादियों को मार गिराया था। किश्तवाड़ के चतरू में 3 आतंकी ढेर हुए थे। वहीं 4 फरवरी को भी चतरू में ही सुरक्षाबलों ने जैश के ही एक आतंकी को मार गिराया था।

## अमरावती को आंध्र प्रदेश की राजधानी बनाने वाला बिल पास

### लोकसभा में विदेशी अंशदान संशोधन विधेयक पर हंगामा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा ने बुधवार को आंध्र प्रदेश पुनर्गठन (संशोधन) बिल, 2026 पास कर दिया है। इस बिल के जरिए अमरावती को आंध्र प्रदेश की एकमात्र और स्थायी राजधानी का कानूनी दर्जा मिलेगा। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने यह बिल पेश किया था। इस पर एक घंटे से ज्यादा बहस हुई, जिसके बाद इसे ध्वनिमत से मंजूरी दे दी गई। इसके अलावा आज लोकसभा से जन विश्वास बिल और राज्यसभा से सीएपीएफ बिल भी पास हो गया।



इससे पहले बुधवार को कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने विदेशों से चंदा मिलने वाले विदेशी अंशदान संशोधन बिल को लेकर हंगामा किया। उन्होंने एफसीआरए बिल वापस लो के नारे लगाए। स्पीकर ओम बिरला ने सांसदों से शांत रहने की अपील की, लेकिन विपक्षी सदस्य अपनी सीटों पर खड़े होकर विरोध करते रहे। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि आज एफसीआरए बिल पर लोकसभा में बहस नहीं होगी। यह बिल विदेशी अंशदान कानून में संशोधन से जुड़ा है, जिसे 25 मार्च को लोकसभा में पेश किया गया था। इसमें विदेशी फंडिंग से जुड़े नियमों को और स्पष्ट और सख्त करने का प्रस्ताव है, ताकि एनजीओ को मिलने वाले विदेशी चंदे में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाई जा सके।

# मोदी ने सुरक्षा पर कैबिनेट कमेटी मीटिंग की अध्यक्षता की

### पश्चिम एशिया में हालात की समीक्षा, एलपीजी और पेट्रोल-डीजल सहित जरूरी सामानों पर चर्चा की

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में प्रधानमंत्री आवास पर पीएम मोदी की अध्यक्षता में बुधवार शाम 7 बजे कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी की बैठक हुई। इसमें पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण भारत में मौजूदा हालात की समीक्षा की गई। मीटिंग में अमित शाह, एस जयशंकर, निर्मला सीतारमण, पीयूष गोयल, शिवराज सिंह चौहान, जेपी नड्डा, अश्विनी वैष्णव, मनोहर लाल खट्टर, प्रल्हाद जोशी, किंजरापु राममोहन नायडू और हरदीप सिंह पुरी समेत कई केंद्रीय मंत्री शामिल रहे।

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, पीएम के प्रमुख सचिव पी.के. मिश्रा और शक्तिकांत दास और कैबिनेट सचिव टी.वी.



सोमनाथन भी मीटिंग में शामिल हुए। इस दौरान आम लोगों की जरूरी जरूरतों जैसे खाद्य, एलपीजी और पेट्रोल-डीजल उपलब्धता पर चर्चा की गई।पिछले 10 दिनों के भीतर सीसीएस की यह दूसरी मीटिंग है।

इससे पहले 23 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीसीएस मीटिंग की अध्यक्षता की थी। इसमें भारत पर पश्चिम एशिया में संघर्ष के प्रभाव को कम करने के उपायों का आकलन किया गया था।

पीएम ने कहा था कि यह समस्या लगातार बढ़ रही है और पूरी दुनिया इससे प्रभावित हो रही है। उन्होंने निर्देश दिया था कि सरकार के सभी विभाग मिलकर काम करें ताकि आम लोगों को कम से कम परेशानी हो। मीटिंग में गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और अन्य अधिकारी मौजूद थे। कैबिनेट सचिव ने अब तक उठाए गए और प्रस्तावित कदमों की जानकारी दी थी।

इसके अलावा कृषि, उर्वरक, खाद्य सुरक्षा, पेट्रोलियम, बिजली, MSMEs, निर्यात, शिपिंग, व्यापार, वित्त और सप्लाई चेन जैसे विभिन्न क्षेत्रों पर संभावित प्रभाव और उससे निपटने के उपायों पर चर्चा हुई।

### ग्राम पंचायत आंधी में गंदगी देख संवेदक को लगाई फटकार

# खण्ड विकास अधिकारी ने पंचायतों में किया सफाई कार्य का औचक निरीक्षण

**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में गांव को साफ-सुथरा, स्वच्छ व सुन्दर बनाये जाने के कार्य को प्राथमिकता से लिया जा रहा है, और इसकी जिम्मेदारी सम्बन्धित ग्राम पंचायतों को दी गई है। ग्राम पंचायतों द्वारा उपलब्ध बजट सीमा में एवं सरकार द्वारा तय की गई दरों व प्रकिया के आधार पर सफाई कार्यों की निविदा की जाकर संवेदक के माध्यम से घर-घर कचरा संग्रहण, नाली सफाई व रास्तों में झाडू सफाई तथा सार्वजनिक शौचालयों को नियमित साफ रखने का कार्य किया जा रहा है।

खंड विकास अधिकारी दिवाकर मीणा ने बताया की ग्राम पंचायतों द्वारा सफाई कार्य सही ढंग से किया जावे एवं आमजन भी सफाई में सहयोग करें इसके लिए राज्य स्तर, जिला स्तर व ब्लॉक स्तर से सत्त व औचक निरीक्षण किये जा रहे है। इसी संदर्भ में राज्य सरकार द्वारा 1 अप्रैल को





सभी ग्राम पंचायतों मे ब्लॉक स्तरीय व जिला तथा राज्य स्तरीय टीमों को ग्राम पंचायतों में धरातल पर जाकर सफाई का निरीक्षण करने, आमजन से फीडबैक लेने व व्यवस्था में पाई गई खामियों को सुधार हेतु सूझाव देने के लिए गहन निरीक्षण के निर्देश मिले है, जिसमें आंधी पंचायत समिति के खण्ड विकास अधिकारी दिवाकर मीना के निर्देशन में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों द्वारा सभी 26 ग्राम पंचायतों में स्वच्छता का संघन निरीक्षण किया, जिसमें खण्ड विकास अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत आंधी और थली का औचक निरीक्षण किया गया। बीडीओ दिवाकर मीणा ने बताया की ग्राम पंचायत आंधी में सफाई व्यवस्था में कई खामियां मिलीं। कार्य संवेदक के माध्यम से किये जाने, ग्राम पंचायत द्वारा सीधा नियंत्रण व प्रबंधन तथा आमजन का जागरूकता के साथ सहयोग मिलने पर तीनों फैक्टर का सकारात्मक प्रयास से सफाई में बदलाव आयेगा। कही संवेदक की निर्धारित कार्य पूर्ण नहीं करने की स्थिति तो कही ग्राम पंचायतों के नियंत्रण की शिथिलता व कही कही स्थानीय जन का असहयोग भी देखने को मिला है।

माननीय पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर द्वारा ग्रामीण क्षेत्र को पूर्णत: साफ-सुथरा, स्वच्छ, सुन्दर व हरा-भरा बनाये जाने के निर्देश व भावना के अनुरूप पंचायत समिति आंधी व अधीनस्थ ग्राम पंचायतों ने सफाई कार्य को कराये जाने के लिए पूरे मनोयोग से टीम के रूप में प्रयास शुरू कर दिये है, जहां खामियां होगी वहां सुधार के प्रयास किये जावेगे साथ ही जिम्मेदार कर्मचारियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा गंभीर लापरवाही बरते जाने पर कानूनी कार्यवाही भी अमल में लाई जावेगी।

### गरिमा सैनी ने प्राप्त किए 97.60 प्रतिशत अंक

**चिराना (हुक्मनामा समाचार)।** कस्बे के निवासी निवासी प्रभु दयाल सैनी कि दोहिती ने राजस्थान 12 वीं बोर्ड में सफलता का परचम लहराया है।कस्बे के चिराना नौनिहाल गरिमा सैनी ने 12वीं विज्ञान वर्ग में बोर्ड की परीक्षा में 97.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय के टोपर किया उसके साथ साथ अपने गांव का नाम भी रोशन किया है गरिमा सैनी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता कमला देवी,पिता बसंत कुमार सैनी व गुरुजनों,मामा व नानी को दिया। रिजल्ट आने के बाद छात्रा को विद्यालय परिवार की ओर से मिठाई खिलाकर साफा व माला पहनकर स्वागत किया छात्रा नवज्योति पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल 72 देव नगर बैनाड़ रोड जयपुर की छात्रा है गरिमा सैनी ने बताया कि वर्तमान में नीट की तैयारी कर रही । ननिहाल में मामा मुकेश सैनी पत्रकार सहित नानी व अन्य सभी परिवार जनों ने बधाई दी



## एक नजर

### आई एफ डब्ल्यू जे प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक ज्येष्ठा मैत्रीय से की शिष्टाचार भेंट

#### जिले में सुधारों पर साझा किए सुझाव



**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिले की नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक ज्येष्ठा मैत्रीय से बुधवार को इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स (आई एफ डब्ल्यू जे ) पत्रकार संगठन के जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान संगठन के सदस्यों ने पुलिस अधीक्षक का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। मुलाकात के दौरान आई एफ डब्ल्यू जे पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने जिले से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए कानून-व्यवस्था में सुधार एवं जनहित से संबंधित कई महत्वपूर्ण सुझाव एस पी से साझा किए। प्रतिनिधिमंडल ने स्थानीय स्तर पर पत्रकारों से जुड़ी समस्याओं को भी पुलिस प्रशासन के समक्ष रखा। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ज्येष्ठा मैत्रीय ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए भरोसा दिलाया कि जिले में बेहतर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

#### रणथंभौर में बाघ 2511 की हलचल

### त्रिनेत्र गणेश मार्ग पर दिखने से श्रद्धालुओं में दहशत

**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** रणथंभौर टाइगर रिजर्व क्षेत्र में इन दिनों युवा बाघ आरबीटी-2511 की लगातार बढ़ती गतिविधियों ने त्रिनेत्र गणेश मंदिर मार्ग पर आने-जाने वाले श्रद्धालुओं की चिंता बढ़ा दी है। बाघ आए दिन इस मार्ग पर चहल-कदमी करता नजर आ रहा है, जिससे श्रद्धालुओं में डर का माहौल बना हुआ है। बुधवार को एक बार फिर टाइगर 2511 त्रिनेत्र गणेश मंदिर मार्ग स्थित अटल सागर के पास बैठा दिखाई दिया। बुधवार को रणथंभौर टाइगर रिजर्व में साप्ताहिक अवकाश होने के बावजूद त्रिनेत्र गणेश मंदिर में दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। इसी दौरान अटल सागर के पास बाघ के दिखाई देने से मौके पर मौजूद श्रद्धालुओं और वाहन चालकों में हलचल मच गई और बाघ को देखने के लिए वाहनों की कतार लग गई। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और बाघ की मॉनिटरिंग शुरू की। करीब 15 मिनट तक एक ही स्थान पर बैठने के बाद बाघ आमाघाटी की ओर चला गया, जिसके बाद वन विभाग और श्रद्धालुओं ने राहत की सांस ली। गौरतलब है कि इससे पहले भी बाघ 2511 मिश्र दर्रा गेट पर करीब दो घंटे तक बैठा रहा था, जिससे यातायात प्रभावित हुआ और वाहनों की लंबी कतार लग गई थी। इस संबंध में डीएफओ मानस सिंह ने बताया कि त्रिनेत्र गणेश मंदिर मार्ग रणथंभौर के कोर क्षेत्र से होकर गुजरता है और यह बाघ की टेरिटरी में आता है। ऐसे में बाघ का इस मार्ग पर बार-बार दिखाई देना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वन विभाग की टीम लगातार अलर्ट मोड पर है और इस मार्ग पर पैदल व दोपहिया वाहनों की आवाजाही पूरी तरह प्रतिबंधित है।



### टीना डाबी को होगी टोंक की नई जिला कलेक्टर

**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** यूपीएससी 2015 की टॉपर एवं प्रदेश भर में चर्चित आईएएस अधिकारी टीना डाबी को बीती रात राजस्थान सरकार द्वारा आईएएस अधिकारियों के फैरबदल में टोंक का नया जिला कलेक्टर नियुक्त किया है। 2016 कैडर की आईएएस अधिकारी टीना डाबी बाडमेर की जिला कलेक्टर थी, जिन्हे बाड़मेर से स्थानान्तरण कर टोंक में जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल की जगह लगाया गया है। अग्रवाल को स्थानान्तरण कर निदेशक एवं पदेन विशिष्ट शासन, जल ग्रहण विकास एवं भू संरक्षण विभाग जयपुर में लगाया गया है। ज्ञात रहे कि टीना डाबी ने यूपीएससी 2015 में ऑल इंडिया रैंक प्रथम स्थान प्राप्त किया था, जिसके बाद उन्हे राष्ट्रपति स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। राजस्थान कैडर मिलने के बाद उन्होने अजमेर में प्रशिक्षण लिया तथा फिर भीलवाड़ा, श्रीगंगानगर, जैसलमेर एवं बाड़मेर जैसे जिलों में कई प्रशासनिक अधिकारी के महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया।



### श्री यज्ञ के बालाजी मन्दिर में हनुमान जन्म उत्सव आज

**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** श्री यज्ञ के बालाजी मन्दिर में हनुमान जन्म उत्सव गुरूवार को मनाया जायेगा। अंकुर जोशी ने बताया कि सुबह मंगला आरती पूजा कर 111 किलोग्राम चूरमा-लड्डू का भोग शुद्ध देशी घी से बनवाया जायेगा, साथ ही सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया जायेगा। इसी के साथ सांयकाल हनुमान जी महाराज को चोला चढ़ा कर श्रृंगार कर सभी भक्तों के साथ सामूहिक संगीत मय सुन्दर कांड पाठ रात 8 बजे से रात 11 बजे महा आरती की जायेगी, सभी भक्तगण अधिक से अधिक संख्या में पधारकर धर्म लाभ उठावे।

### सड़क हादसे में चार वाहन आपस में भिड़े

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर जिले में बुधवार को एक बड़ा सड़क हादसा सामने आया है। नोखा थाना क्षेत्र के बुद्धरो की ढाणी के पास बीकानेर रोड पर एक के बाद एक चार वाहनों की जोरदार टक्कर हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, लापरवाही और तेज रफ्तार के चलते यह हादसा हुआ, जिसमें चारों वाहन आपस में टकरा गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों में हड़कंप की स्थिति बन गई। हादसे में कई लोगों के घायल होने की प्रारंभिक सूचना मिली है। घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित किया।

## कृषि महाविद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**श्रीगंगानगर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष रविन्द्र कुमार (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) श्रीगंगानगर के निर्देश पर बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव रवि प्रकाश सुथार (अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश) द्वारा कृषि महाविद्यालय श्रीगंगानगर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान रवि प्रकाश सुथार ने कृषि महाविद्यालय की छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए बच्चों के लिए बाल-हितैषी कानूनी सेवाओं की योजना 2024 के बारे में बताया कि इस योजना का उद्देश्य बच्चों को फौजदारी, दीवानी या प्रशासनिक मामले में कानूनी सहायता को आसान बनाना है। 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों (विकलांग बच्चों सहित) को कानूनी कार्यवाही के दौरान सुलभ, सुरक्षित कानूनी सहायता प्रदान करना है। यह योजना बच्चों के अधिकारों की रक्षा, उचित प्रतिनिधित्व और उनके सर्वोतम हितों को सुनिश्चित करती है। इसमें यौन अपराधों के पीड़ित, विधि से संघर्षरत बच्चे, तस्कर बाल, बाल विवाह से प्रभावित और बाल कल्याण संस्थाओं में रह रहे बच्चे शामिल हैं। यह योजना बच्चों के संवैधानिक अधिकारों और अंतर्राष्ट्रीय सिद्धांतों पर आधारित है। शिविर के दौरान एडीजे सुथार ने पीड़ित प्रतिकर स्कीम, एसिड अटैक, घरेलू हिंसा और शोषण के बारे में जानकारी प्रदान की। इसी के साथ ही एडीजे द्वारा नालसा व रालसा द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे पीड़ित प्रतिकर स्कीम, एसिड अटैक, हिट एण्ड रन आदि में मिलने वाली क्षतिपूर्ति राशि के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई।

# भारतीय किसान संघ द्वारा औषधीय फसलों का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** कृषि उपज मंडी समिति उनियारा में भारतीय किसान संघ द्वारा जैविक एवं औषधीय खेती का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें औषधीय फसलों की खेती के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण मोहनलाल नागर द्वारा दिया गया।

प्रशिक्षण में किसानों को सीमपुष्टि अश्वगंधा, सफेद मूसली, स्टीविया, मोरिंगा, शतावरी, सर्पगंधा, चिया सीड, तुलसी, अकरकरा, कालमेघ, काली हल्दी, कैमोमाइल, कोलियस आदि औषधीय एवं जैविक फसलों की वैज्ञानिक खेती, कम लागत में अधिक उत्पादन एवं बाजार व्यवस्था की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के बाद किसानों को गुरु कृपा हर्बल फार्म, कनक होटल के पास उनियारा-अलीगढ़ रोड़ पर ले जाकर औषधीय फसलों का प्रत्यक्ष निरीक्षण कराया गया, जहां किसानों ने खेत पर जाकर खेती की तकनीक, रोपण विधि, सिंचाई व्यवस्था एवं फसल प्रबंधन को समझा। किसानों ने औषधीय खेती को भविष्य के लिए लाभकारी बताते हुए इसे अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर



रमेश चंद जाट जिलाध्यक्ष, विनय सिंह ताखर जिला मंत्री, पोखर लाल जाट संभाग अध्यक्ष, रामस्वरूप धाकड़ प्रांतीय प्रतिनिधि, प्रभुलाल मीणा उपाध्यक्ष, बद्रीलाल जाट कोषाध्यक्ष, कान शंकर चौधरी उपतहसील अध्यक्ष बरवास, मूल सिंह तहसील अध्यक्ष टोंक, रामजीवन चौधरी तहसील अध्यक्ष पीपलू, निमलाल गुर्जर तहसील अध्यक्ष उनियारा, कन्हैयालाल गुर्जर, नंदलाल गुर्जर देवपुरा, बाबूलाल जाट, रामनिवास सेधरी, रतिराम रूपवास, रामसहाय धाकड़, नेहनू लाल जाट, प्रकाश चंद पलाई, राम अवतार सैनी, रामफूल चौधरी, विष्णु मीणा, रामहंस मीणा, रामलाल मीणा, रामकुमार चौधरी, मूलचंद बैरवा, हरिनारायण गुर्जर, शिवराज वैष्णव, रामदेव माली छान, भंवरलाल चौधरी, रामलाल बैरवा, रमेश चंद कुशवाहा, विक्रम यादव, राधाकिशन, लक्ष्मीनारायण गुर्जर सहित अनेक किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि वर्तमान समय में पारंपरिक फसलों की लागत बढने तथा उत्पादन घटने के कारण किसानों को औषधीय एवं जैविक खेती की ओर बढना होगा, जिससे कम पानी और कम लागत में अधिक आय प्राप्त की जा सकती है। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम किसानों के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होंगे।

### सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग का संदेश: कन्हैया लाल चौधरी

**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** शिव शिक्षा समिति द्वारा संचालित ''सपनों की उड़ान परियोजना'' के तहत दो दिवसीय फेलो प्रशिक्षण का आयोजन होटल हाई-वे स्थित देवली रोड़ टोंक में किया गया। इस अवसर पर राजस्थान सरकार के जन-स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भू-जल विभाग के कैबिनेट मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने किशोरियों से संवाद करते हुए कहा कि वर्तमान डिजिटल युग एवं बढ़ते अपराधों के समय में लड़कियों को सतर्क एवं सुरक्षित रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का सुरक्षित उपयोग करने तथा किसी भी व्यक्ति पर अंधा विश्वास न करने



का संदेश दिया। कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रभु लाल सैनी ने भी किशोरियों से संवाद करते हुए उनकी कहानियों को सुना तथा उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यशाला के दौरान संस्था सचिव डॉ. शिवजीराम यादव ने संस्था का परिचय देते हुए बताया कि यह परियोजना पीपलू तहसील की 25 पंचायतों के 118 गांवों की 6 हजार किशोरियों के साथ संचालित की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में शामिल 10 फेलो किशोरियाँ अपने-अपने गांवों में जाकर प्रत्येक सौ-सौ किशोरों के साथ जीवन कौशल सत्र आयोजित करेंगी। परियोजना अधिकारी सीताराम शर्मा ने परियोजना की विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी पूनम जोनवाल एवं अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## धौलपुर में 113 कर्मचारी मिले अनुपस्थित, भंडार शाखा के सभी 49 कर्मचारी भी शामिल

**धौलपुर (हुक्मनामा समाचार)।** नगर परिषद में कर्मचारियों की लगातार अनुपस्थिति की शिकायतों के बाद प्रशासन ने बुधवार को सख्त कार्रवाई की। नगर परिषद प्रशासक एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर हरिराम मीणा ने सुबह करीब 9:30 बजे ऑफिस का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई कमरों पर ताले लटके मिले। कुल 128 अधिकारियों और कर्मचारियों में से 113 अनुपस्थित पाए गए। इस पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने कड़ा रुख अपनाते हुए सभी अनुपस्थित कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जांच में सामने आया कि अग्निशमन विभाग के 8 में से 5 कर्मचारी अनुपस्थित थे, जबकि भंडार शाखा के सभी 49 कर्मचारी गैरहाजिर मिले। कार्यालय में कार्यरत 45 कर्मचारियों में से 29 अनुपस्थित पाए गए। गैराज में कार्यरत 13 में से 9 कर्मचारी नहीं मिले, और अग्निशमन के 15 ड्राइवरों में से 13 ड्राइवर भी अनुपस्थित पाए गए। निरीक्षण के समय नगर परिषद




आयुक्त एवं उपखंड अधिकारी कर्मवीर अवकाश पर थे। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने आयुक्त को निर्देश दिए कि अनुपस्थित कर्मचारियों का एक दिन का वेतन रोका जाए और नोटिस का संतोषजनक जवाब मिलने तक वेतन जारी न किया जाए। हरिराम मीणा ने बताया कि पिछले कई दिनों से कर्मचारियों के समय पर कार्यालय नहीं आने की शिकायतें मिल रही थीं, जिसके चलते यह कार्रवाई की गई है।

### गैस आपूर्ति के संबंध में नवीन दिशा-निर्देश जारी

# जिले में गैस की पर्याप्त उपलब्धता है और आमजन को घबराने की आवश्यकता नहीं है : जिला कलक्टर

**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** वर्तमान में मध्यपूर्व में चल रहे निरन्तर सघर्ष के कारण अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर एलपीजी एवं आपूर्ति श्रृंखला पर प्रतिकुल प्रभाव पड़ने की संभावना के दृष्टिगत भारत सरकार द्वारा गैस आपूर्ति संबंधी नवीन दिशा-निर्देश जारी किए गए है। जिला कलक्टर काना राम ने बताया कि जिले में गैस की पर्याप्त उपलब्धता है और आमजन को घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने रसद विभाग को निर्देश दिए कि अधिकारी अवैध भंडारण, रिफिलिंग और अनियमितता के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करें, आम जनता को परेशानी नहीं आने दें। जिले में एलपीजी एवं गैस संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिये 181, 112 व 14435 हैल्पलाईन नंबर 24 घंटे संचालित हैं एवं जिला रसद कार्यालय में कण्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है जिसके नं. 07462-294515 है। जिले में कहीं भी कृत्रिम संकट, काला बाजारी या जमाखोरी जैसी स्थिति ना पैदा हो इसके लिये प्रभावी कदम उठाये जा रहे है।

उन्होंने हैल्पलाईन पर प्राप्त शिकायतों की मॉनिटरिंग एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि निर्धारित अवधि के बाद रिफिलिंग हेतु आवेदन करने वाले उपभोक्ताओं को बिना विलंब के सेवा मिले। जिला कलक्टर ने निर्देश दिये कि जमाखोरों, अफवाह फैलाने वालों पर सख्त मॉनिटरिंग करते हुये कड़ी कार्यवाही करें, आमजन को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो और समस्या का त्वरित समाधान हो। जिला रसद अधिकारी रामभजन मीना ने बताया कि एलपीजी बुकिंग के संबंध में राज्य सरकार द्वारा जारी नये निर्देशानुसार 14.2 किलोग्राम गैस सिलेंडर अब ग्रामीण व शहरी दोनों क्षेत्रों में 45 के स्थान पर 25 दिन में बुकिंग होगी। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में ये बुकिंग अब 45 दिन बाद होगी। 05 किलोग्राम सिलेंडर नॉन उज्ज्वला 09 दिन बाद और उज्ज्वला 16 दिन बाद बुक होंगे। 10 किलोग्राम कम्पोजिट सिलेंडर की बुकिंग 18 दिन बाद होगी। जिला रसद



अधिकारी रामभजन मीना ने बताया कि 1 अप्रैल, 2026 को जिले में घरेलु गैस सिलेण्डरों के व्यवसायिक दुरूपयोग, अवैध भण्डारण के विरूद्ध जिला रसद अधिकारी के नेतृत्व में प्रवर्तन जांच दल द्वारा कार्यवाही करते हुऐ 18 गैस सिलेण्डर जब्त किए गए।। अवैध भण्डारण स्थल/प्रतिष्ठानों के विरूद्ध द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदान और वितरण का विनियमन) आदेश 2000 का उल्लघन करने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत प्रकरण दर्ज करते हुऐ नियमानुसार कार्यवाही अमल में लायी जावेगी।


**DR. BHIMRAO AMBEDKAR LAW UNIVERSITY**

(A State Funded University of Rajasthan), Plot No. 8, Dehni Kalan, JDA Institution Scheme, Bagru, Tehsil : Sanganer, Dist. : Jaipur-303007, (Rajasthan), E-Mail : registrar@alujaipur.ac.in

F.No. :- 11(1)Degree-Tender/ Exam/ALU/2025-26/9309 Date :- 25/03/2026

**NOTICE INVITING E-BID**

E-Bids for hiring of services for confidential printing and supply of Degree Certificates & Merit Certificates, are invited from interested bidders up to 06 April, 2026 time 2.00 p.m. Other particulars of Bid may be visited on procurement portal **http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in & www.alujaipur.ac.in** University website. Approximate value of procurement is Rs.22.00 lakhs.

**UBN : ALU2526SLOB00012**

Raj.Samwad/C/26/11 कुलसचिव

### प्रशासनिक तानाशाही के खिलाफ फूटा कार्मिकों का गुस्सा

## रुडसिको ईडी की नकारात्मक रिपोर्ट से मचा बवाल, बड़े आंदोलन की चेतावनी

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान के प्रशासनिक गलियारों में उस समय हड़कंप मच गया जब ऋष्ठस्द्धष्टह्ल (रुडसिको) के कार्यकारी निदेशक (श्वष्ठ) द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के संविदा कार्मिकों के खिलाफ एक बेहद संवेदनहीन और नकारात्मक रिपोर्ट पेश की गई। इस रिपोर्ट के सामने आते ही प्रदेश भर के सैंकड़ों स्रुञ्चष्ट और ष्टस्रुञ्चष्ट संविदा कार्मिकों का धैर्य जवाब दे गया है। कार्मिकों ने इसे प्रशासन की सीधे तौर पर 'पीठ में छुरा घोंपने' वाली कार्रवाई करार दिया है। एक आदेश जारी कर एक झटके में सभी कार्मिकों को बेरोजगार कर दिया। ऐसे में सभी लोगों व उनके परिवार का जीवन संकट में पड़ गया है। कार्मिकों ने तीखे शब्दों में कहा कि कार्यकारी निदेशक का यह रवैया न केवल तानाशाहीपूर्ण है, बल्कि उन युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है जिन्होंने अपनी मेहनत से केंद्र सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना को धरातल पर उतारा। कार्मिकों का आरोप है कि जब दिल्ली से लेकर जयपुर तक योजना के लिए बजट और काम की कोई कमी नहीं है, तो आखिर किसके इशारे पर अनुभवी स्टाफ को बाहर का रास्ता दिखाने की साजिश रची जा रही है? बिना नोटिस दिए ही सभी कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। योजना को 'पंगु' बनाने की तैयारी? कार्मिकों की ओर से चेतावनी दी गई है कि यदि अनुभवी और प्रशिक्षित कार्मिकों को हटाया गया, तो प्रधानमंत्री आवास योजना पूरी तरह ठप हो जाएगी। अधिकारियों का यह 'एकतरफा निर्णय' सीधे तौर पर उन गरीब लाभार्थियों पर हमला है जो अपने सिर पर छत का सपना देख रहे हैं। **'हम चुप नहीं बैठेंगे!'** कार्मिकों ने दो टूक शब्दों में कहा— 'कार्यकारी निदेशक अपनी नकारात्मक रिपोर्ट को तुरंत डस्टबिन में डालें और



सेवाओं को 30 सितंबर 2026 तक निरंतर रखने की फाइल आगे बढ़ाएं। वरना, कलम छोड़ो आंदोलन से लेकर सड़कों पर उतरने तक, हम हर उस हद तक जाएंगे जहां प्रशासन की ईंट से ईंट बजा दी जाएगी। 'समस्त कार्मिकों ने एकजुट होकर यह साफ कर दिया है कि यह लड़ाई अब सिर्फ रोजगार की नहीं, बल्कि आत्मसम्मान की है। यदि विभाग ने अपनी संवेदनहीनता नहीं त्यागी, तो जल्द ही विभाग के बाहर महापड़ाव और उग्र धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी विभाग और संबंधित अधिकारियों की होगी। सीधी चेतावनी : प्रशासन याद रखे कि संविदा कार्मिकों का यह आक्रोश केवल विभाग तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसे सरकार के उच्चतम स्तर तक ले जाया जाएगा।

### अशोक गहलोत ने एसएमएस कार्डियोलॉजी इंस्टीट्यूट के उद्घाटन में देरी पर सवाल उठाए

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने अपनी डिजिटल सीरीज 'इंतजार शास्त्र' की ताजा कड़ी में जयपुर के एसएमएस अस्पताल में कार्डियोलॉजी इंस्टीट्यूट के उद्घाटन में हो रही देरी पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने राज्य सरकार पर सार्वजनिक स्वास्थ्य की अनदेखी करने का आरोप भी लगाया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए भारतीय जनता पार्टी सरकार को संबोधित करते हुए गहलोत ने पूछा कि क्या निजी अस्पतालों को फायदा पहुंचाने के लिए राजस्थान के सरकारी अस्पतालों को सुनियोजित तरीके से कमजोर किया जा रहा है? इस प्रोजेक्ट का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि 50 करोड़ रुपए की लागत से बना कार्डियोलॉजी इंस्टीट्यूट बनकर तैयार है, लेकिन अभी तक इसका उद्घाटन नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि क्या भाजपा सरकार के पास एक तैयार इंस्टीट्यूट को खोलने का समय नहीं है? क्या राजनीतिक बदले की भावना लोगों की जान की कीमत पर भारी पड़ रही है? सरकार को लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करना बंद कर देना चाहिए।

पोस्ट के साथ शेयर किए गए एक वीडियो में इस सुविधा केंद्र की तस्वीरें दिखाई गईं और यह दावा किया गया कि इस देरी के कारण जनता को बेहद जरूरी सेवाओं से वंचित रहना पड़ रहा है। इसमें बताया गया कि कोविड-19 के बाद दिल से जुड़ी बीमारियां बढ़ गई हैं, और इस संस्थान को एक ही छत के नीचे संपूर्ण इलाज मुहैया कराने के लिए डिजाइन किया गया था। वीडियो



के अनुसार, इस सुविधा केंद्र में 250 बेड, पांच मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर और रोबोटिक एंजियोप्लास्टी जैसी आधुनिक सेवाएं शामिल हैं। यह प्रोजेक्ट अप्रैल 2022 में शुरू हुआ था और इसे जनवरी 2025 तक पूरा किया जाना था। हालांकि, गहलोत ने आरोप लगाया कि फिनिशिंग का काम अभी भी बाकी है, और निर्माण सामग्री परिसर के बाहर पड़ी हुई है। इस संस्थान के चालू होने की समय-सीमा अभी भी स्पष्ट नहीं है।

### राज्य बहाई परिषद की तीन दिवसीय बैठक का सफल समापन

## युवाओं की सक्रिय भागीदारी, एक वर्षीय कार्ययोजना तैयार, विशेषज्ञों ने दिया मार्गदर्शन

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान राज्य बहाई परिषद द्वारा आयोजित तीन दिवसीय महत्वपूर्ण बैठक का आज सफल समापन हुआ। 30 मार्च से 1 अप्रैल तक चली इस बैठक में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में बहाई मित्रों एवं समुदाय के सक्रिय सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैठक में आदरणीय सलाहकार दृगपाल सिंह एवं अनुभवी रिसोर्स पर्सन उमा शंकर की गरिमामयी उपस्थिति रही। दोनों वक्ताओं ने अपने अनुभव और मार्गदर्शन से प्रतिभागियों को प्रेरित किया तथा समुदाय के विकास के लिए नई दिशा प्रदान की। बैठक का मुख्य उद्देश्य बहाई समुदाय के समग्र विकास को सुदृढ़ बनाना था। इस दौरान गहन विचार-विमर्श कर आगामी एक वर्ष के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार की गई, जिससे गतिविधियों को अधिक प्रभावी और संगठित रूप से संचालित किया जा सके। कार्यक्रम में युवाओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही।

### खान विभाग जयपुर की टीम द्वारा खनिज परिवहन में

## अनियमितता पर 3 डंपर सहित 5 वाहन जब्त



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** खान विभाग की जयपुर टीम ने बुधवार को अवैध खनिज परिवहन पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 3 डंपर व 2 ट्रेक्टर टॉली जब्त कर आमेर व दौलतपुर थाने के सुपुर्द किया है। अधीक्षण खनि अभियंता जयपुर एनएस शक्तावत, अधीक्षण खनि अभियंता (सतर्कता) पीएस मीणा के निर्देशन में खनि अभियंता जयपुर श्याम कापड़ी की टीम ने खनिज चुनाई पत्थर के अवैध खनन, परिवहन, ई रवन्ना या ई टीपी में अंकित खनिज से अधिक खनिज परिवहन करने पर 4 वाहन जब्त कर पुलिस थाना आमेर की कुंडा चोकी के सुपुर्द किया गया है। इसी तरह से 1 वाहन पुलिस थाना दोलतपुरा की सुपुर्दगी में दिया गया है। खनि अभियंता जयपुर श्याम कापड़ी ने बताया कि ई टीपी से अधिक खनिज परिवहन पर संबंधित खनन पट्टाधारी को नोटिस जारी किये गये हैं और ओवरलोडिंग के संबंध में संबंधित क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को भी सूचित किया गया है। गौरतलब है कि आमेर क्षेत्र का रॉयल्टी ठेका की अवधि 31 मार्च को समाप्त हो जाने के कारण खान विभाग की टीम द्वारा रॉयल्टी अपवंचन रोकने के लिए विभागीय टीमों द्वारा निरंतर राउंड द क्लॉक चेकिंग शुरु की गई है। खान विभाग की जयपुर टीम द्वारा की गई कार्रवाई में खनि कार्यदेशक विश्राम मीणा, जैद अली, अरुण कुमार, मुनीश शर्मा, सोनू अवस्थी एवं सुधीर कुमार शामिल थे।

### जयपुर डिस्कॉम ने बनाया 26 वर्ष में सर्वाधिक राजस्व संग्रहण का रिकॉर्ड

## हासिल किया 102 प्रतिशत राजस्व, वसूल किए पुराने बकाया 599 करोड़

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए संकल्पित है। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के निर्देशन में जयपुर विद्युत वितरण निगम ने इस बार राजस्व संग्रहण के मामले में अपने पूर्व के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 में निगम की कुल राजस्व वसूली 29,462 करोड़ रूपए से अधिक रही। कुल बिलिंग राशि 28,863 करोड़ रूपए से यह 599 करोड़ रूपए अधिक है। इसका तात्पर्य यह है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में निगम ने जितनी बिजली उपभोक्ताओं को दी, उसकी शत-प्रतिशत राशि तो वसूल की ही, बकाया 599 करोड़ रूपए भी पुराने बकायादारां से वसूल कर लिए। इस प्रकार जयपुर डिस्कॉम ने 102 प्रतिशत राजस्व अर्जित करने में सफलता प्राप्त की है। यह निगम के 26 वर्षों के इतिहास में अब तक का सर्वाधिक राजस्व संग्रहण है। इससे पूर्व वित्तीय वर्ष 2017-18 में सर्वाधिक 101.02 प्रतिशत राजस्व अर्जित किया गया था। **भरतपुर जोन ने प्राप्त किया सर्वाधिक राजस्व** निगम के तीनों जोन में सर्वाधिक 104.63 प्रतिशत राजस्व भरतपुर जोन ने प्राप्त किया है। इसके बाद कोटा जोन ने 103.64 प्रतिशत तथा जयपुर जोन ने 101.32 प्रतिशत राजस्व अर्जित किया है। भरतपुर जोन में सर्वाधिक वसूली होना अधिक उत्साहजनक इसलिए है क्योंकि, इस जोन के भरतपुर, डीग, धौलपुर, करौली आदि जिलों में राजस्व संग्रहण हमेशा चुनौतीपूर्ण रहा है। यहां पीडीसी उपभोक्ताओं से बकाया वसूली तथा विद्युत चोरी के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की गई।

लंबे समय से अटके पड़े बिजली चोरी के बकाया प्रकरणों का लोक अदालतों के माध्यम से सहमति के जरिए निस्तारण कराया गया। बकाया बिल जमा नहीं कराने वाले पीडीसी उपभोक्ता किसी अन्य परिजन के नाम से कनेक्शन नहीं ले पाएं। यह व्यवस्था सुनिश्चित की गई। नतीजा यह हुआ कि पीडीसी उपभोक्ताओं ने बकाया चुकाना मुनासिब समझा। बेहतर विद्युत आपूर्ति के साथ-साथ शत-प्रतिशत बिलिंग एवं शत-प्रतिशत वसूली को प्राथमिकता दी गई। इसी का परिणाम रहा कि राजस्व वसूली के लिहाज से ऐसे कठिन जिलों में इस बार लगभग 4 प्रतिशत से अधिक राजस्व संग्रहण हुआ। **108 प्रतिशत से अधिक संग्रहण के साथ करौली सर्किल टॉप पर** निगम के सभी 18 सर्किलों ने इस बार शत-प्रतिशत राजस्व अर्जित किया है। इनमें करौली ने सर्वाधिक 108.80 प्रतिशत, बूंदी ने 105.66 प्रतिशत, कोटा ने 104.08 प्रतिशत, भरतपुर सर्किल ने 103.75 प्रतिशत तथा धौलपुर एवं सवाई माधोपुर सर्किल ने 103.71 प्रतिशत की वसूली की है। इसी प्रकार बारां ने 103.19 प्रतिशत, डीग ने 102.55 प्रतिशत, दौसा ने 102.36 प्रतिशत, जयपुर सिटी साउथ ने 102.05 प्रतिशत, जयपुर सिटी नॉर्थ ने 102 प्रतिशत, टोंक एवं झालावाड़ ने 101.77 प्रतिशत, अलवर ने 101.46 प्रतिशत, कोटपूतली ने 101.08 प्रतिशत, जयपुर जिला उत्तर ने 101 प्रतिशत, जयपुर जिला दक्षिण ने 100.50 प्रतिशत तथा भिवाड़ी ने 100.52 प्रतिशत राजस्व संग्रहित किया है।

# न्यूज विंडो

### पशुपालन विभाग की बजट समीक्षा बैठक

## योजनाओं की शत-प्रतिशत पालना पर जोर



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि बजट घोषणाओं के सभी कार्य समय पर और पूर्ण रूप से पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार पशुपालकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत 35 लाख पशुओं का पंजीकरण और 19 लाख बीमा पॉलिसी जारी हो चुकी हैं। मोबाइल वेटरिनरी यूनिट से 62 लाख पशुओं का उपचार किया गया। मंत्री ने बीमा दावों के शीघ्र निस्तारण और सेवाओं के विस्तार के निर्देश दिए। उन्होंने एफएमडी टीकाकरण अभियान को 16 मई तक पूरा करने, लंपी जैसी बीमारियों की रोकथाम और दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। साथ ही 2026-27 की बजट घोषणाओं को गुणवत्तापूर्ण ढंग से लागू करने के निर्देश भी दिए।

### विश्व ऑटिज़्म जागरूकता दिवस

## ऑटिज़्म जागरूकता के लिए हो सभी स्तरों पर प्रयासः राज्यपाल

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने विश्व ऑटिज़्म जागरूकता दिवस (2 अप्रैल) पर विद्यालयों और कार्यस्थलों में छात्रों और सहकर्मियों को शिक्षित करने का आह्वान किया है। उन्होंने ऑटिज्म से ग्रसित लोगों के प्रति अधिक सकारात्मक और स्वीकार्य होने पर जोर दिया है। राज्यपाल ने कहा कि हर जीवन का महत्व है। ऑटिज्म के प्रति सामुदायिक जागरूकता हम सबका सामूहिक दायित्व है। इसी से ऑटिज़्म से ग्रसित व्यक्तियों को जीवन के सभी क्षेत्रों में समान पहुँच, समर्थन और समावेश का अधिकार मिल सकेगा।

## एमडी ड्रग फैक्ट्री चलाने वाला 25 हजार का इनामी तस्कर गिरफ्तार

**झालावाड (हुक्मनामा समाचार)।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन में झालावाड़ पुलिस द्वारा मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे कड़े अभियान के तहत सुनेल थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने एमडी ड्रग फैक्ट्री संचालित करने वाले गिरोह के मुख्य सदस्य और 25 हजार रुपये के इनामी अपराधी दिनेश सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। यह आरोपी पिछले ढाई महीने से पुलिस की आंखों में धूल झोंक कर फरार चल रहा था। एसपी अमित कुमार ने बताया कि 17 जनवरी 2026 को भवानीमंडी थानाधिकारी प्रमोद कुमार द्वारा मिश्रोली थाना क्षेत्र के ग्राम आमलिया का खेड़ा में दबिश दी गई थी। यहाँ तस्करों ने मवेशियों की टापरी की आड़ में अवैध एमडी बनाने की फैक्ट्री लगा रखी थी। उस समय पुलिस ने मौके से 710 ग्राम एमडी तरल पदार्थ और 780 ग्राम गीला एमडी,भारी मात्रा में ड्रग बनाने का केमिकल और उपकरण और तस्करी में प्रयुक्त अल्टो कार और मोटरसाइकिल जब्त की थी। इस मामले में मुख्य आरोपी गोपाल सिंह, नरेंद्र सिंह और दिनेश सिंह मौके से फरार हो गए थे, जिन पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। **यूं बिछाया गया जाल** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भागचंद मीणा एवं वृत्ताधिकारी पिडावा पूजा नागर के सुपरविजन में सुनेल थानाधिकारी विष्णु सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया।

### अजमेर पुलिस का ऑपरेशन क्लीन

## 24 घंटे में दो बड़ी कार्यवाहियां, अवैध पिस्टल और देशी कट्टे के साथ दो बदमाश गिरफ्तार

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार प्रदेश भर में वांछित अपराधियों और अवैध हथियारों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक अजमेर हर्षवर्धन अग्रवाला के निर्देशन में गांधीनगर और रामगंज थाना पुलिस ने दो अलग-अलग कार्यवाहियों में अवैध हथियारों की तस्करी और परिवहन करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से हथियार बरामद किए हैं। **चकला मार्केट के पास देशी कट्टे के साथ आरोपी गिरफ्तार** सहायक पुलिस अधीक्षक किशनगढ़ शहर डॉ. अजेय सिंह राठौड़ के सुपरविजन में थानाधिकारी गांधीनगर संजय शर्मा के नेतृत्व में गठित टीम और साइबर सेल अजमेर ने संयुक्त कार्यवाही को अंजाम दिया। मंगलवार को गश्त और चेकिंग के दौरान सर्विस लेन चकला मार्केट के आगे संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार इकबाल पुत्र कयूम अली निवासी मोरडा, जयपुर ग्रामीण को रोका गया।

## ग्रामीण विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु समीक्षा बैठक आयोजित

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप ग्रामीण विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में बुधवार को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। शासन सचिव, ग्रामीण विकास विभाग कृष्ण कुणाल द्वारा राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। बैठक के दौरान विभिन्न योजनाओं की प्रगति, उनके जमीनी स्तर पर प्रभाव एवं क्रियान्वयन की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली गई। सचिव महोदय ने विभाग की कार्यप्रणाली को विस्तार से समझते हुए योजनाओं के संचालन में आ रही चुनौतियों एवं सुधार की संभावनाओं पर भी चर्चा की। उन्होंने पारदर्शिता, समयबद्धता एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया, जिससे लाभार्थियों तक योजनाओं का




अधिकतम लाभ सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में योजनाओं के प्रभावी मॉनिटरिंग, समन्वय एवं नवाचारों को बढ़ावा देने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए। यह बैठक विभागीय कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा राज्य में समावेशी एवं सतत ग्रामीण विकास को गति प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## लोकतंत्र बचाने के लिए कांग्रेस का बड़ा अभियान, 5 लाख नए पदाधिकारियों को जोड़ने का लक्ष्य

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने प्रदेशभर में 'संगठन बढ़ाओ-लोकतंत्र बचाओ' अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान के तहत प्रदेश के सभी नगर निकायों के वार्डों और ग्राम पंचायतों में कांग्रेस कमेटियों का गठन किया जाएगा तथा करीब 5 लाख नए पदाधिकारियों को जोड़ा जाएगा। यह अभियान 30 दिनों तक चलेगा, जिसमें कार्यकर्ता आमजन के बीच जाकर जनजागरण करेंगे। प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने जयपुर स्थित कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बातचीत में राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार नगर निकाय और पंचायती राज चुनाव नहीं करवाकर लोकतंत्र को कमजोर कर रही है। उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर लंबे समय से चुनाव नहीं हुए हैं और प्रशासक नियुक्त कर स्थानीय विकास कार्यों को ठप कर दिया गया है। डोटासरा ने बताया कि राजस्थान उच्च न्यायालय ने 15 अप्रैल से पहले चुनाव कराने का आदेश दिया था, लेकिन सरकार अब भी बहाने बना रही है।

ओबीसी आयोग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए चुनाव टालना सरकार की विफलता है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार रिपोर्ट न आने पर भी चुनाव रोके नहीं जा सकते। उन्होंने मतदाता सूची को लेकर भी सवाल उठाए और आरोप लगाया कि सरकार शुद्ध सूची के बजाय पुरानी सूची से चुनाव कराना चाहती है। कांग्रेस जल्द ही चुनाव आयोग को ज्ञापन देगी और जरूरत पड़ने पर हाईकोर्ट में याचिका दायर करेगी। अभियान के तहत 1 से 30 अप्रैल तक प्रदेशभर में बैठकों, विरोध-प्रदर्शनों और जनसभाओं का आयोजन किया जाएगा, ताकि लोकतंत्र की रक्षा के लिए जनसमर्थन जुटाया जा सके।

### अजमेर पुलिस की बड़ी सफलता

## 12 साल से फरार जयपुर का हार्डकोर हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** महानिरीक्षक पुलिस अजमेर रेंज राजेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अजमेर हर्षवर्धन अगरवाला के विशेष निर्देशन में जिले में वांछित अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत श्रीनगर थाना पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस टीम ने पिछले 12 वर्षों से फरार चल रहे शातिर हिस्ट्रीशीटर और हार्डकोर अपराधी अशोक जाट को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। यह पूरी कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक केकड़ी राजेश कुमार मील एवं पुलिस उप अधीक्षक नसीराबाद कृष्ण कुमार के कुशल मार्गदर्शन में थानाधिकारी पारूल यादव के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा अंजाम दी गई। गिरफ्तार आरोपी अशोक पुत्र जगदीश प्रसाद जाट (31) निवासी बिन्दायका जयपुर साल 2014 के एक जानलेवा हमले के मामले में वांछित था। न्यायालय से जमानत मिलने के बाद से ही आरोपी लगातार फरार चल रहा था। आरोपी अशोक जयपुर के बिन्दायका थाने का घोषित हिस्ट्रीशीटर है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लंबे समय से तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिरों के माध्यम से तलाश कर रही थी।

## राजस्थान के खेल जगत में 'स्वर्ण युग' की शुरुआत; मुख्यमंत्री ने दी युवा शक्ति को नई उड़ान

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने प्रदेश की युवा शक्ति और खेल प्रतिभाओं को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए एक व्यापक रोडमैप तैयार किया है। युवा मामले एवं खेल विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 में अर्जित की गई उपलब्धियों और आगामी वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तावित महत्वाकांकार्ययोजना ने राजस्थान को खेलों के मानचित्र पर एक अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं। मुख्यमंत्री के इस दूरदर्शी विजन का ही परिणाम है कि प्रदेश में न केवल बुनियादी खेल ढांचा मजबूत हो रहा है, बल्कि खिलाड़ियों के सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा की दिशा में भी ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं। बीते वित्तीय वर्ष 2025-26 में सरकार ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के सफल आयोजन के साथ अपनी प्रबंधकीय कुशलता का लोहा मनवाया। वहीं, प्रदेश के सभी जिलों में 'वन डिस्ट्रिक्ट वन स्पोर्ट्स' नीति को पूरी तरह लागू कर स्थानीय प्रतिभाओं को उनके ही क्षेत्र में आगे बढ़ने के अवसर प्रदान किए गए। युवा नीति-2026 के शुभारंभ और 'फिट राजस्थान' अभियान के जरिए सरकार ने जन-जन को स्वास्थ्य और खेल के प्रति जागरूक किया है। विशेष रूप से खिलाड़ियों के लिए शुरू की गई बीमा योजना और अनुदान सहायता ने प्रदेश के एथलीटों को एक सुरक्षित भविष्य का भरोसा दिया है। भविष्य की तैयारियों को देखते हुए मुख्यमंत्री ने वर्ष 2026-27 के लिए 271 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया है, जो सीधे तौर पर खेल सुविधाओं के विस्तार पर खर्च होगा। इस कार्ययोजना के तहत प्रदेश में 23 नए स्टेडियमों का निर्माण और 15 मौजूदा स्टेडियमों का आधुनिकीकरण किया जाना प्रस्तावित है। खेल शिक्षा को नया आयाम देने के लिए 'महाराणा प्रताप खेल विश्वविद्यालय' की स्थापना और उच्च स्तरीय प्रशिक्षण के लिए 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' व 'फिजिकल रिहैब सेंटर' विकसित किए जा रहे हैं। सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक और मल्टीपर्पज इनडोर हॉल्स की संख्या में भारी बढ़ोतरी कर सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि हमारे खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की ट्रेनिंग मिल सके। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का लक्ष्य केवल ढांचागत विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि 'खेलो राजस्थान यूथ गेम्स', 'टैलेंट हंट' और 'टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना' के प्रभावी क्रियान्वयन से प्रदेश के खिलाड़ियों को पोडियम तक पहुँचाना है। संभाग स्तर के साथ-साथ सीकर जैसे जिलों में 'युवा साथी केंद्रों' का विस्तार इस बात का प्रमाण है कि सरकार युवाओं की पहुंच और सुविधाओं के विकेंद्रीकरण के प्रति गंभीर है। यह समग्र प्रयास न केवल राजस्थान की खेल संस्कृति को बदलेंगे, बल्कि आगामी वर्षों में प्रदेश की युवा ऊर्जा को एक नई और सकारात्मक दिशा प्रदान करेंगे।

## कुलाधिपति बागडे ने जारी किए नियुक्ति आदेश

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने आदेश जारी कर प्रो. रमन कुमार दवे को राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर के कुलगुरु पद पर नियुक्त किया है। बागडे ने राज्य सरकार के परामर्श से यह आदेश जारी किया है। कुलगुरु पद पर यह नियुक्ति प्रो. रमन कुमार दवे के कार्यभार संभालने की तिथि से 3 वर्ष या 70 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक इनमें से जो भी पहले के लिए की है।


स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रदीप लोढ़ा द्वारा एफ बी-3, करतारपुरा इंडस्ट्रियल एरिया रोड नंबर-4, जयपुर से मुद्रित एवं जी 1, एफ ब्लॉक गणपति एनक्लेव अजमेर रोड जयपुर से प्रकाशित। फोन (0141) 2220403, 2220405,2220060,8824399949-59 संपादक - प्रदीप लोढ़ा, प्रबंध संपादक - वैभव लोढ़ा, जोधपुर कार्यालय -902, तीसरी ई रोड, सरदारपुरा, जोधपुर। फोन 2433621, अजमेर कार्यालय- पीली कोठी, जयपुर गोल्डन, जयपुर रोड, अजमेर।

## सम्पादकीय...

### हर मोर्चे पर ईरान भारी



अमेरिका और इजरायल ईरान के खिलाफ मिलकर लड़ रहे हैं तथा युद्ध को 34 दिन हो गए हैं दोनों ही तरफ से सैकड़ो जान चली गई है हजारों घायल हो गए हैं और अरबों खरबों की संपत्ति नष्ट हो गई है। बड़ी संख्या में दोनों तरफ से विमान खत्म हो गए हैं अन्य साज सामान नष्ट हो गए हैं। लेकिन अब तक का जो निचोड़ सामने आया है उससे साफ है कि ईरान इन दोनों देशों पर सामरिक दृष्टि से आर्थिक दृष्टि से सैन्य दृष्टि से कूटनीतिज्ञ दृष्टि से राजनीतिक दृष्टि से और रणनीति में भारी पड़ रहा है। अमेरिका विश्व का नंबर एक देश था उसका पूरा दबदबा चलता था लेकिन वह इस युद्ध में भीगी बिल्ली बन गया है। उसका कई साल का दबदबा टूट गया है उसका घमंड चूर-चूर हो गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पूरी तरह बौखला रहे हैं उनके हर घंटे नए स्टेटमेंट आ रहे हैं पूरी दुनिया में उनका मजाक बन रहा है अमेरिका का समुद्री क्षेत्र में 50 साल से दबदबा था आज स्थिति यह है कि वह अपने बड़े जंगी जहाज को ईरान की मार से बचाने की कोशिश कर रहा है। अरब देशों में उसके बनाए हुए मिलिट्री एयर स्पेस तबाह हो चुके हैं ईरान का कहर देखने के बाद उन सारे देशों ने अमेरिका को कह दिया है कि अपने सैनिकों को हटाओ हमारे यहां से एयर स्पेस से निर्माण का संचालन बंद करो हम नहीं करने देंगे ईरान ने भी चुन चुन कर और एअर स्पेस पर हमला किया है, स्पेन फ्रांस सहित कई देश मना कर चुके हैं कि अमेरिका के सैनिक विमान को उनके देश की धरती से नहीं उड़ने देंगे। ईरान ने हार्मुज रास्ते पर आवागमन पर प्रतिबंध लगा दिया है पूरी दुनिया में तेल की सप्लाई ठप कर दी है वह उन देश के जहाज को आने दे रहा है जो अमेरिका के खिलाफ है और उसके साथ हैं अब तो उसने टैक्स की वसूली भी चालू कर दी है। ईरान द्वारा जिस तरह की मिसाइल का उपयोग किया जा रहा है उसने अमेरिका की नींद उड़ा दी है अब तक 4000 किलोमीटर दूर तक मार करने वाली मिसाइल का उसमें उपयोग कर लिया है जबकि दुनिया को पता था कि ईरान के पास 2000 किलोमीटर तक की मार करने वाली मिसाइल ही मौजूद है अब कहां जा रहा है कि 4000 किलोमीटर की तो मिसाइल से उसने अमेरिका और ब्रिटेन का एयर बेस उड़ा दिया अभी भी उसके निशाने पर कोई अमेरिकी सैनिक ठिकाने हैं ईरान के खिलाफ अमेरिका को युद्ध के लिए भड़काने वाला इसराइल और उसकी राष्ट्रपति नेतन्याहू जिंदा है या मर गए कुछ पता नहीं लग रहा है इसराइल को तो पूरा बर्बाद कर दिया गया है ईरान ने उसके चारों ओर मजबूत घेराबंदी कर दी है।

*वैभव लोढ़ा...*

## इतिहास में आज

1912 : आरएमएस टाइटैनिक का समुद्री परीक्षण शुरू हुआ था.
1984 : अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा, मिशन सोयूज टी-11 के तहत अंतरिक्ष जाने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री बने.
1999 : मास्को में स्वतंत्र राष्ट्रों के राष्ट्रकुल (सीआईएस) की शिखर बैठक सम्पन्न हुई थी.
2011: भारत ने 1983 में पहले वर्ल्ड कप जीतने के बाद आज ही के दिन दूसरी बार वर्ल्ड कप जीता था.

*-धर्म चंद मेहता*

## क्रॉस फायर

❑ट्रंप ने कहा हार्मुज के रास्ते नहीं मिल रहा है तेल तो अमेरिका से खरीदें ।
◆गारंटी कौन लेगा की तेल मिल जाएगा।

❑राहुल गांधी बोले मोदी सरकार की स्मार्ट सिटी योजना धोखा साबित हुई।
◆भ्रष्टाचार का पर्यायवाची भी बन गई।

❑फ्रांस इटली ने भी अमेरिकी सैनिक विमानो को ए यर स्पेस देने से किया मना।
◆फोन घर बैठे मुसीबत मोल लेगा

❑ईरान ने अमेरिकी कंपनियों पर हमले की धमकी दी।
◆यह भी युद्ध की एक रणनीति है ।

❑संसद में पेश कैग रिपोर्ट में खुलासा जवानों के वेतन भत्तों में दिक्कत तो कई सैन्य अस्पताल भी खस्ताहाल।
◆फिर हथियार खरीदने का क्या मतलब।

❑बिहार के नालंदा में शीतलाष्टमी मंदिर में भगदड़ से आठ लोगों की मौत।
◆मोक्ष की प्राप्ति हो गई।

❑राहुल गांधी का दावा एक दो महीने में वित्तीय भूकंप आने वाला है।
◆शुभ शुभ बोल सारी बातें सच्ची होती है।

❑फर्जी सिलिकोसिस सर्टिफिकेट पर 12 करोड़ उठाए , दो डॉक्टर गिरफ्तार।
◆इलाज करने के लिए डॉक्टर बने या बेमानी करने के लिए।

*.............अंजू लोढ़ा*

## आज का राशिफल

### गुरुवार 02 अप्रैल, 2026

**मेष राशि:** आज परिवार के सदस्यों से पूर्ण सहयोग मिलेगा। धन प्राप्ति के अच्छे संयोग बने हैं। वाणी पर संयम बनाए रखें ताकि शुभ फल प्राप्त होता रहे। व्यवसाय के क्षेत्र में आपको लाभ, मान और प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी।

**वृषभ राशि:** पुरानी समस्याओं का अंत होगा। नौकरी में अधिकारियों से सहयोग एवं कार्य करने के लिए उत्साह बना रहेगा। आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

**मिथुन राशि:** खर्च और कर्ज आज आपकी चिंता का कारण बन सकता है इसलिए सोच-समझकर कार्य करें, अनावश्यक खर्च से बचें। कार्यों में बाधाएं आ सकती हैं। वाद-विवाद के दौरान मानहानि न हो, इसका ध्यान रखें।

**कर्क राशि:** आज दिन मंगलमय बीतेगा। विशेष लाभ के योग बन रहे हैं। कार्यों की पूर्णता होगी। जोखिमपूर्ण निवेश में भी लाभ होगा। स्वादिष्ट भोजन और नए वस्त्राभूषणों की खरीदारी होगी।

**सिंह राशि:** आज दिनभर कार्य की व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान और यश में वृद्धि होगी। पूजा-पाठ से मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में सहयोग प्राप्त होगा। बीमार व्यक्ति को रोग से मुक्ति मिलेगी।

**कन्या राशि:** आध्यात्मिक सुख एवं सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा। भाग्य आज आपका साथ देने के लिए तत्पर है। नए अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला राशि:** आज दूर की यात्रा न करें। वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं। अजनबी लोगों पर भरोसा न करें वर्ना लेने के देने पड़ सकते हैं। माता-पिता के साथ मतभेद हो सकता है।

**वृश्चिक राशि:** आज आपको जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। प्रिय व्यक्तियों का साथ मिलेगा। शेयर में निवेश कर सकते हैं, लाभ होगा। मौज-शौक के साधन तथा मनोरंजन के पीछे आज पैसे खर्च करेंगे।

**धनु राशि:** आज उन्नतिदायक दिन होगा। अचानक कोई शुभ समाचार या रुका हुआ धन प्राप्त होगा। शत्रु पराजित होंगे। घर में भाई-बहनों के साथ मेल-मिलाप रहेगा।

**मकर राशि:** मनोरंजन कार्य में समय अधिक व्यतीत होगा। बुद्धि-विवेक से सफलता आज आपके कदम चूमेगी। मित्रों, सगे-संबंधियों के साथ बाहर जा सकते हैं।

**कुम्भ राशि:** आज वाद-विवाद में न पड़ें अन्यथा विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। क्रोध व वाणी पर नियंत्रण रखना अति आवश्यक है।

**मीन राशि:** आत्मविश्वास एवं पराक्रम वृद्धि के कारण सफलता प्राप्त होगी। मेहनत के अनुपात में लाभ प्राप्त होगा। बुजुर्गों और उच्च पदाधिकारियों की कृपादृष्टि रहने के कारण आप मानसिक रूप से किसी भी प्रकार के बोझ से मुक्त होंगे।



राजेन्द्र गुप्ता
ज्योतिषी और हस्तरेखाविद, मो. 9611312076

नोट- अगर आप अपना भविष्य जानना चाहते हैं तो दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करके या इसी व्हाट्स एप नम्बर पर मैसेज भेजकर पहले शर्तें जान लेवें, इसी के बाद अपनी बर्थ डिटेल और हैंडप्रिंट्स भेजें।

# मजबूत सड़कें, खुशहाल राजस्थान: भजनलाल सरकार का इंफ्रास्ट्रक्चर विज़न

राजस्थान में विकास की रफ्तार अब सड़कों के जरिए नई ऊंचाइयों को छू रही है। सार्वजनिक निर्माण विभाग के माध्यम से भजनलाल सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करते हुए यह साबित कर दिया है कि मजबूत सड़क नेटवर्क ही समृद्ध अर्थव्यवस्था की नींव होता है। राज्य सरकार का स्पष्ट लक्ष्य है—हर गांव, हर ढाणी और हर शहर को बेहतर कनेक्टिविटी से जोड़कर 'विकसित राजस्थान' के सपने को साकार करना।

**'वित्तीय अनुशासन और प्रभावी क्रियान्वयन'** वित्तीय वर्ष 2025-26 में सार्वजनिक निर्माण विभाग को 12,500 करोड़ का बजट आवंटित किया गया, जिसमें से 11,823 करोड़ का व्यय कर लगभग 95 प्रतिशत बजट का सफल उपयोग किया गया। यह आंकड़ा न केवल वित्तीय अनुशासन को दर्शाता है, बल्कि यह भी बताता है कि सरकार योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है।

**'सड़क अवसंरचना में ऐतिहासिक प्रगति'** राज्य में सड़क निर्माण और उन्नयन के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। वर्ष 2025-26 में कुल 5,778 किलोमीटर नई सड़कों का निर्माण किया गया, जबकि 2,502 किलोमीटर राज्य राजमार्गों एवं जिला सड़कों का विकास किया गया। इसके साथ ही 6,496 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण और नवीनीकरण कर ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात को सुगम बनाया गया। सरकार ने 3,000 किलोमीटर से अधिक ग्रामीण और अन्य जिला सड़कों ओडीआर को प्रमुख जिला सड़कों एमडीआर में अपग्रेड कर कनेक्टिविटी के स्तर को एक नई ऊंचाई दी है। यह कदम ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति



देने में महत्वपूर्ण साबित होगा।

**'ग्रामीण कनेक्टिविटी को मिला नया आयाम'** राज्य सरकार ने गांव-गांव तक सड़क पहुंचाने के संकल्प को मजबूती से निभाया है। जनगणना 2011 के तहत 223 और उसके बाद की 212 बसावटों को मुख्य सड़कों से जोड़ा गया। साथ ही 12 नई बसावटों तक सड़क पहुंचाकर विकास के दायरे को और विस्तारित किया गया।

**'प्रमुख परियोजनाओं में तेजी'** अटल प्रगति पथ जैसी फ्लैगशिप योजना के तहत 175 परियोजनाओं को पूरा किया गया। इसके अलावा 5 रेलवे ओवरब्रिज , 3 रेलवे अंडरब्रिज और 4 उच्च स्तरीय पुलों का निर्माण कर यातायात को सुचारू और सुरक्षित बनाया गया। ये परियोजनाएं न केवल समय की बचत करती हैं, बल्कि दुर्घटनाओं को कम करने में भी सहायक हैं।

**'एक्सप्रेसवे: भविष्य की दिशा'** राजस्थान में एक्सप्रेसवे विकास को लेकर भी सरकार गंभीर है। 9 एक्सप्रेसवे परियोजनाओं पर डी पी आर का कार्य जारी है, जिनमें से 7 पीडब्लूडी और 2 NHAI के अंतर्गत हैं। पीडब्लूडी के 2 एक्सप्रेसवे के लिए भूमि अधिग्रहण की धारा 4 की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है, जो भविष्य में तेज रफ्तार परिवहन का आधार बनेगी।

**'2026-27: और बड़े लक्ष्य, और तेज विकास'** सरकार ने आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए और भी महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किए हैं। 15,078 करोड़ के बजट के साथ राज्य की कनेक्टिविटी को विश्वस्तरीय बनाने का रोडमैप तैयार किया गया है। नई सड़कों के 6,000 किलोमीटर निर्माण, 2,600 किलोमीटर राजमार्ग विकास और 6,800 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों के नवीनीकरण का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही 2,000 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों को स्ष्ठक्र में अपग्रेड करने की योजना है।

**'हर बसावट तक सड़क: PMGSY का विस्तार'** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (PMGSY) के तहत 900 नई बसावटों को जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिससे दूरदराज के क्षेत्रों को भी मुख्यधारा से जोड़ा जा सके।

**'नई परियोजनाओं का विस्तार'** अटल प्रगति पथ के तहत 250 नई परियोजनाओं को पूरा करने का लक्ष्य है। इसके अलावा 11 ऋश्चक्र, 12 ऋक्क और 8 उच्च स्तरीय पुलों के निर्माण की योजना से राज्य में यातायात नेटवर्क और मजबूत होगा।

**'एक्सप्रेसवे का अगला चरण'** 9 एक्सप्रेसवे परियोजनाओं की DPR तैयार करने और 2 एक्सप्रेसवे के लिए भूमि अधिग्रहण (धारा 19) की प्रक्रिया पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। यह कदम राजस्थान को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स हब के रूप में स्थापित करने में सहायक होगा।

**'निष्कर्ष: विकास की सड़कों पर दौड़ता राजस्थान'** भजनलाल सरकार की नीतियां स्पष्ट रूप से यह दर्शाती हैं कि बुनियादी ढांचे का विकास केवल निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आर्थिक प्रगति, रोजगार सृजन और सामाजिक समृद्धि का माध्यम भी है। मजबूत सड़क नेटवर्क से जहां उद्योगों को गति मिलेगी, वहीं किसानों, व्यापारियों और आम नागरिकों के जीवन में भी सकारात्मक बदलाव आएगा। 'मजबूत सड़कें, खुशहाल राजस्थान' केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक दूरदर्शी सोच है—जो प्रदेश को विकास के नए युग में प्रवेश कराने का मार्ग प्रशस्त कर रही है।

# आज हनुमान जन्मोत्सव विशेष: 'जय हनुमान ज्ञान गुन सागर, जय कपीस तिहुँ लोक उजागर'

**जयदेव राठी**

भारतीय सनातन संस्कृति अपने भीतर जितनी व्यापक है, उतनी ही गहन भी। यह केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन के प्रत्येक आयाम को दिशा देने वाली एक शाश्वत परंपरा है। इसी परंपरा में हनुमान जयंती का पर्व अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। यह दिन हनुमान के अवतरण का उत्सव है, किंतु इससे कहीं अधिक यह उनके आदर्शों—भक्ति, बल, सेवा और विनम्रता—को आत्मसात करने का अवसर भी है।

वर्तमान युग में, जब मानवीय मूल्यों में निरंतर क्षरण दिखाई देता है, तब हनुमान जयंती हमें हमारी जड़ों से पुनः जुड़ने का आह्वान करती है। सनातन संस्कृति में हनुमान जी को संकटमोचक कहा गया है—अर्थात् वे जो संकटों को दूर करते हैं। परंतु यह केवल दैवीय शक्ति का प्रतीक नहीं, बल्कि यह संदेश भी है कि मनुष्य यदि अपने भीतर निहित शक्ति को पहचान ले, तो वह हर संकट से उबर सकता है। हनुमान जी का जीवन इसी आत्मबल और आत्मविश्वास का अद्भुत उदाहरण है। जब रामायण में समुद्र लांघने का प्रसंग आता है, तब प्रारंभ में वे अपनी शक्ति को भूल जाते हैं। परंतु जाम्बवन्त के स्मरण कराने पर वे अपने वास्तविक सामर्थ्य को पहचानते हैं और असंभव को संभव कर दिखाते हैं। यह प्रसंग आज के मनुष्य के लिए एक गहन प्रेरणा है—कि आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी है।

हनुमान जी की भक्ति का स्वरूप अद्वितीय है। उन्होंने अपने जीवन को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की सेवा में समर्पित कर दिया। यह भक्ति निष्काम थी—न उसमें कोई अपेक्षा थी, न कोई अहंकार। यही कारण है कि वे केवल एक भक्त नहीं, बल्कि आदर्श सेवक के रूप में पूजनीय हैं।

रामचरितमानस में उनका यह भाव अत्यंत सुंदर ढंग से व्यक्त हुआ है,

'प्रभु चरित्र सुनिबे को रसिया।



राम लखन सीता मन बसिया॥'

यह पंक्तियाँ दर्शाती हैं कि हनुमान जी का मन सदा राम, लक्ष्मण और सीता के चिंतन में ही रमा रहता था। आज के समय में, जब मनुष्य अनेक प्रकार की इच्छाओं और विकर्षणों में उलझा हुआ है, यह एकाग्रता और समर्पण हमें जीवन की दिशा दिखा सकता है।

हनुमान जी केवल बल के प्रतीक नहीं थे, बल्कि वे अत्यंत विद्वान और ज्ञानी भी थे। वे नवव्याकरण के ज्ञाता थे और उन्होंने सूर्यदेव से शिक्षा प्राप्त की थी। यह संतुलन—शक्ति और ज्ञान का—सनातन संस्कृति का मूल तत्व है। आज के युग में, जहां केवल भौतिक शक्ति और संसाधनों को ही महत्व दिया जा रहा है, वहां हनुमान जी का आदर्श यह सिखाता है कि बिना ज्ञान के शक्ति अधूरी है। हनुमान जी का चरित्र अत्यंत प्रेरणादायक रहा है। तुलसीदास द्वारा रचित हनुमान चालीसा में उनके गुणों का जो वर्णन किया गया है, वह केवल भक्ति का नहीं, बल्कि एक आदर्श जीवनशैली का मार्गदर्शन भी है,

'बुद्धिहीन तनु जानिके, सुमिरौं पवन-कुमार।
बल बुद्धि विद्या देहु मोहिं, हरहु कलेश विकार॥'

यह पंक्तियां केवल प्रार्थना नहीं हैं, बल्कि यह स्वीकारोक्ति हैं कि मनुष्य को अपने दोषों को पहचानकर उन्हें दूर करने का प्रयास करना चाहिए। यही आत्मचिंतन सनातन संस्कृति का मूल है। आज जब युवा पीढ़ी अनेक प्रकार के भ्रम और दबाव में जी रही है, तब हनुमान जी का आदर्श उन्हें आत्मविश्वास और दिशा प्रदान कर सकता है। उनका जीवन यह सिखाता है कि यदि हमारे भीतर दृढ़ संकल्प और सही मार्गदर्शन हो, तो हम किसी भी कठिनाई का सामना कर सकते हैं। यह संदेश आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक है।

तुलसीदास द्वारा रचित हनुमान चालीसा में हनुमान जी के गुणों का अत्यंत प्रभावशाली वर्णन मिलता है,

'जय हनुमान ज्ञान गुन सागर।
जय कपीस तिहुँ लोक उजागर॥'
'राम दूत अतुलित बल धामा।
अंजनि पुत्र पवनसुत नामा॥'

इन पंक्तियों में हनुमान जी के ज्ञान, गुण और अतुलनीय बल का वर्णन किया गया है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि वे केवल बलवान ही नहीं, बल्कि एक दिव्य दूत हैं, जो धर्म और सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश देते हैं।

हनुमान जयंती का पर्व सामाजिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

इस दिन विभिन्न स्थानों पर भंडारे, कीर्तन, सुंदरकांड पाठ और शोभायात्राएं आयोजित की जाती हैं। ये आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता के प्रतीक हैं। इन आयोजनों में हर वर्ग के लोग एक साथ मिलकर भाग लेते हैं, जिससे समाज में एकता और सहयोग की भावना सुदृढ़ होती है। यही सनातन संस्कृति की वास्तविक शक्ति है—जो विविधताओं को समेटकर एकता का सूत्र प्रदान करती है।

किन्तु यह भी एक चिंतनीय तथ्य है कि आधुनिकता की अंधी दौड़ में हम इन पर्वों के मूल उद्देश्य को भूलते जा रहे हैं। त्योहारों का स्वरूप अब दिखावे और औपचारिकता तक सीमित होता जा रहा है। ऐसे में आवश्यकता है कि हम हनुमान जयंती के वास्तविक संदेश को समझें और उसे अपने जीवन में उतारें। केवल पूजा-अर्चना करना पर्याप्त नहीं, बल्कि उनके गुणों को अपनाना ही सच्ची श्रद्धा है।

हनुमान जी का एक और महत्वपूर्ण गुण है, विनम्रता। अपार शक्ति और ज्ञान होने के बावजूद उन्होंने कभी अहंकार नहीं किया। जब लंका दहन के बाद वे लौटते हैं, तो अपने कार्य का श्रेय स्वयं नहीं लेते, बल्कि इसे प्रभु की कृपा मानते हैं। यह विनम्रता आज के समाज में अत्यंत आवश्यक है, जहां सफलता के साथ अहंकार भी बढ़ता जा रहा है।

ग्रंथों में भी हनुमान जी की स्तुति अत्यंत भावपूर्ण ढंग से की गई है

'मनोजवं मारुततुल्यवेगं
जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्।
वातात्मजं वानरयूथमुख्यं
श्रीरामदूतं शरणं प्रपद्ये॥'

यह श्लोक हनुमान जी के तेज, वेग, इन्द्रियनिग्रह और बुद्धिमत्ता का सुंदर चित्रण करता है। यह केवल स्तुति नहीं, बल्कि एक आदर्श चरित्र की परिभाषा भी है—जिसमें बल, संयम और बुद्धि का समन्वय हो। हनुमान जयंती हमें यह स्मरण कराती है कि सनातन संस्कृति केवल अतीत की विरासत नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य की दिशा भी है। यह पर्व हमें अपने भीतर छिपी शक्ति को पहचानने, समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को समझने और जीवन को एक उच्च उद्देश्य की ओर ले जाने की प्रेरणा देता है। यदि हम हनुमान जी के जीवन से एक भी गुण चाहे वह भक्ति हो, सेवा हो या विनम्रता, अपने जीवन में उतार लें, तो हमारा जीवन न केवल सफल, बल्कि सार्थक भी बन सकता है। यही हनुमान जयंती का वास्तविक संदेश है, अपने भीतर के हनुमान को जागृत करना और जीवन को धर्म, सेवा और प्रेम के मार्ग पर अग्रसर करना।।

## हनुमान जयंती: भक्ति, शक्ति और समर्पण का अद्भुत संगम


**महेन्द्र तिवारी**

हनुमान जयन्ती का पावन पर्व हिंदू धर्मानुयायियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रेरणादायी उत्सव है। यह दिन भगवान श्रीराम के परम भक्त हनुमान जी के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है, जो शक्ति, भक्ति, निष्ठा और त्याग के प्रतीक हैं। यह पर्व हर वर्ष चैत्र मास की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है, और वर्ष 2026 में यह 2 अप्रैल को है। हनुमान जी का चरित्र अद्भुत है, क्योंकि वे एक ओर असीम बल के स्वामी हैं तो दूसरी ओर विनम्रता की प्रतिमूर्ति। वे शिव के ग्यारहवें रुद्र अवतार माने जाते हैं, जिनका जन्म पवन देव के आशीर्वाद से हुआ, इसलिए वे पवनपुत्र कहलाए। उनके जन्म की कथा अत्यंत प्रेरणादायक है, जिसमें माता अंजना की तपस्या और भगवान शिव का वह अंश समाहित है जो संसार को बुराइयों से मुक्ति दिलाने के लिए अवतरित हुआ। हनुमान जी के बचपन की वह कथा आज भी बच्चों से लेकर वृद्धों तक के मन में रोमांच भर देती है, जब उन्होंने सूर्य देव को एक लाल फल समझकर निगलने का प्रयास किया था। यह घटना उनके उस अदम्य साहस और अलौकिक क्षमता का प्रतीक है, जो सीमाओं से परे है। इंद्र के वज्र प्रहार से उनकी ठुड्डी पर लगी चोट ने उन्हें 'हनुमान' नाम दिया, लेकिन उसी क्षण देवताओं द्वारा मिले वरदानों ने उन्हें अपराजेय बना दिया। ब्रह्मा जी ने उन्हें लंबी आयु का वरदान दिया, तो अग्नि ने उन्हें आग से न जलने का और वरुण ने जल से सुरक्षित रहने का आशीष दिया। ये वरदान केवल व्यक्तिगत सिद्धियाँ नहीं थीं, बल्कि भविष्य में होने वाले धर्म और अधर्म के युद्ध की तैयारी थी। हनुमान जयंती पर जब हम उनके जीवन का स्मरण करते हैं, तो उनकी शिक्षा-दीक्षा का प्रसंग भी अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। उन्होंने सूर्य देव से वेदों का ज्ञान प्राप्त किया और व्याकरण में इतनी निपुणता हासिल की कि वे 'महाव्याकरण' कहलाए। उनका व्यक्तित्व बल और बुद्धि के विलक्षण समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण है। रामचरितमानस और रामायण में हनुमान जी की भूमिका एक ऐसे सेतु की तरह है, जो विरक्त को अनुराग से और भक्त को भगवान से जोड़ती है। ऋष्यमूक पर्वत पर जब उनकी भेंट श्री राम से हुई, तो वह मिलन इतिहास का सबसे पवित्र मिलन बन गया। एक साधारण वानर के वेश में वे अपने प्रभु के पास गए, लेकिन राम की पारखी नजरों ने पहचान लिया कि यह कोई साधारण जीव नहीं है। इसके बाद हनुमान जी का पूरा जीवन राममय हो गया। हनुमान जयंती के इस अवसर पर उनके द्वारा किए गए अद्भुत कार्यों का विश्लेषण करना आवश्यक है। समुद्र लांघने की उनकी क्षमता हमें सिखाती है कि यदि आत्मविश्वास दृढ़ हो, तो सौ योजन का विशाल सागर भी छोटा पड़ जाता है। लंका में अशोक वाटिका के भीतर माता सीता की खोज करना और उन्हें प्रभु राम की मुद्रिका देना उनके धैर्य और बुद्धिमानी की पराकाष्ठा थी। उन्होंने लंका दहन के माध्यम से रावण के अहंकार की लंका को भस्म किया, जो यह संदेश देता है कि अधर्म कितना ही शक्तिशाली क्यों न हो, सत्य की एक लौ उसे राख करने के लिए पर्याप्त है।

हनुमान जी का 'सुंदरकांड' केवल एक अध्याय नहीं है, बल्कि वह जीवन के हर मोड़ पर हार रहे मनुष्य के लिए विजय का मंत्र है। लक्ष्मण के प्राणों की रक्षा के लिए जब वे द्रोणागिरि पर्वत उठाने गए, तो वे केवल एक जड़ी-बूटी नहीं लाए, बल्कि उन्होंने सिद्ध कर दिया कि श्रद्धा के मार्ग पर असंभव शब्द का कोई स्थान नहीं है। यदि औषधि की पहचान नहीं हो सकी, तो उन्होंने पूरे पर्वत को ही उठा लिया—यह उनके निर्णय लेने की क्षमता और कार्य के प्रति अटूट समर्पण को दर्शाता है। हनुमान जयंती की पूजा विधि और इसमें निहित प्रतीकों का भी गहरा आध्यात्मिक अर्थ है। भक्त मंदिरों में जाकर हनुमान जी को सिंदूर अर्पित करते हैं।

इसके पीछे वह प्रसिद्ध कथा है जिसमें उन्होंने माता सीता को अपनी मांग में सिंदूर लगाते देखा था और जब उन्हें पता चला कि यह श्री राम की लंबी आयु के लिए है, तो उन्होंने अपने पूरे शरीर पर ही सिंदूर मल लिया। यह निश्छल भक्ति का वह स्वरूप है जहाँ भक्त अपने आराध्य की प्रसन्नता के लिए स्वयं को पूरी तरह समर्पित कर देता है। हनुमान चालीसा का पाठ, जो गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित है, आज दुनिया के कोने-कोने में गूंजता है। इसकी हर पंक्ति में एक विशेष ऊर्जा है।

## अदम्य बल, अटूट भक्ति: श्री हनुमान जन्मोत्सव का दिव्य संदेश



**-सुनील कुमार महला**

2 अप्रैल 2026 (गुरुवार) को चैत्र मास की पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री हनुमान जन्मोत्सव पूरे विश्व में अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। भगवान श्री राम के अनन्य भक्त हनुमान जी को शक्ति, भक्ति, साहस, निष्ठा, विनम्रता और समर्पण का सर्वोच्च प्रतीक माना जाता है। इस पावन व पवित्र दिन मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन, हनुमान चालीसा तथा सुंदरकांड का पाठ किया जाता है। हनुमान भक्त व्रत रखते हैं और बालाजी महाराज को चूरमा, लड्डू, पेड़ा, नारियल, लाल ध्वज व सिंदूर अर्पित करते हैं। मान्यता है कि इस दिन उनकी उपासना से भय, संकट, रोग, भूत-प्रेत बाधा और सभी प्रकार की नकारात्मक शक्तियों से मुक्ति मिलती है। हनुमान जी अंजनी पुत्र, केसरीनंदन और पवनपुत्र कहलाते हैं, कलियुग के देवता तथा चिरंजीवी माने जाते हैं। उनका जन्म त्रेतायुग के अंतिम चरण में चैत्र पूर्णिमा को आंजन नामक पर्वतीय क्षेत्र में हुआ माना जाता है। जन्म के बाद वायुदेव ने उनका नाम 'मारुति' रखा था, किंतु भगवान इंद्र के वज्र प्रहार से ठुड्डी (हनु) पर आघात होने के कारण वे 'हनुमान' कहलाए। उन्हें रुद्र (भगवान् शिव) का ग्यारहवाँ अवतार माना जाता है और देवताओं के वरदान से वे अजेय, निरोग और अमर माने गए हैं। हनुमान जी असीम बल, तीक्ष्ण बुद्धि और परम भक्ति के अद्वितीय संगम हैं। श्रीरामचरितमानस सुंदरकांड में कहा गया है- 'अतुलितबलधामं हेमशैलाभदेहं, दनुजवनकृशानुं ज्ञानिनामग्रगण्यम्।सकलगुणनिधानं वानराणामधीशं रघुपतिप्रियभक्तं वातजातं नमामि।।' वे अणिमा, लघिमा, महिमा, गरिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व सहित अष्ट सिद्धियों के स्वामी तथा पद्म, महापद्म, शंख, मकर, कच्छप, मुकुंद, कुंद, नील और खर्व नामक नव निधियों के दाता कहे जाते हैं और इसीलिए उन्हें कहा गया है -'अष्ट सिद्धि नव निधि के दाता...।' उनके बल का अलंकारिक वर्णन यह है कि 10 हजार हाथियों का बल एक ऐरावत हाथी में, 10 हजार ऐरावतों का बल एक इन्द्र में और 10 हजार इन्द्रों(भगवान् इंद्र) का बल उनके(हनुमान जी) एक रोम में निहित है। वे इच्छानुसार सूक्ष्म से विशाल रूप धारण कर सकते हैं; लंका में प्रवेश करते समय उन्होंने 'मसक(मच्छर) समान' रूप लिया, सुरसा के सम्मुख महाविशाल हो गए और परिस्थिति के अनुसार अपने आकार का परिवर्तन किया। बाल्यकाल में उन्होंने सूर्य को फल समझकर निगलने का प्रयास किया; उसी समय राहु भी सूर्य को ग्रसने आया था, जिससे सूर्यदेव ने उन्हें दूसरा राहु समझ लिया-यह प्रसंग उनकी अपार शक्ति के साथ-साथ जिज्ञासा और साहस का भी प्रतीक है और बालकों के उत्साह को सही दिशा देने का संदेश भी देता है। रामायण में हनुमान जी का योगदान अद्वितीय और निर्णायक है। उन्होंने समुद्र लांघकर लंका पहुँचकर सीता माता का पता लगाया, अशोक वाटिका में उन्हें श्रीराम की विजय का आश्वासन दिया, विभीषण से भेंट कर उन्हें भगवान् राम पक्ष में लाया, लंका दहन कर लंकापति रावण को चुनौती दी और युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लक्ष्मण के प्राण बचाने के लिए वे द्रोणागिरि पर्वत सहित संजीवनी बूटी उठाकर ले आए थे।

इतना ही नहीं, वानर सेना के साथ मिलकर उन्होंने लगभग 52 किमी लंबा और 3 किमी चौड़ा 'रामसेतु निर्माण' कराने में सहयोग दिया। लंका में प्रवेश करते समय उनका सूक्ष्म रूप, विभीषण से ब्राह्मण वेश में मिलना और सीता माता से छोटे वानर रूप में संवाद उनकी नीति, विवेक और परिस्थिति-बोध को दर्शाता है। सुरसा ने उनकी बुद्धि और बल से प्रसन्न होकर 'रामकाज सफल होगा' का आशीर्वाद दिया। पाठकों को बताता चलूं कि हनुमान जी केवल बलवान ही नहीं, अत्यंत बुद्धिमान, नीतिज्ञ और कुशल कूटनीतिज्ञ भी थे।

## जिला कलक्टर ने किया सीवरेज एवं ड्रेनेज कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण

# बरसात से पहले अतिरिक्त संसाधन लगाकर करायें कार्य :कमर चौधरी

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलक्टर कमर चौधरी ने बुधवार को शहर में सीवरेज एवं ड्रेनेज के चल रहे विकास कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण कर गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से पूरे करने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने सीएफसीडी के तहत काली बगीची से नीमदा गेट होते हुये हीरादास तक नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण किया तथा जून माह तक अतिरिक्त संसाधन लगाकर दोनों छोर से कार्य को गति देकर शीघ्रता से वर्षा पूर्व पानी बहाव की स्थिति में लाने के निर्देश दिये। उन्होंने आगामी एक सप्ताह में कल्वट के कार्य को पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बरसात आने के समय कार्य प्रभावित नहीं हो इसके लिये पानी बहाव की स्थिति बनाकर शीघ्रता से कार्य पूरा करायें जिससे आवश्यकता पडने पर पानी लिफ्ट



किया जा सके। उन्होंने हीरादास कुण्ड से सीएफसीडी के नाले तक चार मीटर नाला निर्माण करने के निर्देश दिये जिससे पानी की अधिक आवक की स्थिति में भी पानी सुव्यवस्थित निकल सके। उन्होंने गणेश मंदिर से अनाह गेट तक नाला निर्माण का निरीक्षण कर टीले पर रखी ऐतिहासिक तोप को सुव्यवस्थित करते हुये टीले के पास सुरक्षा दीवार एवं उपर पार्क विकसित करने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने अनाह गेट के पास नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण कर 30 जून तक कार्य पूरा कराने के निर्देश दिये। सर्किल पर अतिरिक्त व्यास को हटाकर सर्किल का पुननिर्माण का प्लान बनाने के निर्देश दिये ताकि यातायात सुव्यवस्थित चल सके। निरीक्षण के समय बीडीए के अधिकारियों ने बताया कि एक तरफ का कार्य लगभग 70 प्रतिशत पूरा हो गया है जिसको पूरा होने के दूसरी तरफ नाले की खुदाई की जायेगी।

उन्होंने सर्किल को दोनों तरफ बनाये गये अस्थाई लिंक रोडों पर डामरीकरण कराने के निर्देश दिये। हीरादास तोप सर्किल के पास नाला निर्माण के उपर से डाली जा रही भूमिगत विद्युत लाईन के कार्य पर नाराजगी व्यक्त करते हुये उन्होंने निर्देश दिये कि केबिलों को इस तरह व्यवस्थित किया जाये कि नाले के पानी का प्रवाह प्रभावित नहीं हो। उन्होंने जघीना गेट के पास सीएफसीडी के ड्रेन निर्माण कार्य का निरीक्षण किया तथा अतिरिक्त संसाधन लगाकर पूर्ण गति से कार्य पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने आरयूआईडीपी के चल रहे कार्यों का रणजीत नगर में निरीक्षण किया जहॉ कॉलोनियों में पाईप लाईन डालने के कार्य को गति देते हुये रोड मरम्मत कार्य भी साथ.साथ कराने के निर्देश दिये। उन्होंने रणजीत नगर मुख्य सडक मार्ग का निरीक्षण कर कार्य पूर्ण के साथ ही मोटरेवल सडक तैयार करने के निर्देश दिये ताकि आवागमन में आमजन को परेशानी नहीं हो। इस अवसर पर आयुक्त नगर निगम श्रवण विश्नोई बीडीए के अधीक्षण अभियंता योगेश माथुर अधिशाषी अभियंता डीपी शर्मा बहादुर सिंह नगर निगम के विनोद चौहान राजुल शर्मा सहित संबंधित अभियंताओं की टीम उपस्थित रही।

## लकवाग्रस्त युवक को व्हीलचेयर भेंट की



**खैरथल (हुक्मनामा समाचार)।** लायंस क्लब खैरथल मंडी ने सामाजिक सेवा के तहत लकवाग्रस्त युवक गुरप्रीत सिंह को व्हीलचेयर भेंट कर सहायता प्रदान की। इस पहल से युवक को दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों में राहत मिली है। जानकारी के अनुसार गुरप्रीत सिंह लंबे समय से लकवे से पीड़ित है, जिससे उसका चलना-फिरना प्रभावित था। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वह व्हीलचेयर की व्यवस्था नहीं कर पा रहा था। इस पर क्लब के सदस्यों ने सहयोग करते हुए व्हीलचेयर उपलब्ध कराई। व्हीलचेयर मिलने पर गुरप्रीत सिंह और उसके परिजनों ने क्लब के प्रति आभार व्यक्त किया। उपस्थित लोगों ने कहा कि इस तरह की गतिविधियां समाज में सकारात्मक संदेश देती हैं और जरूरतमंदों को संबल प्रदान करती है। इस अवसर पर लायन प्रदीप मलिक, शिव खंडेलवाल, सुभाष गोयल, नारायण दास बालानी और बिलंद राम जागिंड सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। क्लब पदाधिकारियों ने बताया कि संस्था स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र में समय-समय पर सेवा कार्य करती रहती है और आगे भी ऐसे प्रयास जारी रहेंगे।

# भाजपा स्थापना दिवस पर 6 से 12 अप्रैल तक होगा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस की तैयारियों को लेकर बुधवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम जिला संयोजक मोहन रारह ने बताया कि पार्टी के स्थापना दिवस का साप्ताहिक कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।जो 06 अप्रैल से लेकर 12 अप्रैल तक चलेगा।



06 अप्रैल को पार्टी के सभी मण्डल एवं जिला कार्यालयों की सजावट की जायेगी तथा पार्टी के सभी कार्यालयों पर पार्टी का ध्वज फहराया जायेगा इसके साथ ही सभी कार्यकर्ता अपने घरों पर पार्टी का ध्वज फहरायेंगे। 06 अप्रैल से 07 अप्रैल तक प्रत्येक बूथ पर पार्टी का स्थापना दिवस मनाया जायेगा। 08 अप्रैल से 09 अप्रैल तक पार्टी के सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। 07 अप्रैल से 12 अप्रैल के बीच में गांव चलो अभियान का आयोजन होगा। इस अभियान में सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता वरिष्ठ कार्यकर्ता एंव बुद्धिजीवी व्यक्तियों का सम्मान किया जायेगा। इसके अतिरिक्त केन्द्र सरकार की योजनाओं की उपलब्धियों पर व्यापक चर्चा की जायेगी। इसके साथ ही लाभार्थियों से जनसम्पर्क भी किया जायेगा। बैठक में जिला मीडिया प्रभारी डॉ वीरेन्द्र पचौरी पूर्व प्रदेश मंत्री गिरधारी तिवारी प्रदेश प्रवक्ता शैलेष कौशिक एवं निमिषा गौड पूर्व जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र गोयल एंव मनोज भारद्वाज कार्यक्रम सह संयोजक राजेन्द्र दमदमा र%जन सिंह अनुराग तमरौली पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजू योगेन्द्र कटारा जिला सहित सैकडों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्कूलों में नया शैक्षणिक सत्र शुरू, नई पाठ्य पुस्तकें पाकर खिले नौनिहालों के चेहरे

**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** अध्यापक सुरेश कुमार शर्मा ने बताया की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गठवाडी में नए शैक्षिक सत्र के शुभारंभ के अवसर पर नव प्रवेशित छात्रों का सम्मान किया गया, साथ ही नए शिक्षा सत्र के शुभारंभ के अवसर पर छात्रों को नि:शुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण समारोह पूर्वक किया गया, जिसकी अध्यक्षता स्थानीय विधायक के प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार ने की मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत के सरपंच बाबूलाल मीणा, सीनियर सिटीजन हरिश्चंद्र शर्मा, ओम प्रकाश,



हंसराज व अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम देने वाले छात्रों का भी सम्मान किया गया नए सत्र के शुभारंभ के अवसर पर माननीय शिक्षा मंत्री जी एवं मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार प्रथम दिवस को ही छात्रों को निशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण करते हुए सुचारू रूप से अध्यायन कार्य प्रारंभ किया गया गया स्थानीय विद्यालय के वरिष्ठ पुस्तकालय अध्यक्ष महेश कुमार शर्मा ने बताया कि प्रथम दिवस पर आने वाले सभी छात्रों को पुस्तक एवं वर्क बुक वितरण करते हुए अन्य छात्रों को भी विद्यालय में उपस्थित होकर पुस्तक प्राप्त करने हेतु आव्हान किया कार्यक्रम में स्थानीय विद्यालय के सीता वर्मा, रामस्वरूप, राजेन्द्र सिंह, गजानंद, रोहिताश्व मीणा, सतीश कुमार, भूरसिंह, बजरंग लाल, भीवा राम, गणपत लाल, राजेश कुमार अंजली शर्मा, गीता देवी, भारती ,अभिषेक , धर्मपाल, रामफूल मीणा, सहित सभी स्टाफ साथी उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार शर्मा ने सभी आदतों का आभार प्रकट करते हुए छात्रों को इसी तरह निरंतर अच्छे परिणाम देने हेतु प्रेरित किया

# पीएनबी पेंशनर्स एसोसियेशन की बैठक सम्पन्न

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** ऑल इण्डिया पंजाब नैशनल बैंक पेंशनर्स एवं रिटायरीज एसोसियेशन की जिला यूनिट की द्विमासिक बैठक का आयोजन एक होटल में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में सदस्यों ने भाग लिया । सर्व प्रथम भरतपुर इकाई के अध्यक्ष सत्यवान तिवारी ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया तथा बताया कि अधिकांश सदस्यों के नये पहचान पत्र बनवा दिये गये हैं तथा दिसम्बर माह में बजाज हेल्थ चैक अप के प्रति जागरूकता पैदा कर अधिकाधिक सदस्यों के स्वास्थ्य की जांच करवाई गई। बैठक में सचिव सुरेश सुनार ने पेंशनरों से सम्बन्धित विभिन्न समस्याओं जैसे पेंशन अपडेशन हेतु सुप्रीम कोर्ट में





लम्बित एमसी सिंगला केस की अद्यतन स्थिति की जानकारी दी। इसके साथ ही कुमुटेशन में कटोती की अवधि 10-12 वर्ष करना पेन्शन की गणना में स्पेशल भत्ते को शामिल करना बीमा प्रीमियम का खर्च बैंक द्वारा वहन करना आदि मांगों पर सरकार आईबीए बैंक द्वारा शीघ्र कार्यवाई की मांग की गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष डीडी शर्मा ने कहा कि पेंशन अपडेशन आईबीए सरकार की हठधर्मिता के कारण पिछले 30 वर्षों से पैण्डिंग है। जबकि रिजर्व बैंक में दो बार अपडेशन हो गया है जिससे बैंक पेंशनर्स में अत्यन्त निराशा एवं रोष है। बैठक में सत्यवान तिवारी एसके सुनार विशन गुप्ता एस एन सिंघल सुरेंद्र सिंह सिनसिनवार सुनील दत्त शर्मा अशोक बंसल आरएस गुप्ता दिनेश गुम्बर वीके अग्रवाल एमएल यादव आदि सदस्यों ने भाग लिया ।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिला उत्थान योजना के तहत 6 से 10 अप्रैल तक वार्ड सभा का किया जाएगा आयोजन

**धौलपुर (हुक्मनामा समाचार)।** स्वायत्त शासन विभाग द्वारा ग्रासरूट स्तर पर आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए राज्य सरकार द्वारा लागू की गई डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिला उत्थान योजना के तहत विकसित राजस्थान 2047 विजन के अनुरूप योजनाबद्ध विकास के लिए राजस्थान इंस्टीट्यूट फॉर ट्रांसफोर्मेशन एण्ड इनोवेशन के माध्यम से शहरी निकाय क्षेत्रों से जिला स्तर तक के विकास के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा घोषणा की गई है। उन्होंने बताया कि 6 अप्रैल को वार्ड संख्या 1 से 10 तक का ए-वन पैलेस बाड़ी, 7 अप्रैल को वार्ड संख्या 11 से 20 तक का मेला ग्राउण्ड बाड़ी, 8 अप्रैल को वार्ड संख्या 21 से 30 तक का परशुराम धर्मशाला बाड़ी, 9 अप्रैल को वार्ड संख्या 31 से 40 तक का सत्यनारायण धर्मशाला बाड़ी, 10 अप्रैल को वार्ड संख्या 41 से 45 तक का कुशवाह धर्मशाला बाड़ी तथा 13 अप्रैल से 15 मई तक वार्ड संख्या 1 से 45 तक का फोलोअल शिविर नगर पालिका बाड़ी कार्यालय में प्रात: 10 बजे से सायं 4 बजे तक वार्ड सभा आयोजित की जाएगी।

## संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह का समापन दिवस

# राजसूय यज्ञ से सुदामा की भक्ति तक भाव-विभोर हुआ कथा पांडाल, उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** सुभाष नगर स्थित नेकी दरबार वाली गली में आयोजित संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह का समापन दिवस श्रद्धा भक्ति और आध्यात्मिक भावनाओं के उत्कर्ष के साथ संपन्न हुआ। अंतिम दिन व्यासपीठ से पांडवों के राजसूय यज्ञ सुदामा चरित्र यदुवंश के अंत और राजा परीक्षित मोक्ष की मार्मिक कथाओं का भावपूर्ण वर्णन किया गया जिसे सुनकर कथा पांडाल में उपस्थित श्रद्धालु भाव.विभोर हो उठे। भागवताचार्य मनोज पंडित ने पांडवों द्वारा संपन्न राजसूय यज्ञ का वर्णन करते हुए बताया कि यह यज्ञ केवल राजकीय वैभव का प्रतीक नहीं था बल्कि धर्म नीति और भगवान के प्रति समर्पण का आदर्श उदाहरण था। उन्होंने कहा कि यज्ञ के माध्यम से युधिष्ठिर ने यह सिद्ध किया कि सत्ता का सही उपयोग केवल लोककल्याण के लिए होना चाहिए। इसके पश्चात सुदामा चरित्र का वर्णन करते



हुए कथा वाचक ने भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता को जीवन का सर्वोच्च आदर्श बताया। उन्होंने कहा कि सुदामा की दरिद्रता के बावजूद उनकी भक्ति और आत्मसम्मान ने उन्हें भगवान के हृदय में सर्वोच्च स्थान दिलाया। जैसे ही सुदामा द्वारका पहुंचे और श्रीकृष्ण ने उन्हें गले लगाया। उस प्रसंग ने उपस्थित श्रद्धालुओं की आंखें नम कर दीं। इस मौके पर सुदामा की भूमिका कमलसिंह नेताए जबकि कृष्ण की भूमिका तनिष्क तिवारी उर्फ नन्नू ने निभाई।

जबकि द्वारपाल की भूमिका निखिल कटारा और आदित्य ठाकुर ने निभाई। कथा वाचक ने कहा कि सच्ची भक्ति में न तो दिखावा होता है और न ही कोई स्वार्थ। कथा के अगले प्रसंग में यदुवंश के अंत का वर्णन किया गया। इसमें बताया गया कि कैसे अहंकार और आपसी कलह के कारण शक्तिशाली यदुवंश का विनाश हुआ। यह प्रसंग जीवन में संयमए विनम्रता और मर्यादा बनाए रखने का संदेश देता है। भागवताचार्य ने कहा कि जब मनुष्य धर्म से विचलित होता है तब उसका पतन निश्चित हो जाता है। अंतिम चरण में राजा परीक्षित के मोक्ष की कथा सुनाई गई। सात दिनों तक श्रीमद्भागवत का श्रवण करने के पश्चात परीक्षित ने मृत्यु को भी सहज भाव से स्वीकार किया और मोक्ष को प्राप्त हुए। इस प्रसंग के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि जीवन के अंतिम क्षणों में यदि मनुष्य भगवान के नाम का स्मरण करता है तो उसे मुक्ति अवश्य मिलती है। समापन दिवस पर कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। पूरा पांडाल भक्ति गीतों और जयकारों से गूंजता रहा। सभी भक्तजनों ने व्यास पूजन भी किया। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि कथा के समापन के बाद भी धार्मिक अनुष्ठानों का क्रम जारी रहेगा। उन्होंने जानकारी दी कि 2 अप्रैल को हनुमान जयंती के पावन अवसर पर यज्ञ की पूर्ण आहुति दी जाएगी। इस अवसर पर दोपहर 12 बजे विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा जिसमें क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं को सपरिवार आमंत्रित किया गया है।

## एक नजर

### राजस्थान के कुशाग्र ओझा बीसीसीआई अंडर 19 हाई परफॉरमेंस कैंप हेतु बेगंलुरु जायेंगे



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।,** बीसीसीआई की राष्ट्रिय अंडर 19 क्रिकेट प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले राजस्थान के युवा प्रतिभावान खिलाडी कुशाग्र ओझा को बीसीसीआई की आल इंडिया जूनियर चयन कमेटी ने बंगलुरु में बीसीसीआई द्वारा आयोजित होने वाले अंडर हाई परफॉरमेंस प्रशिक्षण शिविर हेतु चयनित किया गया है। कुशाग्र ओझा बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस में आगामी दिनांक 11 मई से दिनांक 9 जून तक आयोजित होने वाले अंडर 19 हाई परफॉरमेंस कैम्प में भाग लेंगे।

### हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा को लेकर बैठक आयोजित

**डीग (हुक्मनामा समाचार)।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा कस्बा कुम्हेर में बैठक आयोजित की गई जिसमें हनुमान जन्मोत्सव शोभा यात्रा को लेकर विस्तृत चर्चा हुई इस बैठक में रामेश्वर जयसवाल प्रखंड मंत्री व मुकेश द्वारा हनुमान जन्मोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक ली गई। इस बैठक का



मुख्य उद्देश्य हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा को और भी भव्य बनाना और समाज में सामाजिक समरसता लाना और प्लास्टिक मुक्त जिले को करना उद्देश्य है। शोभायात्रा 02 अप्रैल को शाम को 4 बजे से धनवाड़ा चौराहा हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर मुख्य बाज़ार होते हुए चुंगी वाले हनुमानजी मंदिर पर समापन होगा। इस बैठक में नितेश चौधरी जिला संयोजक बजरंग दल भी संग्राम सिंह धर्म प्रसार प्रमुख लेखराज प्रखंड धर्म प्रसार प्रमुख रोहित प्रखंड संयोजक नीरज बीरपाल पहलवान जिला सुरक्षा प्रमुख होती मोहित अनीस मनोज सूरौंता सहित विश्व हिंदू परिषद सदस्य मौजूद रहे।

### चूरू की आफरीन को मिली काली बाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी

**चूरू (हुक्मनामा समाचार)।** भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार बालिका प्रोत्साहन के लिए कृत संकल्पित है। प्रदेश सरकार की काली बाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना अंतर्गत स्कूटी मिलने से बालिकाओं को उच्च शिक्षा सुलभ हो रही है। ऐसा ही एक उदाहरण है चूरू शहर के वार्ड नंबर 21 निवासी आफरीन का, जिनको काली बाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना अंतर्गत उच्च शिक्षा हेतु प्रोत्साहन स्वरूप स्कूटी मिलने पर उनकी पढ़ाई में काफी सहयोग मिला है। आफरीन के पिता




रफीक खान मजदूरी कर आजीविका चलाते हैं। एक सामान्य परिवार से संबंध रखने वाली आफरीन बताती हैं कि वह वर्तमान में राजकीय लोहिया महाविद्यालय में बीए में पांचवे सेमेस्टर की नियमित विद्यार्थी हैं। उन्होंने वर्ष — 2023 में 86.4 प्रतिशत अंकों के साथ कला संकाय में 12वीं कक्षा उत्तीर्ण की और राजकीय लोहिया महाविद्यालय में बीए में प्रवेश लिया। उनके घर की दूरी कॉलेज से ज्यादा होने के कारण उन्हें कॉलेज आने —जाने में बहुत समय व्यतीत होता था। इसके बाद उन्हें कॉलेज के माध्यम से काली बाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना का पता चला और उन्होंने आवेदन किया तो चयन के पश्चात उन्हें तीसरे सेमेस्टर में स्कूटी मिली।

### जिला स्तरीय अंबेडकर पुरस्कार के लिए 5 अप्रैल तक करें आवेदन

**धौलपुर (हुक्मनामा समाचार)।** वर्ष 2026 के लिए भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति जिला स्तरीय अंबेडकर पुरस्कार के लिए योग्य अभ्यर्थियों के लिए आवेदन प्रारंभ किये जा चुके है। जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी देवेन्द्र सिंह जांगल ने बताया कि जिला स्तरीय अंबेडकर पुरस्कार के लिए अंतिम तिथि 5 अप्रैल निर्धारित की गयी है। आवेदन पत्र निर्धारित प्रपत्र में 5 अप्रैल तक डाक द्वारा या व्यक्तिश: जिला कार्यालय में जमा कराए जा सकते है। आवेदन पत्र विभाग की वेबसाइट से अथवा जिला कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर आवेदनों की जिला स्तरीय समिति द्वारा जांच कर चयन प्रक्रिया की जाएगी। जिला स्तर पर चयनित व्यक्ति को पुरस्कार के रूप में केवल प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा नकद राशि नहीं दी जायेगी। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिए जिला कार्यालय में आरएसी लाईन के सामने धौलपुर में संपर्क किया जा सकता है।

### खेल मैदान में चला महा स्वच्छता अभियान, युवाओं ने संभाली जिम्मेदारी

**गंगापुरसिटी (हुक्मनामा समाचार)।** शहर के स्थानीय हायर सेकेंडरी खेल मैदान में मंगलवार को महा स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। सरकार द्वारा संचालित स्वच्छता अभियान से प्रेरित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के युवाओं और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग





लेते हुए साफ-सफाई की जिम्मेदारी निभाई। अभियान के संयोजक आलोक मालधनी के नेतृत्व में मैदान में फैली गंदगी को हटाया गया। प्लास्टिक और अन्य कचरे को एकत्रित कर निर्धारित स्थान पर निस्तारित किया गया। इस दौरान प्रतिभागियों ने श्रमदान कर स्वच्छ वातावरण का संदेश दिया। कार्यक्रम में मौजूद नगर सभापति शिवरतन अग्रवाल ने स्वच्छता के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि स्वच्छ शहर और स्वस्थ समाज के लिए नियमित साफ-सफाई बेहद जरूरी है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

### गृह राज्यमंत्री भरतपुर दौरे पर रहेंगे आज

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** पशुपालन डेयरी एवं मत्स्य विभाग के राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम 2 अप्रैल गुरुवार को भरतपुर के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। कार्यक्रम के अनुसार राज्यमंत्री दोपहर 12 बजे भरतपुर पहुंचेंगे। यहां वे हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित अखाडे के उद्घाटन समारोह में भाग लेंगे। यह कार्यक्रम श्री वायुवृक्ष आश्रम ट्रस्ट द्वारा हनुमान जी महाराज मंदिर परिसर काली की बगीची चौराहे के पास आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में सहभागिता के पश्चात राज्यमंत्री दोपहर 1 बजे भरतपुर से डीग के लिए प्रस्थान करेंगे।

## आरसीए एडहॉक कमेटी जयपुर में आईपीएल के आयोजन हेतु राजस्थान रॉयल्स को देगी पूर्ण सहयोग

# आरसीए एडहॉक कमेटी जिलों में क्रिकेट सुविधाओं को करेगी विकसितः डॉ मोहित जसवंत

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** आरसीए की नवगठित आरसीए एडहॉक कमेटी ने पदभार ग्रहण करते ही राज्य के युवा प्रतिभावान खिलाडियों के हितों व राज्य में खेल के विकास व विस्तार को उच्च स्तर पर लाने के लिए एक्शन मोड़ में। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डॉ मोहित जसवंत यादव ने बताया की हमारी एडहॉक कमेटी के सभी सदस्य धनंजय सिंह खींवसर , आशीष तिवाड़ी , अर्जुन बेनीवाल , अरिष्ट सिंघवी ने मुख्य रूप से राज्य के सभी जिलों में खेल के विकास व विस्तार , बीसीसीआई के आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र -2026 -27 की पूर्व राज्य के युवा खिलाडियों को उच्च स्तरीय खेल सुविधा उपलब्ध करा तैयारियों के लिए आवश्यक प्लेटफार्म उपलब्ध कराने के लिए कटिबद्ध है व हमारी कमेटी ने आरसीए की खेल गतिविधियों की रुपरेखा व सहयोग के लिए एडहॉक कमेटी सदस्य अरिष्ट सिंघवी को जिम्मेदारी दी है। संयोजक के अनुसार आज आरसीए एडहॉक कमेटी की मीटिंग में विशेष रूप से आगामी दिनों में राजस्थान क्रिकेट संघ के सभी जिला केन्दों पर आगामी 15 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 के दौरान अंडर 14, अंडर 16 , अंडर 19 ( पुरुष ) व अंडर 15 , अंडर 19 ( वीमेन ) ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया। डॉ मोहित जसवंत यादव ने बताया की एडहॉक कमेटी के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविरों के आयोजन हेतु आरसीए द्वारा सभी जिला क्रिकेट संघो को दिए जाने वाले मानदेय को ऋ्य .40000 रूपये चालीस हजार ) से बढाकर ऋ्य . 100000 ( रूपये एक लाख ) कर दिया है जिससे राज्य के युवा प्रतिभावान खिलाडियों को ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविरों में न केवल अतिरिक्त उच्च स्तरीय सुविधा प्राप्त हो साथ ही प्रशिक्षण शिविरों के सफल आयोजन के लिए जिला संघो को आवश्यक सहायता मिले व ग्रीष्मकालींन प्रशिक्षण शिविरों के आयोजन को सफल बनाया जाये राजस्थान रॉयल्स उपाध्यक्ष राजीव खन्ना व आरसीए एडहॉक कमेटी के बीच जयपुर में आईपीएल के आयोजन को लेकर हुई सार्थक व सकारात्मक चर्चा आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डॉ मोहित जसवंत यादव ने बताया की आज दोपहर राजस्थान रॉयल्स के उपाध्यक्ष राजीव खन्ना ने आरसीए एडहॉक कमेटी से आरसीए अकादमी में मुलाकात कर जयपुर में आयोजित होने वाले आईपीएल मैचों के आयोजन को लेकर गहन व सार्थक चर्चा की। एडहॉक संयोजक ने बताया की हमारी समस्त एडहॉक कमेटी ने



राजस्थान रॉयल्स को पूर्ण रूप से आश्वस्त किया है की हमारी कमेटी राज्य सरकार के निर्देशानुसार राज्य में खेल के विकास व विस्तार के लिए कटिबद्ध है व हम राजस्थान रॉयल्स को आश्वस्त करते हैं की हमारी कमेटी जयपुर में हमेशा आईपीएल के आयोजन में बीसीसीआई , राजस्थान रॉयल्स को हर स्तर पर पूर्ण सहयोग देंगे व जल्द ही हमारी कमेटी बीसीसीआई से संपर्क कर जयपुर में आईपीएल के सफल आयोजन के लिए आरसीए द्वारा पूर्ण सहयोग व सहभागिता हेतु अवगत कराएगी। राजस्थान रॉयल्स उपाध्यक्ष राजीव खन्ना ने आरसीए एडहॉक कमेटी के साथ जयपुर में आईपीएल के सफल आयोजन को लेकर हुई।

## दौसा में गैस संकट गहराया,कलेक्ट्रेट पर सिलेंडर रखकर लोगों का जोरदार प्रदर्शन



**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** जिले में लगातार गैस की किल्लत से आमजन परेशान हैं। हालात यह हैं कि सिलेंडर के लिए गैस एजेंसियों पर सुबह से शाम तक लोगों की भीड़ जुट रही है। इसी बीच उपभोक्ताओं और एजेंसी संचालकों के बीच आए दिन विवाद की स्थिति भी बन रही है।बुधवार को समस्या से नाराज लोग सिलेंडर लेकर कलेक्ट्रेट पहुंच गए और मुख्य द्वार पर सिलेंडर रखकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि ऑनलाइन गैस बुकिंग करने के बावजूद उन्हें समय पर होम डिलीवरी नहीं मिल रही है। कई उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि बुकिंग के बाद डिलीवरी का मैसेज तो आ जाता है, लेकिन वास्तविकता में सिलेंडर घर तक नहीं पहुंचता।लोगों ने गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी का भी आरोप लगाया। उनका कहना है कि बाजार में महंगे दामों पर सिलेंडर बेचे जा रहे हैं, जबकि आम उपभोक्ताओं को समय पर आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। खासकर शादी समारोह के दौरान सिलेंडरों की मांग बढ़ने पर काला बाजार और ज्यादा सक्रिय हो जाता है।प्रदर्शन के दौरान उपभोक्ताओं ने कार्यवाहक जिला कलेक्टर अरविंद कुमार शर्मा को ज्ञापन सौंपकर मामले में जल्द कार्रवाई की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। लोगों का कहना है कि जब शहरी क्षेत्र में ही गैस की समय पर आपूर्ति नहीं हो पा रही है, तो ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति और भी खराब हो सकती है। ऐसे में प्रशासन से जल्द ठोस कदम उठाने की मांग की जा रही है।

## जसरासर हत्याकांडः चार आरोपी 5 दिन के पुलिस रिमांड पर

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर जिले के जसरासर थाना क्षेत्र से हत्या के मामले में बड़ी अपडेट सामने आई है। झाड़ेली गांव में हुए युवक की हत्या के मामले में गिरफ्तार चारों आरोपियों को न्यायालय ने पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, यह हत्या अवैध संबंधों को लेकर हुए विवाद के चलते की गई थी। मामले में जसरासर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

## पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा से मिले पूर्व मंत्री भाटी

# सकारात्मक आश्वासन के बाद डीजीपी से वार्ता की स्थगित

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बुधवार को पूर्व सिंचाई मंत्री देवी सिंह भाटी व कोलायत विधायक अंशुमान सिंह भाटी ने पुलिस अधीक्षक बीकानेर से मिलकर राजस्थान प्रदेश में विशेष तौर पर जिला बीकानेर में लगातार कानून व्यवस्था छिन्न-भिन्न होने के कारण सड़कों पर ओवर लोड ट्रक, ट्रैक्टर, कैम्पर आदि मुख्य कम्पनी की गाडियों की डिजाइन बदल कर बॉडी बड़ी कर लेते है। ट्रैक्टर, ट्रक परिवहन में मुख्य बॉडी से बाहर तक चारा इत्यादि भरने से सड़क पर चलना, परिवहन मुश्किल हो जाता है। ट्रकों द्वारा ओवर लोड भवन सामग्री यथा बजरी, कंकर, ईंट पीछे चल रही गाड़ी के शीशे पर पड़ते है, जो रात दिन महसूस करते हैं। ओवर लोड गाड़ी असंतुलित होकर दूसरे वाहनों के ऊपर गिर जाती जिसका बड़ा उदाहरण पूर्व मुख्यमंत्री साहिब वर्मा का घटना में कोटपुतली के पास बलिदान हो गया, हम भी ओवर लोड गाड़ी के पास से निकलते है तो मन में भय बना रहता है। साथ ही भाटी ने पुलिस, खनन विभाग द्वारा अवैध खनन को रोक नहीं पाना, रॉयल्टी ठेकेदारों द्वारा विभागीय निर्देश, रेट से ज्यादा अवैध वसूली की रसीद नहीं देना, गुड़ागर्दी करना आम हो गया है, कहीं सही सुनवाई की जगह नहीं है। हाल ही में ग्रामीणों द्वारा रॉयल्टी ठेकंदारों द्वारा विभाग से निर्धारित राशि से ज्यादा राशि वसूली का विरोध किया गया कि रॉयल्टी की राशि रसीद से ज्यादा अवैध राशि लेने व उसकी रसीद मांगने पर कभी भी अवैध राशि की रसीद नहीं देते है। इस पर प्रशासन ने रॉयल्टी कम्पनी को अवैध राशि नहीं लेने का कहा। कम्पनी के नहीं मानने पर एक बार ग्रामीणों द्वारा लोडिंग बंद करवा दी थी। इस पर इलाके के जनप्रतिनिधियों ने दबाव बना कर, राशि सही करवाई गई। यही कम्पनी बरदास्त नहीं हुआ, जिस पर कम्पनी के लोग जयपुर में दबाव बना कर जांच के लिए विजिलेन्स कमेटी का गठन करवाया। गठित कर के लोगों को बीकानेर की स्टार होटल में 29 फरवरी 2026 से 3 मार्च 2026 में ठहराया गया जबकि सरकारी अधिकारी सर्किट हाऊस, डाक बंगला वा निजी जगह ठहर सकते हैं, उसकी भी जांच होनी चाहिए लेकिन इतनी मंहगी होटल में कैसे ठहराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक बीकानेर ने भाटी से कहा कि इस संबंध में महानिदेशक पुलिस राजस्थान के बीकानेर आगमन के दौरान उन्हें अवगत करवाकर पुनः जांच का



आश्वासन दिया। भाटी ने अपने पत्र में शहरी क्षेत्र में भारी वाहनों का निषेध होने के बावजूद लगातार निषेध क्षेत्र में भारी वाहनों से एक्सीडेंट होना। शहरी क्षेत्र की मुख्य सड़क जैसलमेर रोड़ पर भवन निर्माण सामग्री लिए ट्रकों का खड़ा रहना। मुख्य सड़क की लेन तो पूरी, खड़े ट्रक, मरम्मत वालों से अटी पड़ी रहती बीकानेर शहर में तो ट्रैफिक ना जाम तो भगवान भरोसे ही है। आज से 50 वर्ष जब दुपहिया वाहन कारें नहीं होती थी तो कोटगेट के सामने, सांखला फाटक के दोनों तरफ, रेलवे स्टेशन के सामने, रानी बाजार चौराहा, पुराना बाजार चौराहा, रोशनी घर चौराहा, जूनागढ़ के पीछे व सामने, के.ई.एम. रोड़ के पेमजी पान, फड़ बाजार आदि पाईंट की छतरी पर ट्रैफिक पुलिस वाला ड्यूटी देता था, वो ट्रैफिक नफरी व छतरी (गुमटी) कहां गई? पता ही नहीं। शहर के प्रत्येक तिराहा, चौराहा सब जनता के भरोसे पर छोड़ रखा है। ट्रैफिक लाईटिंग व्यवस्था में मात्र म्यूजियम चारौहा के अलावा कहीं भी लाईटिंग व्यवस्था सुचारू रूप से नहीं चल रही है जबकि मुख्य स्थानों पर ट्रैफिक लाईटें लगी है। ट्रैफिक पुलिस पूरे शहर में मात्र करमीसर चौराहा, पूगल फांटा पर नजर आ रही है। शहर में ट्रैफिक पुलिस की मात्र दो चौकी है, अमूल सर्किल और म्यूज्यिम चौराहा जिस पर पुलिस अधीक्षक ने शीघ्र सुधार का आश्वासन दिया ।महानिदेशक पुलिस के बीकानेर आगमन के दौरान अवगत करवाने का भी दिया आश्वासन। भाटी की मृदुल कच्छावा पुलिस अधीक्षक बीकानेर के कार्यालय में हुयी वार्ता के पश्चात् दिये आश्वासन के बाद आज दिनांक 02.04.2026 वार गुरूवार को सर्किट हाऊस बीकानेर में महानिदेशक पुलिस, राजस्थान से कानून व्यवस्था में सुधार के लिए वार्ता कार्यक्रम स्थगित किया।

## डॉ सौम्या झा दौसा जिला कलेक्टर पद पर तीसरी महिला डीएम के रूप में करेंगी पदभार ग्रहण आज



**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान में बड़े प्रशासनिक फेरबदल के बीच दौसा को नई कलेक्टर के रूप में डॉ. सौम्या झा की नियुक्ति की गई है। वहीं उनके पति अक्षय गोदारा का भी तबादला करौली जिले में किया गया है, जिससे यह तबादला सूची और भी चर्चा में आ गई है।डॉ. सौम्या झा एक तेजतर्रार और चर्चित आईएएस अधिकारी मानी जाती हैं। इससे पहले वे टोंक जिला कलेक्टर के पद पर कार्यरत रहीं, जहां उन्होंने प्रशासनिक सुधार, जनसुनवाई और विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई।वहीं उनके पति अक्षय गोदारा भी एक सक्षम आईएएस अधिकारी हैं और विभिन्न जिलों में अहम जिम्मेदारियां निभा चुके हैं। अब उन्हें करौली में नई जिम्मेदारी सौंपी गई है, जहां वे प्रशासनिक व्यवस्था को और मजबूत करने का काम करेंगे।दौसा में डॉ. झा की नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब जिले में विकास कार्यों को गति देने और कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ करने की जरूरत है। उनके अनुभव और कार्यशैली से जिले को काफी उम्मीदें हैं।उधर, वर्तमान कलेक्टर देवेंद्र कुमार का तबादला नागौर जिला कलेक्टर के रूप में किया गया है।इस तरह पति-पत्नी दोनों आईएएस अधिकारियों का एक साथ अलग-अलग जिलों में तबादला प्रशासनिक हलकों में चर्चा का विषय बना हुआ है।सम्भवत डॉ सौम्या झा गुरुवार को दौसा जिला कलेक्टर का पदभार ग्रहण करेंगी। दौसा जिले में महिला जिला कलेक्टर के रूप में वह तीसरी जिला कलेक्टर होगी इससे पहले सर्वप्रथम रोलीसिंह उनके बाद प्रमिला सुराणा और अब डॉ सौम्या झा दौसा की महिला कलेक्टर होगी।

**Office of the Executive Engineer, Watershed Devlopment & Soil Conservation Panchayat Samiti Masuda, BEAWAR**

File no. ()/1161 **NOTICE INVITING BID** Date: 26.03.2026

**NIB No 17/25-26/Masuda/Badnor**

Bids for Construction of Sunkon Pond, Percolation Tank and RTWHS under MJSA 2.0 (Phase-II), state Fund Block of estimated Value Rs. 38.61 Lacs are invited from interested bidders 30.03.2026 9.30 AM to 6.00 of 09.04.2026. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in or https://sppp.rajasthan.gov.in/) of the state and department website (https://water.rajasthan.gov.in/wdsc).

NIB: WSC2526A2006
UBN: WSC2526WSOB03324
DIPR/C/6281/2026

(Anil Kumar Arora)
Watershed Development and Soil Conservation PS Masuda (Beawar)

**राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर**
**Rajasthan Public Service Commission, Ajmer**
Tel : 0145-2635200 Email : rpsc@rajasthan.gov.in

एफ 3(38)स्टोर/नीलामी/रालेसेआ/25-26/39 दिनांक : 27.03.2026

**नीलामी सूचना**

आयोग कार्यालय में स्थित विविध अनुपयोगी सामग्री की खुली नीलामी दिनांक 13.04.26 को अपरान्ह 03.00 बजे से की जानी है। सामग्री का पुस्तक मूल्य लगभग राशि रू. 03.87 लाख एवं न्यूनतम बिक्री मूल्य (आरंभिक बोली मूल्य) 35,000/- निर्धारित किया गया है। बोली लगाने से पूर्व राशि 7800 रू. नगद/ड्राफ्ट आयोग कार्यालय में जमा कराना आवश्यक है। सामग्री का अवलोकन आयोग कार्यालय में उपस्थित होकर नीलामी के समय या पूर्व में किया जा सकता है। सामग्री की बिक्री एकमुश्त की जायेगी। नियमानुसार जी.एस.टी. व आयकर सफल बोलीदाता द्वारा पृथक से स्वयं जमा करवाया जायेगा। अधिकतम बोली स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सचिव राजस्थान लोक सेवा आयोग का होगा। नीलामी की शर्तें आयोग की वेबसाईट www.rpsc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

DIPR/C/6284/2026 सहा. सचिव

क्रमांक: 4931 दिनांक: 25.03.2026

**NIB PWD2526A6291**
**निविदा सूचना सं. 33/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से भवन निर्माण/सड़क निर्माण कार्यों हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं केन्द्रीय/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में कुल 14 पैकेज/कार्यों, जिनकी कुल लागत राशि रुपये 131.18 लाख है, के लिए ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदाएं आमन्त्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा फार्म डाउनलोड एवं अपलोड करने की तारीख एवं समय | दिनांक 30.03.2026 प्रात: 9.30 बजे से दिनांक 10.04.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक |

निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण वेबसाईट www.dipronline.org पर एवं निविदा दस्तावेज का विवरण वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in एवं sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया https://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाइन सम्पादित की जावेगी।

UBN No. : 1. PWD2526WSOB26258, 2. PWD2526WSOB26259, 3. PWD2526WSOB26260, 4. PWD2526WSOB26261, 5. PWD2526WSOB26262, 6. PWD2526WSOB26263, 7. PWD2526WSOB26264, 8. PWD2526WSOB26265,9. PWD2526WSOB26266, 10. PWD2526WSOB26267, 11. PWD2526WSOB26268, 11. PWD2526WSOB26269, 12. PWD2526WSOB26270, 13. PWD2526WSOB26271, 14. PWD2526WSOB26271

DIPR/C/6245/2026

अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. जिला खण्ड, अजमेर

## उष्ट्र संरक्षण योजना के तहत आवेदन शिविर का आयोजन



**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** उष्ट्र संरक्षण योजना के तहत प्रथम किस्त के आवेदनो के लिए बुधवार दिनांक 1 अप्रैल को रजिस्ट्रेशन शिविर का आयोजन किया गया। संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग डॉ हनुमान सहाय मीणा ने बताया की शिविर में 50 ऊंटों का रजिस्ट्रेशन किया गया। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग जयपुर डॉ हनुमान सहाय मीना एवं पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ सागर कुमार मीना, भूपेन्द्र मीना पुरण मीना विष्णु मीना की उपस्थिती में आवेदन किए गए।पशु चिकित्सालय चावण्डिया में ग्राम धुलारावजी के पशुपालको को इस योजना से लाभन्वित किया गया।

## संयुक्त निदेशक कृषि ने किया चौथ का बरवाड़ा क्षेत्र का निरीक्षण



**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक लखपत लाल मीणा ने बुधवार को चौथ का बरवाड़ा क्षेत्र का दौरा कर उर्वरक उपलब्धता, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन एवं कृषि आदान वितरण प्रणाली की गहन समीक्षा की। उन्होंने आदान विक्रेताओं को निर्देशित करते हुए कहा कि किसानों को समय पर गुणवत्तायुक्त उर्वरक उपलब्ध कराना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा जिले में उर्वरकों की उपलब्धता पूर्णतः संतोषजनक है। निरीक्षण के दौरान विभिन्न अधिकृत आदान विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर स्टॉक का भौतिक सत्यापन, वितरण रजिस्टरों का परीक्षण एवं पीओएस मशीनों के माध्यम से की जा रही बिक्री की समीक्षा की गई। संयुक्त निदेशक ने स्पष्ट किया कि उर्वरक वितरण में पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु डिजिटल रिकॉर्ड संधारित किया जाना अनिवार्य है। उर्वरकों की गुणवत्ता एवं उपलब्धता की सतत निगरानी के लिए विभाग द्वारा 16 निरीक्षकों की विशेष टीम गठित की गई है, जो नियमित रूप से क्षेत्र में निरीक्षण कर रही है।

## सिकंदरा थाने थाने से 10 मीटर दूर ओवरलोड पिकअप का 'हवाई तमाशा' विदेशी सैलानी ने तस्वीर खींच कहा ओह माय गॉड

**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** जिले के सिकंदरा थाना क्षेत्र से सामने आई एक चौंकाने वाली तस्वीर ने प्रशासनिक व्यवस्था की पोल खोल दी है। थाने से महज 10 मीटर दूरी पर लकड़ी के गुटकों से लदी एक ओवरलोड पिकअप का अगला हिस्सा हवा में उठ गया और वाहन मेगा हाईवे के बीच खड़ा होकर हादसे का सबब बन गया। हैरानी की बात यह रही कि जिस जगह यह खतरनाक स्थिति बनी, वहां से थाना चंद कदमों की दूरी पर है, लेकिन मौके पर न तो पुलिस की सक्रियता दिखी और न ही कोई त्वरित कार्रवाई। इस पूरे घटनाक्रम को देख एक विदेशी सैलानी तक हैरान रह गया और उसने तस्वीर खींचकर हालात पर सवाल खड़े कर दिए। अब यह तस्वीर क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।घटना के दौरान सड़क पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और तमाशबीनों का जमावड़ा लगा रहा, लेकिन जिम्मेदार तंत्र पूरी तरह नदारद नजर आया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में ओवरलोड वाहनों का संचालन खुलेआम हो रहा है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है। सबसे गंभीर सवाल





सिकंदरा थाना पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठ रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, थाने के बाहर तैनात संतरी तक मौके पर मौजूद नहीं मिला, जिससे सुरक्षा व्यवस्था की हकीकत सामने आ गई। यदि समय रहते स्थिति नहीं संभाली जाती, तो बड़ा हादसा हो सकता था।

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. खण्ड केकड़ी**

क्रमांक-3734 दिनांक: 24.03.2026

**ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना संख्या : 30/2025-26**
**NIB Code : PWD2526A6279**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से सा.नि.वि. खण्ड केकड़ी में विभिन्न कार्यों हेतु उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों जो कि केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, डाक एवम् दूर संचार रेलवे या अन्य राज्य सरकार/केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनों जो कि राजस्थान सरकार के 'एए', 'ए', 'बी', 'सी' व 'डी' श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑन लाइन निविदा आमन्त्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा में कुल कार्य | 04 (चार) |
| कार्य का नाम | Various Building Works under PWD Dn Kekri |
| निविदा की कुल लागत | 41.28 लाख |
| धरोहर राशि 2 प्रतिशत | 82560/- |
| ऑनलाइन निविदा फॉर्म मिलने की दिनांक | दि. 25.03.2026 प्रात: 9.00 बजे से दि. 06.04.2026 सायं 6.00 बजे तक |
| ऑनलाइन निविदा फार्म जमा कराने की दिनांक | दि. 25.03.2026 प्रात: 9.00 बजे से दि. 06.04.2026 सायं 6.00 बजे तक |
| ऑनलाइन निविदा खोलने की दिनांक | दि. 07.04.2026 दोपहर 12.00 बजे |
| निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि जमा बाबत् | शासन सचिव, राजस्थान सरकार वित्त (सामान्य एवं लेखानियम विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ.6 (5) वित्त/साविलेनी/2018 जयपुर दिनांक 27.04.2022 के अनुसार निविदा दाता द्वारा ईग्रास पर प्रोफाईल बनाने के बाद ई प्रोक्यूरमेन्ट हेतु बोली दस्तावेज मूल्य एवं RISL फीस का भुगतान एक ही चालान से ऑनलाइन जमा करवाया जायेगा। जिसमें से RISL फीस बजट मद 8658-00-102-(16)-[02] (निर्माण विभाग) निर्धारित राजस्व मद में बिडर द्वारा जमा कराने हेतु ई-ग्रास पर प्रावधान उपलब्ध रहेगा एवं निविदा शुल्क बजट मद 0075-00-800-52-01 (निर्माण प्रपत्र शुल्क) में करवाया जायेगा। बिड सिक्यूरिटी राशि बजट मद 8443-108 (निर्माण विभाग) में डिविजन कोड 19250 का चयन ई-ग्रास पर किया जाकर जमा कराना अनिवार्य होगा। |

निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण वेबसाईट http://dipr.rajasthan.gov.in/tender.asp तथा http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेब साईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

(भीमसिंह मीना)
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड, केकड़ी

DIPR/C/6253/2026

## आज 2 अप्रैल को गूंजेगा जय राम


# बजरंग धोरा धाम में हनुमान जन्मोत्सव पर भव्य आयोजन, 24 घंटे दर्शन

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** आस्था, भक्ति और उत्साह का केंद्र बजरंग धोरा धाम एक बार फिर हनुमान जन्मोत्सव पर श्रद्धालुओं से भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहेगा। आज 2 अप्रैल 2026 को यहां भव्य मेले का आयोजन होगा, जिसमें दूर-दूर से भक्त बाबा के दर्शन के लिए पहुंचेंगे। बजरंग धोरा विकास समिति के आशीष दाधीच ने बताया कि इस अवसर पर मंदिर परिसर को आकर्षक रोशनी एवं सजावट से भव्य रूप दिया गया है। विशेष रूप से सजावट के लिए जयपुर से 101 किलो मोगरा, गुलाब, हज़ारा, गेंदा, रोकडी के सुंदर और विशेष फूल मंगवाए गए हैं, जिनसे मंदिर की शोभा और भी बढ़ गई है। पंडित ब्रजमोहन दाधीच द्वारा हनुमान प्रतिमा का विधिवत अभिषेक कर विशेष श्रृंगार किया गया है तथा भव्य दरबार सजाया है , जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा। साथ ही मंदिर के संस्थापक रामचंद्र जी दाधीच तथा ओमप्रकाश जी दाधीच एवं सरला देवी दाधीच की मूर्तियों का पूजारी परिवार द्वारा विधिवत पूजन किया जाएगा। मंदिर के प्रधान पुजारी मनमोहन दाधीच ने बताया कि आज बुधवार की दोपहर 12 बजे महाआरती के पश्चात बाबा को 701 किलो बूंदी प्रसाद का भोग अर्पित किया जाएगा, जिसे बाद में भक्तों में वितरित किया जाएगा। समिति के सचिव आशीष दाधीच ने जानकारी दी कि बाबा को छप्पन भोग अर्पित किए जाएंगे तथा सायंकाल 7:45 बजे भव्य आरती का आयोजन होगा।

मेले के दौरान लक्ष्मण पारीक एंड पार्टी द्वारा भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठेगा। अनुज दाधीच ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कार्यकर्ताओं की विशेष टीम तैनात रहेगी। मंदिर समिति एवं प्रशासन के सहयोग से सुरक्षा व व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, जिनमें पुलिसकर्मी भी मौजूद रहेंगे। हर वर्ष की भांति इस बार भी हनुमान जन्मोत्सव पर बाबा के 24 घंटे दर्शन खुले रहेंगे, जिससे अधिक से अधिक भक्त दर्शन लाभ प्राप्त कर सकेंगे। सेवादारों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए चाय, पानी की निःशुल्क व्यवस्था भी निरंतर जारी रहेगी, जो यहां की सेवा परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है।



# खेत के ऊपर से गुजर रही बिजली की लाइन में हुए शॉर्ट सर्किट से लगी आग



## खेत में नीचे रखा ईंधन और चारा जलकर हुआ राख

**नदबई (हुक्मनामा सामाचार)।** क्षेत्र के नाम गांव में खेत के ऊपर से गुजर रही बिजली की तारों में हुए शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारी ने बड़ा नुकसान कर दिया। चिंगारी नीचे रखे तूरा और ईंधन पर गिरते ही आग भड़क उठी, जिससे करीब 45 से 50 हजार रुपए तक का नुकसान हो गया।

**शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारी बनी आग की वजह**- जानकारी के अनुसार, गांव में कलुआ, पूरन सहित तीन भाइयों ने अपने खेत में करीब तूरा और ईंधन एक स्थान पर इकट्ठा कर रखा था। इसी दौरान खेत के ऊपर से गुजर रही बिजली की तारों में अचानक शॉर्ट सर्किट हुआ और उससे निकली चिंगारी नीचे गिर गई।

**देखते ही देखते भड़की आग, ग्रामीणों में मचा हड़कंप**- चिंगारी गिरते ही तूरा और लकड़ी ने आग पकड़ ली और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आग फैलने से आसपास के ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग लगातार फैलती गई।

**दमकल टीम ने मौके पर पहुंचकर पाया काबू**- घटना की सूचना मिलते ही नदबई नगर पालिका की दमकल टीम मौके पर पहुंची। दमकल कर्मी शुभम, ऐश्वर्य और राजू ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था।

**तहसीलदार ने लिया जायजा, सहायता का दिया आश्वासन**- घटना की जानकारी मिलते ही तहसीलदार तरुण कुमार भी मौके पर पहुंचे और नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि, आग से पीड़ितों को करीब 45 से 50 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। साथ ही उन्होंने प्रभावित परिवारों को हर संभव सरकारी सहायता दिलाने का आश्वासन भी दिया।

## 227 हाई रिस्क गांवों में लगेंगे आयुष्मान आरोग्य शिविर, हरी झंडी दिखाकर निक्षय वाहन को किया रवाना



**चूरू (हुक्मनामा सामाचार)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में जिले में 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 227 हाई रिस्क गांवों में आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया जाएगा। इस क्रम में बुधवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज शर्मा ने निक्षय वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान जिले में टीबी मरीजों की स्क्रीनिंग व बीपी, शुगर व हीमोग्लोबिन की जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा चिन्हित 227 हाई रिस्क गावों में हेल्ड हैंड एक्स-रे मशीन से ज्यादा से ज्यादा एक्स-रे एवं बलगम की जांच की जाए।

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ वेद प्रकाश ने बताया की राज्य सरकार के 30 पॉईंट के आधार जिले के 227 गांवों को हाई रिस्क गांव माना है, इनमें रतनगढ़ में 30, चूरू में 27, राजगढ़ में 30, सरदारशहर में 60, तारानगर में 26, सुजानगढ़ में 29 व बीदासर में 25 हाई रिस्क गावों में आयुष्मान आरोग्य शिविर लगाए जाएंगे।

## उप निरीक्षक / प्लाटून कमांडर परीक्षा- 2025 के सफल आयोजन हेतु दिया प्रशिक्षण

**चूरू (हुक्मनामा सामाचार)।** जिले के चूरू व रतनगढ़ में 05 व 06 अप्रैल को राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर द्वारा उप निरीक्षक / प्लाटून कंमाडर परीक्षा के सफल आयोजन हेतु जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में बुधवार को जिला परिषद सभागार में उप समन्वयक, केद्राधीक्षक, अतिरिक्त केंद्राधीक्षक व पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया।

**05 व 06 अप्रैल को चूरू मुख्यालय व रतनगढ़ उपखंड मुख्यालय पर होगी परीक्षा**- उप निरीक्षक / प्लाटून कमांडर परीक्षा चूरू जिला मुख्यालय पर 21 तथा रतनगढ़ उपखंड मुख्यालय पर 09 परीक्षा केंद्रों पर 05 व 06 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। परीक्षा के दौरान 05 अप्रैल को प्रत्येक पारी में जिले में 8920 एवं 06 अप्रैल को 8919 परीक्षार्थी भाग लेंगे।

प्रशिक्षकों ने प्रशिक्षण में बताया कि परीक्षार्थी के लिए निर्धारित ड्रेस कोड के अनुसार परीक्षा में परीक्षार्थी को नीले पेन, मूल फोटोयुक्त आईडी, रंगीन फोटो के साथ आधे आस्तीन की शर्ट, पतलून, साड़ी में प्रवेश अनुमत होगा। किसी भी प्रकार के आभूषण अनुमत नहीं होंगे। गहन सुरक्षा प्रवेश द्वार पर हेंड हेल्ड मशीन द्वारा परीक्षार्थी की गहन सुरक्षा जांच के बाद प्रवेश मिलेगा।

## कथा भागवत समापन पर हवन यज्ञ के साथ हुआ भंडारा:

# सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पंगत में बैठकर पाई प्रसादी



**बयाना (हुक्मनामा सामाचार)।** बयाना के गांव शेरगढ़ में चल रही संगीतमय भागवत कथा के समापन पर बुधवार को हवन यज्ञ के साथ भंडारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कथा व्यास प्रेमजी शास्त्री के सानिध्य में हुए हवन यज्ञ में श्रद्धालुओं ने मानव कल्याण की कामना को लेकर आहुतियां डाली। इस अवसर पर कथा व्यास ने कहा कि हवन यज्ञ का आध्यात्मिक और वैज्ञानिक महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि हवन से वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और नकारात्मक ऊर्जा का क्षय होता है। भंडारे में श्रद्धालुओं ने पंगत में बैठकर खीर-पुआ, सब्जी की प्रसादी ग्रहण की। इसके साथ ही भजनों पर महिला श्रद्धालुओं ने नृत्य किया। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राजाराम उपाध्याय, कैलाश पाराशर, सहकारी समिति अध्यक्ष गिरजेश शर्मा, पूर्व पार्षद गौरव शर्मा, योगेश सहारिया, अनिल पाराशर, गिरीश शर्मा आदि कई लोग मौजूद रहे।

# पुराने शिक्षकों को टीईटी (TET) पास करने की बाध्यता का शिक्षक संघ सियाराम ने किया विरोध



**बयाना (हुक्मनामा सामाचार)।** राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम उपशाखा बयाना ने अनुभवी शिक्षकों के लिए टीईटी (ञ्शश्ञ्) अनिवार्य करने और ग्रीष्मकालीन अवकाश में कटौती के राज्य सरकार के फैसले का विरोध किया है। बुधवार शाम शिवगंज कृषि मंडी पार्क में आयोजित एक बैठक में संघ ने मांगें पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

संघ पदाधिकारियों ने कहा कि सितंबर 2025 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत 2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों के लिए टीईटी पास करना अनिवार्य किया गया है। हालांकि, 20-25 साल से सेवा दे रहे शिक्षकों के लिए यह शर्त अव्यावहारिक है। संगठन ने इस आदेश के विरोध में दिल्ली में होने वाले प्रदर्शन में शामिल होने का आह्वान किया।

बैठक में राज्य सरकार द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश में 10 दिन की कटौती पर भी नाराजगी जताई गई। शिक्षकों ने मांग की कि शैक्षणिक सत्र पूर्व की तरह 1 जुलाई से ही शुरू किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि अवकाश में कटौती की जाती है, तो इसके बदले तीन उपार्जित अवकाश दिए जाएं। संस्था प्रधान के एक साधिकार अवकाश को कम करने पर भी रोष व्यक्त किया गया।

शिक्षकों ने सरकार से गैर-शैक्षणिक कार्यों से मुक्त रखने की मांग की, ताकि वे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर सकें। इसके अतिरिक्त, थर्ड ग्रेड शिक्षकों की डीपीसी (पदोन्नति) और स्थानांतरण प्रक्रिया को जल्द पूरा करने की मांग भी उठाई गई।

बैठक में प्रदेश अतिरिक्त महामंत्री बदन सिंह मीना मुख्य अतिथि रहे, जबकि प्रदेश शैक्षिक प्रकोष्ठ सदस्य पुरुषोत्तम लाल पाराशर और प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य त्रिलोक उपाध्याय विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष बृजकिशोर शर्मा ने की। संघ ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने उनकी मांगों पर सकारात्मक रुख नहीं अपनाया, तो आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा। इस दौरान जिला सभाध्यक्ष अशोक शर्मा, डॉ. विशम्भर मीना, जिला मंत्री वासुदेव योगी सहित कई अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## हनुमान महोत्सव की तैयारियों को दिया अंतिम रूप



**रतनगढ़ (हुक्मनामा सामाचार)।** स्थानीय शक्ति पीठ श्री बालाजी धाम (मेहन्दीपुर घाटा बालाजी धाम) में हनुमान जन्म महोत्सव की तैयारियों को जोशी पुजारी परिवार द्वारा उत्सव धूमधाम से मनाने की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मन्दिर पुजारी पंडित गोतम जोशी व ब्रजबिहारी उर्फ टंडन जोशी ने संयुक्त रूप से बताया कि हनुमान महोत्सव पर गत 29 मार्च से सामूहिक सुन्दरकाण्ड पाठ (विद्वान पंडितों द्वारा) प्रात: 8.15 बजे से सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ (विद्वान पंडितों द्वारा) सायं 7.15 बजे से तक किया जा रहा है, जिसकी पूर्णाहुति आगामी 4अप्रैल को पूर्ण वैदिक विधान से की जाएगी। पुजारी परिवार के कुंजबिहारी जोशी ने बताया कि बाबा का चोला का विशेष श्रृंगार 1अप्रैल सायंकाल को होगा। चैत्र सुदी पूर्णिमा महोत्सव 2 अप्रेल को छप्पन भोग, सवामणी व भंडारा होगा। राहुल जोशी ने बताया कि रात्रि में आयोजित भजन संध्या में भजन गायककार राजकुमार मंगलहारा, योगी शर्मा , गोरव पारीक व त्रिचना पारीक सहित कई_थानीय भजन गायककार अपने भजनों की प्रस्तुति बालाजी को रिझायेंगे। 3 अप्रैल शुक्रवार प्रात: 11.15 बजे से शक्ति प्रसन्नता हवन व 4 अप्रेल शनिवार रात्रि 10.15 बजे से संकट मोचन हवन के हनुमान जन्म महोत्सव सम्पन्न होगा।

# ताजुशाह तकिया क्षेत्र में जमा गंदे पानी से आमजन परेशान



**चूरू (हुक्मनामा सामाचार)।** वार्ड 30 स्थित ताजुशाह तकिया क्षेत्र में गंदे पानी का चैम्बर अवरूद्ध होने के कारण जमा गंदे पानी से आमजन का हाल-बेहाल है। आपको बतादें कि इसके पास ही शिव मंदिर स्थित है, जिससे लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वार्डवासियों ने बताया कि इस वार्ड की दोनों गलियों में चौबीस घंटे पानी भरा रहता है। गली में बनी दोनों साइड की नालियों का पानी नगर परिषद द्वारा बनाये गये चैम्बर में नहीं जा रहा है। नगर परिषद् द्वारा बनाये गये पम्प हाउस से चैम्बर में जो पानी छोड़ा जाता है, वह भी दोनों नालियों में आ जाता है। इससे 200 घरों के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे स्कूली विद्यार्थियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वार्डवासियों ने बताया कि नगर परिषद् को अवगत कराने के बाबजूद भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है और यह समस्या जस की तस बनी हुई है।

# बिरला शिशु विहार में हवन के पावन मंत्रों के साथ नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ



**पिलानी (हुक्मनामा सामाचार)।** बिरला शिशु विहार, पिलानी में नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 की शुरुआत आज पावन हवन एवं आशीर्वाद समारोह के साथ हुई। विद्यालय परिसर में आयोजित इस शुभारंभ कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं विद्यालय के सभी कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हवन का मुख्य उद्देश्य आगामी वर्ष के लिए मंगलकामनाएँ प्राप्त करना एवं सभी के लिए समृद्ध, सफल और सकारात्मक वातावरण का निर्माण करना था।

हवन का अनुष्ठान विद्यालय के प्राचार्य पवन वशिष्ठ द्वारा विधिवत रूप से प्रज्वलित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने हवन की परंपरा और भारतीय संस्कृति में इसकी आध्यात्मिक एवं सामाजिक महत्ता पर प्रकाश डाला। प्राचार्य ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि हवन न केवल वातावरण को शुद्ध करता है, बल्कि यह विद्यालय में सामंजस्यपूर्ण, अनुशासित और सकारात्मक शिक्षण माहौल की नींव भी मजबूत करता है। इस अवसर पर सभी शिक्षकगण और विद्यार्थी उपस्थित थे।

उन्होंने विद्यार्थियों को नए सत्र को नई ऊर्जा, उत्साह और समर्पण के साथ अपनाने का संदेश दिया। प्राचार्य ने कहा, 'बिरला शिशु विहार सदैव गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों की मजबूत नींव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमें आशा है कि यह नया सत्र सभी के लिए सीखने, विकास और उपलब्धियों से परिपूर्ण रहेगा।'

कार्यक्रम के दौरान वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ पवित्र अग्नि में आहुतियाँ अर्पित की गईं। इस अवसर पर भारतीय परंपरा में हवन के महत्व, पर्यावरण की शुद्धि में उसकी भूमिका तथा सामुदायिक सद्भाव निर्माण पर भी चर्चा की गई। विद्यार्थियों ने अनुष्ठान में सक्रिय रूप से भाग लेकर अनुशासन, सम्मान एवं सामूहिकता जैसे मूल्यों को और अधिक सुदृढ़ किया।

## श्री कल्याण धाम में गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव 1100 हनुमान चालीसा पाठ और 21 किलो रोटे का होगा विशेष भोग

**सीकर (हुक्मनामा सामाचार)।** श्री कल्याण धाम सीकर में हनुमान जन्मोत्सव का भव्य आयोजन 2 अप्रेल गुरुवार को धर्मगुरु सनातन रत्न महंत विष्णु प्रसाद शर्मा के सानिध्य में किया जाएगा। इस अवसर पर बालाजी महाराज की महाआरती के साथ विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। श्री कल्याण धाम के व्यवस्थापक रवि प्रसाद शर्मा ने बताया कि गुरुवार को सुबह 8:30 बजे बालाजी महाराज की महाआरती की जाएगी। इसके बाद 1100 हनुमान चालीसा के पाठ किए जाएंगे। भक्तों के लिए विशेष आकर्षण 21 किलो रोटे का भोग होगा, जो बालाजी महाराज को लगाने के बाद भक्तों में वितरित किया जाएगा।श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति की संभावना को देखते हुए मंदिर परिसर में विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं।

# मणकसास अन्नपूर्णा रसोई में तोड़फोड़ गाली-गलौज

**झुंझुनूं (हुक्मनामा सामाचार)।** जिले के उदयपुरवाटी थाना क्षेत्र से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां मणकसास गांव में देर रात अन्नपूर्णा रसोई में जमकर तोड़फोड़ और मारपीट का मामला सामने आया है।

बताया जा रहा है कि देर रात शराब के नशे में धुत कुछ युवकों ने अन्नपूर्णा रसोई में घुसकर तोड़फोड़ की और वहां मौजूद महिलाओं के साथ गाली-गलौज की। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। अन्नपूर्णा रसोई संचालित करने वाली महिलाओं ने आरोप लगाया है कि आरोपियों द्वारा उन पर दबाव बनाने की कोशिश की गई, जिससे उनमें डर और भय का माहौल बना हुआ है।महिलाओं का कहना है कि उन्होंने रात करीब 8 बजे पुलिस को सूचना दी, लेकिन पुलिस करीब 11 बजे मौके पर पहुंची, जिससे लोगों में नाराजगी भी देखी जा रही है।पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को हिरासत में लिया है, जबकि दो अन्य आरोपी मौके से फरार बताए जा रहे हैं।फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# नवलगढ़ में श्री राम कथा महोत्सव: आठवें दिन अनुसूया-सीता मिलन प्रसंग ने भाव-विभोर किया



**नवलगढ़ (हुक्मनामा सामाचार)।** नवलगढ़ नानसागेट स्थित पीएनबी बैंक के पास चल रहे श्री राम कथा महोत्सव के आठवें दिन का आयोजन भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। कथा वाचक ज्योतिषाचार्य पं. आदित्य नारायण सुरोलिया ने अनुसूया और सीता मिलन का मार्मिक प्रसंग सुनाकर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। उन्होंने बताया कि वनवास काल में जब भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण ऋषि-मुनियों के आश्रमों में भ्रमण करते हुए महर्षि अत्रि ऋषि के आश्रम पहुंचे, तब वहां माता अनसूया ने उनका स्नेहपूर्वक स्वागत किया। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। इस अवसर पर गायत्री देवी जुगल किशोर शर्मा अखिलेश शर्मा याग्नेश शर्मा अवधेश शर्मा कृष्ण कुमार मुरली मनोहर चौबदार ओमप्रकाश शराफ, ओमप्रकाश शर्मा,राजेंद्र छावसारिया,मन्नालाल रुथला,वेद प्रकाश शर्मा वासुदेव ट्रेलर सज्जन जोशी श्री किसन केरुवाला, श्रीकांत पारीक वेद प्रकाश शर्मा सूर्यकांत पीपलवा शिवकुमार तिवारी शीतल प्रसाद पारीक विनोद शर्मा संतोष चतुर्वेदी शशिकांत भारद्वाज मुरारी विवाह सरिया संजय सिंगरोदिया हरिप्रसाद सैनी श्रीकांत पारीक दीपक तिवारी राकेश शर्मा योगेंद्र शर्मा अर्जुन लाल सैनी राहुल शर्मा,सहित सैकड़ो की संख्या में शहर के धर्म प्रेमियों ने राम कथा का रसपान किया। पूरा परिसर भक्ति रस में सराबोर रहा। यह प्रसंग नारी शक्ति, मर्यादा और आदर्श जीवन मूल्यों का प्रेरणादायक संदेश देता है।

# रेलवे स्टेशन पर 'राइजेन स्कोर' से होगी चकाचक सफाई

## अमृत भारत योजना के तोहफा



**सीकर (हुक्मनामा सामाचार)।** फतेहपुर शेखावाटी में अब हाईटेक सफाई! फतेहपुर स्टेशन पर लगी बोबे हाइड मशीन, ठेका प्रणाली से शुरू हुआ नया अध्याय,'अमृत भारत स्टेशन' योजना के तहत शेखावाटी अंचल के हृदय स्थल फतेहपुर शेखावाटी रेलवे स्टेशन का स्वरूप अब एक बार फिर बदल गया है। यात्रियों को बेहतर सुविधाएं देने के क्रम में अब स्टेशन पर सफाई की नई व्यवस्था 1 अप्रैल से लागू कर दी गई है। बुधवार से दिल्ली की एक कंपनी के ठेका प्रथा के तहत 'राइजेन स्कोर बोबे हाइड मशीन' से सफाई का काम शुरू हो गया।

यह आधुनिक मशीन प्लेटफॉर्म से लेकर स्टेशन परिसर को कम समय में अधिक प्रभावी ढंग से साफ करेगी।स्टेशन मास्टर मनोज चौधरी ने बताया कि इस नई व्यवस्था के तहत काम के निर्धारित समय में अच्छी मशीनों से सफाई की जाएगी, जिससे यात्रियों को स्वच्छ वातावरण मिल सकेगा। इससे स्टेशन की साफ-सफाई को लेकर यात्रियों की लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान होने की उम्मीद जताई जा रही है।

मुख्यमंत्री ने आदर्श विद्या मंदिर राजापार्क में बहुउद्देशीय सभागार का किया लोकार्पण

# हमारी सरकार शिक्षा के सुदृढ़ीकरण के लिए तत्परता से कर रही काम : भजनलाल शर्मा

- हर बच्चे तक पहुंचे शिक्षा की रोशनी
- विद्यालय विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों और संस्कारों के विकास के केन्द्र बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में शिक्षक की भूमिका अहम



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों में संस्कार के बीज बोते हैं। शिक्षक विद्यार्थी के जीवन में विद्या दान देकर उन्हें मजबूत बनाते हैं और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि आदर्श विद्या मंदिर संस्थान केवल एक विद्यालय नहीं, बल्कि समाज में निस्वार्थ सेवा, सहयोग और करुणा भी भावना का विस्तार कर रही है। बच्चों में शिक्षा के साथ यह विद्यालय नैतिक मूल्यों एवं संस्कारों पर बल देता है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शिक्षा के सुदृढ़ीकरण के लिए तत्परता से कार्य कर रही है। हम पंडित दीनदयाल उपाध्याय की अंत्योदय की अवधारणा पर कार्य करते हुए अंतिम पंक्ति पर बैठे व्यक्ति के उत्थान के लिए कार्य कर रहे हैं। शर्मा बुधवार को आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय, राजापार्क में बहुउद्देशीय सभागार के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नवीन सभागार के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति, शिक्षकों और भामाशाहों को बधाई देते हुए कहा कि यह सभागार उन हजारों सपनों की नींव पर खड़ा हुआ है।

### आदर्श विद्या मंदिर ने समाज में फैलाया मानवता का संदेश

मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों में करुणा का भाव विकसित करना विद्यालयों का दायित्व है, जिससे उनमें वसुधैव कुटुम्बकम की भावना फलीभूत हो। उन्होंने कहा कि जिस देश के बच्चे अपनी विरासत को जानते हैं, उस देश के विकास को कोई भी नहीं रोक सकता। आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय धार्मिक, सांस्कृतिक और शैक्षिक कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जोड़ने का काम करते हैं। साथ ही, शांति, सद्भाव और मानवता का संदेश यहां से निकलकर पूरे समाज में फैला है।

### भारत के पास दुनिया की सबसे बड़ी युवा शक्ति

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी देश का सबसे बड़ा धन उसकी युवा पीढ़ी होती है। युवा शक्ति राष्ट्र की दशा और दिशा बदल सकती है। भारत के पास दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी है, जो हमारी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि शिक्षक बच्चों के व्यक्तित्व को गढते हैं। विद्यार्थी जब आगे बढ़ते हैं, तो उनके हर कदम में गुरु का आशीर्वाद होता है। वे युवाओं में शिक्षा के साथ ही संस्कार और देश के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि जब एक शिक्षित युवा समाज में जाता है।

### हमारी सरकार के कार्यकाल में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ

मुख्यमंत्री ने कहा कि गत सरकार के समय पेपरलीक जैसे प्रकरणों से युवाओं के सपने चूर-चूर हो गए थे, लेकिन हमारी सरकार के कार्यकाल में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ है। हमारी सरकार युवाओं के सपनों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। युवाओं को 4 लाख सरकारी क्षेत्र में एवं 6 लाख निजी क्षेत्र में रोजगार देने के लक्ष्य के साथ कार्य किया जा रहा है। अब तक 1 लाख 25 हजार नियुक्तियां दी जा चुकी हैं। 1 लाख 33 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन है तथा 1 लाख से ज्यादा पदों का भर्ती कैलेण्डर जारी किया जा चुका है। उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चन्द बैरवा ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों में ज्ञान अर्जन ही नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण एवं मूल्यों का विकास करते हैं। शिक्षा के माध्यम से व्यक्ति का समग्र विकास होता है। विद्या भारती द्वारा शुरू किए गए आदर्श विद्या मन्दिर विद्यालय विद्यार्थियों में शिक्षा के साथ संस्कार भी विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की अवधारणा के अनुसार हम सभी को राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभानी चाहिए। इससे पहले शर्मा ने फीता खोलकर सभागार का लोकार्पण किया तथा पट्टिका का अनावरण भी किया। उन्होंने परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं तथा भवन निर्माण में सहयोग देने वाले भामाशाहों का सम्मान किया।

# मुख्यमंत्री ने ली रामजल सेतु लिंक परियोजना की बैठक



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि रामजल सेतु लिंक परियोजना की डीपीआर का तकनीकी परीक्षण केन्द्रीय जल आयोग द्वारा कर लिया गया है। उन्होंने अधिकारियों को परियोजना के वित्त पोषण के लिए पीआईबी नोट को शीघ्र अंतिम रूप देने और इसके लिए केन्द्र सरकार से आवश्यक समन्वय स्थापित करने के निर्देश प्रदान किए।

उन्होंने अधिकारियों को परियोजना के विभिन्न घटकों में तेजी लाने और मिशन मोड पर काम करने के निर्देश दिए। शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में रामजल सेतु लिंक परियोजना (संशोधित पार्बती-कालीसिंध-चम्बल लिंक परियोजना) के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने परियोजना के पूर्ण एवं प्रगतिरत कार्यों की जानकारी लेते हुए शेष कार्यों को निश्चित समयावधि में पूर्ण करने के स्पष्ट निर्देश प्रदान किए। साथ ही, परियोजना के माध्यम से पेयजल आपूर्ति शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि परियोजना की प्रगति के संबंध में मंत्री एवं मुख्यमंत्री स्तर पर नियमित बैठक आयोजित की जाए। सतत पर्यवेक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों से मासिक प्रगति रिपोर्ट ली जाए। उन्होंने परियोजना से प्रभावितों को मुआवजे के संबंध में विशेष निर्देश दिए। उन्होंने बीसलपुर से मोर सागर (अजमेर), ईसरदा से बंध बारैठा (भरतपुर), ईसरदा से रामगढ (जयपुर), खुरा चैनपुरा से जयसमंद (अलवर) एवं ब्राह्मणी बैराज के कार्यों की विस्तृत जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। शर्मा ने परियोजना के विभिन्न घटकों के अलाइनमेंट की जानकारी भी ली और परियोजना से संबंधित समस्त कार्यों का सघन पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिए।

## खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में राजस्थान का दमदार प्रदर्शन

### कुश्ती में चार पदक जीतकर बढ़ाया गौरव

- अमित कुमार मीणा (125 किग्रा) - रजत पदक
- राकेश कुमार मीणा (65 किग्रा) - रजत पदक
- दिनेश सोलंकी (60 किग्रा) - रजत पदक
- बलकेश कुमारी मीना (महिला 68 किग्रा) - कांस्य पदक

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** छत्तीसगढ़ में आयोजित खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में राजस्थान के खिलाड़ियों ने कुश्ती प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश का नाम रोशन किया है। खिलाड़ियों ने अपने दमखम और उत्कृष्ट कौशल के बल पर कुल चार पदक हासिल कर राज्य के खेल इतिहास में एक और उपलब्धि जोड़ दी। प्रतियोगिता में राजस्थान के खिलाड़ियों के परिणाम इस प्रकार रहे।

इन उपलब्धियों पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और समर्पण ने प्रदेश को राष्ट्रीय मंच पर गौरवान्वित किया है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में विश्वास जताया कि ये प्रतिभाशाली खिलाड़ी भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देश और प्रदेश के लिए और अधिक पदक जीतेंगे। उन्होंने प्रदेश के युवाओं से इन खिलाड़ियों से प्रेरणा लेकर खेलों में आगे बढ़ने का आह्वान भी किया।

## न्यूज़ ब्रीफ

### राजस्व मण्डल अध्यक्ष अजिताभ शर्मा ने ली समीक्षा बैठक



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्व मण्डल के नव नियुक्त अध्यक्ष अजिताभ शर्मा ने राजस्व मण्डल से लेकर सभी अधीनस्थ न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण को लेकर बेहतरीन कार्ययोजना की क्रियान्विति पर जोर दिया । उन्होंने बुधवार को राजस्व मंडल प्रशासन एवं सभी मंडल सदस्यों के साथ बैठक में मंडल के कामकाज की विस्तृत समीक्षा करते हुए और बेहतरीन ढंग से कार्य निष्पादन करने के निर्देश दिये। उन्होंने मंडल एवं अधीनस्थ न्यायालयों में लंबित राजस्व प्रकरणों का अधिक गुणवत्ता एवं शीघ्रता से निस्तारण की दिशा में कारगर कदम उठाये जाने पर जोर दिया। उन्होंने इसके लिये मंडल स्तर से प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि राज्य के विविध स्तरीय राजस्व न्यायालयों की सेवाओं को और बेहतर बनाने के प्रभावी प्रयास किये जायेंगे । उन्होंने राजस्व मंडल के प्रशासनिक दायित्वों के बारे में भी राजस्व मंडल निबंधक महावीर प्रसाद एवं समस्त शाखा प्रभारी अधिकारियों से फीडबैक लिया एवं सभी दायित्वों का विधिक प्रावधानों एवं पूर्ण जवाबदेही एवं व्यावहारिक दृष्टिकोण से निर्वहन के निर्देश दिये।

### नरेश कुमार गोयल ने सम्भाला आयुक्त कृषि का कार्यभार



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी श्री नरेश कुमार गोयल ने बुधवार को पंत कृषि भवन में आयुक्त कृषि का कार्यभार ग्रहण किया तथा विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों ने सुश्री चिन्मयी गोपाल को भावभीनी विदाई दी। उन्होंने कहा कि किसानों के हित सर्वोपरि हैं तथा कृषि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए नवाचार, तकनीकी विस्तार और समयबद्ध क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। श्री गोयल ने कहा कि राज्य में किसानों को गुणवत्तायुक्त बीज, उर्वरक एवं कृषि आदानों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। साथ ही उन्होंने खरीफ एवं रबी फसलों के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाकर किसानों की आय बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से कहा कि कृषि योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक बैठे किसान तक पहुंचाने के लिए धरातलीय स्तर पर निगरानी और समन्वय को और अधिक सुदृढ़ बनायें।

एआई से होगी अधिकारियों की परफॉर्मेंस मॉनिटरिंग, हर 15 दिन में समीक्षा

# परिवहन विभाग के प्रमुख शासन सचिव ने संपर्क हेल्पलाइन 181 कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण

- आमजन की शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए
- परिवहन विभाग में 80% तक पहुंची संतुष्टि, और बेहतर करने के निर्देश दिए



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** परिवहन विभाग के प्रमुख शासन सचिव भवानी सिंह देथा ने बुधवार को शासन सचिवालय स्थित राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन (181) कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर विभागीय प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि संपर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का त्वरित, समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। देथा ने जिला स्तर पर दर्ज शिकायतों की स्थिति पर विशेष ध्यान देते हुए कहा कि संबंधित अधिकारी स्वयं परिवादियों से संवाद स्थापित करें। जिन जिलों में निस्तारण प्रतिशत, समाधान पर संतुष्टि का स्तर और औसत निस्तारण समय राज्य स्तर से कमजोर है, वहां तत्काल सुधार किया जाए। उन्होंने बैठक के दौरान कुछ जिलों के अधिकारियों से सीधे बातचीत भी की और कम प्रदर्शन वाले क्षेत्रों में सुधार के निर्देश दिए। प्रमुख शासन सचिव देथा ने बस स्टैंड पर साफ-सफाई, मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता और महिला सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि ड्राइवर और कंडक्टर के व्यवहार संबंधी शिकायतों पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने उन मामलों की भी वास्तविक स्थिति जानी, जिनमें पोर्टल पर संतुष्टि दर्ज की जा चुकी थी। उन्होंने परिवादियों से सीधे संवाद कर फीडबैक लिया और अधिकारियों को निर्देशित किया।

### खरीफ 2026-27 में उर्वरकों की गुणवत्ता व पारदर्शी वितरण के लिए राज्यव्यापी विशेष अभियान 30 अप्रैल तक

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल ने बताया कि खरीफ फसल बुवाई मौसम 2026-27 के मद्देनजर किसानों को समय पर मानक गुणवत्ता के उर्वरक उपलब्ध कराने तथा खाद-उर्वरक वितरण व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा राज्यभर में विशेष गुण नियंत्रण अभियान संचालित किया जा रहा है। यह अभियान 29 मार्च से 30 अप्रैल 2026 तक चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान विशेष रूप से अनुदानित यूरिया के गैर-कृषि एवं औद्योगिक उपयोग पर सख्ती से रोक लगाने हेतु व्यापक निरीक्षण एवं प्रवर्तन कार्यवाही की जा रही है।

## पुलिस हिरासत में बढ़ती मौतें लोकतांत्रिक व्यवस्था और न्याय प्रणाली पर सवालिया निशानः टीकाराम जूली



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** एक वर्ष में मौतों का आंकड़ा हुआ दोगुना, राजस्थान पहुंचा दूसरे स्थान पर जयपुर। राजस्थान विधान सभा में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने प्रदेश में पुलिस हिरासत में बढ़ती मौतों की संख्या पर गम्भीर चिन्ता व्यक्त करते हुए इसे सरकार की विफलता करार दिया है। प्रतिपक्ष के नेता जूली ने इस सम्बन्ध में मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर राज्य की कानून-व्यवस्था के इस अत्यन्त संवेदनशील और चिंताजनक पहलू की ओर ध्यान आकर्षित किया है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि पिछले कुछ महीनों में प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से पुलिस हिरासत में अभियुक्तों की मृत्यु की जो खबरें आ रही हैं, वे न केवल विचलित करने वाली हैं, बल्कि हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था और न्याय प्रणाली पर गम्भीर प्रश्नचिन्ह् खड़ा करती हैं। जूली ने बताया कि पुलिस हिरासत में बंद कैदी और बंदियों की मौतों के मामले में एनएचआरसी की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 25-26 में 15 मार्च तक पूरे देश में 170 कैदियों की मौतें हुई हैं, जिनमें राजस्थान दूसरे स्थान पर है। राज्य के पुलिस कारागारों में पिछले साल मौतों का आंकड़ा 9 था, जो मौजूदा वर्ष में दोगुना होकर 18 पर पहुंच गया है। ये आंकड़े पुलिस की कार्यप्रणाली पर गम्भीर सवाल खड़े करते हैं। जूली ने कहा कि संविधान का अनुच्छेद 21 प्रत्येक नागरिक को जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार देता है। जब एक व्यक्ति पुलिस अभिरक्षा में होता है, तो उसकी सुरक्षा की पूर्ण जिम्मेदारी सरकार की होती है। दुर्भाग्यवश, आंकडे यह दर्शाते हैं कि हिरासत में यातना और अमानवीय व्यवहार के कारण होने वाली मौतों की संख्या में निरन्तर वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस हिरासत में होने वाली हिंसा मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन है। कानून का शासन डराने-धमकाने से नहीं, बल्कि निष्पक्ष जांच से चलता है। अधिकांश मामलों में देखा गया है कि पुलिस हिरासत में मौतों के मामले में दोषी पुलिस कर्मियों के विरूद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई करने के बजाय उन्हें केवल निलंबित कर मामले को ठण्डे बस्ते में डाल दिया जाता है।

फेज वन में पूरे देश में राजस्थान अग्रणी राज्यों में रहा शामिल

# अनुपालना में कमी और विनियमन में शिथिलता द्वितीय चरण की समीक्षा बैठक आयोजित



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार के 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' और सुशासन के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए बुधवार को मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में 'अनुपालन में कमी और विनियमन में शिथिलता' - चरण—2 की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक शासन सचिवालय में आयोजित की गई। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने विभिन्न विभागों द्वारा अनुपालनों को सरल बनाने, डिजिटल समाधानों को अपनाने की प्रगति पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। 'अनुपालन में कमी और विनियमन में शिथिलता'- चरण—2 की समीक्षा बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने प्राथमिकता वाले 28 क्षेत्रों में अनुमोदित कार्ययोजना अनुसार समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा 'अनुपालन में कमी और विनियमन में शिथिलता'-चरण—2 में कुल 28 प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की पहचान की गई है। चरण-। में राजस्थान अग्रणी राज्यों में शामिल रहा है। मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने संबंधित विभागों को को इस उपलब्धि के लिए सराहा तथा चरण-2 में भी इसी ऊर्जा के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित भी किया। वी. श्रीनिवास ने राजस्व एवं पर्यावरण विभाग को उद्योगों को राहत देने के लिए 'डीग्रेडेड फॉरेस्ट' और गैर-वन भूमि का 'लैंड बैंक' तैयार करने व तय समय सीमा में भूमि की पहचान करने एवं जानकारी जिसे परिवेश पोर्टल पर अपलोड करने के लिए कहा।

## जयपुर : हज यात्रियों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर 4 और 5 अप्रैल को, आधुनिक तकनीक से दी जाएगी ट्रेनिंग



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** इस्लाम धर्म के सबसे मुकद्दस सफर 'हज और उमराह' पर जाने वाले जायरीन की सहूलियत के लिए सुन्नी दावते इस्लामी द्वारा दो दिवसीय विशेष हज शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर शनिवार, 4 अप्रैल और रविवार, 5 अप्रैल को शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में आयोजित होगा, जिसमें अनुभवी ट्रेनर्स हज के अरकानों (नियमों) की बारीकियों को समझाएंगे। शिविर का कार्यक्रम और स्थान 4 अप्रैल (शनिवार) : कोहिनूर मैरिज हॉल, सांगानेर।

**5 अप्रैल (रविवार) :** हीरा इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पहाड़गंज।

**समय :** सुबह 9:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक।

पावर पॉइंट और प्रैक्टिकल ट्रेनिंग मुफ्ती अब्दुस्सत्तार रजवी साहब की सरपरस्ती में आयोजित इस शिविर में मुंबई से आ रहे ट्रेनर मौलाना हसनैन नूरी, मौलाना सैय्यद मोहम्मद कादरी और कारी मुहम्मद शकील अशरफी प्रशिक्षण देंगे। शिविर की मुख्य विशेषताएँ निम्नलिखित हैं:

**डिजिटल ट्रेनिंग :** प्रोजेक्टर के जरिए पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन से सफर की हर बारीकी समझाई जाएगी।

**प्रैक्टिकल प्रशिक्षण :** एहराम बांधने का तरीका, तवाफ करने के नियम और अन्य अरकानों का व्यावहारिक अभ्यास कराया जाएगा।

**नियमों की जानकारी:** सऊदी अरब के कानून, एयरपोर्ट के नियम, आवश्यक दस्तावेज और यात्रा के दौरान रखी जाने वाली सावधानियों पर विस्तार से चर्चा होगी।

नई आपराधिक विधियों के प्रभावी क्रियान्वयन से जांच प्रक्रिया में तेजी, तकनीक आधारित पुलिसिंग को मिल रही मजबूती

# महिलाओं से जुड़े अपराधों का 60 दिन में निस्तारण सुनिश्चित करें : मुख्य सचिव



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने महिलाओं से जुड़े अपराधों का 60 दिन में निस्तारण सुनिश्चित करने तथा प्रत्येक एफआईआर की स्थिति दो माह में अद्यतन करने के निर्देश दिए। उन्होंने मेडलीपीआर (मेडिको लीगल एग्जामिनेशन एंड पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट) प्रशिक्षण आयोजित करने, न्याय श्रुति को शीघ्र ऑनबोर्ड करने, जिलों में लोक अभियोजकों की नियमित बैठकें सुनिश्चित करने तथा सिविल राइट्स की सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जीरो एफआईआर, ई-एफआईआर एवं सीसीटीएनएस (क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम्स) के व्यापक उपयोग से तकनीक आधारित पुलिसिंग को सुदृढ़ करते हुए जांच प्रक्रिया को और अधिक गति दी जाए। मुख्य सचिव बुधवार को शासन सचिवालय में आयोजित बैठक में नई आपराधिक विधियों के क्रियान्वयन एवं स्मार्ट पुलिसिंग पहलों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने नागरिकों को एसएमएस अलर्ट, ऑनलाइन ट्रैकिंग एवं ई-समन जैसी सुविधाएं का व्यापक उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अनुसंधान अधिकारियों को ई-साक्ष्य के उपयोग हेतु नियमित प्रशिक्षण देने तथा आपराधिक न्याय प्रणाली से जुड़े सभी स्तंभों- पुलिस, जेल, अभियोजन, फोरेंसिक एवं न्यायिक अधिकारियों के बीच समन्वय को और सुदृढ़ करने पर जोर दिया। उन्होंने न्यायालयों एवं कारागृहों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित कर सुनवाई प्रक्रिया को अधिक सुगम एवं त्वरित बनाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से तकनीकी प्लेटफॉर्म्स का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करें, ताकि जांच की गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता में निरंतर सुधार बना रहे। उन्होंने गंभीर मामलों में फोरेंसिक जांच को प्राथमिकता देने तथा घटनास्थल पर फोरेंसिक टीम की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अजय पाल लाम्बा, पुलिस महानिरीक्षक (राज्य अपराध अभिलेख ब्यूर - एससीआरबी) ने बताया गया कि फोरेंसिक, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग एवं डिजिटल प्रणालियों के एकीकरण से मामलों के निस्तारण में सुधार दर्ज हुआ है। राज्य में आपराधिक मामलों के पंजीकरण, जांच एवं निस्तारण में निरंतर प्रगति हो रही है तथा निर्धारित समयसीमा में मामलों के निस्तारण की दर में वृद्धि से न्यायिक प्रक्रिया में तेजी आई है। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह विभाग भास्कर आत्माराम सांवत; महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा; महानिदेशक जेल अशोक कुमार राठौड़; प्रमुख शासन सचिव विधि एवं विधिक कार्य विभाग; राघवेंद्र काछवाल; तिरूपति कुमार गुप्ता, शासन सचिव, गृह (विधि) एवं निदेशक अभियोजन सहित चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, वित्त विभाग, गृह विभाग, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के उच्चाधिकारी मौजूद रहे।

## दौसा न्यायालय परिसर में एम्बुलेंस सेवा शुरू, आपात चिकित्सा सुविधा मिलेगी तत्काल

**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** जिला न्यायालय परिसर में अब आपात स्थिति से निपटने के लिए एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध हो गई है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश केशव कौशिक ने एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव संतोष अग्रवाल ने बताया कि अब तक न्यायालय परिसर में पक्षकारों, अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं स्टाफ के लिए कोई आपात चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं थी। इस कमी को ध्यान में रखते हुए यह पहल की गई है।चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, दौसा के सहयोग से शुरू की गई यह एम्बुलेंस सेवा कार्यालय समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक उपलब्ध रहेगी। एम्बुलेंस में आवश्यक दवाइयों और आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की भी व्यवस्था की गई है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत उपचार मिल सके।जिला एवं सत्र न्यायाधीश के निर्देशानुसार यह सुनिश्चित किया गया है कि आवश्यकता पड़ने पर एम्बुलेंस तुरंत सेवा



प्रदान करे। इस सुविधा का उद्देश्य न्यायालय परिसर में आने वाले सभी लोगों की सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना है।इस मौके पर जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष कुंज बिहारी शर्मा सहित अन्य अधिवक्ता भी उपस्थित रहे।

## हनुमान जन्मोत्सव की रौनक ,निकलेगी आज निशान यात्रा

**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर श्री बालाजी नवयुवक मंडल, सीकर की ओर से बिहारी मार्ग, चेजारों का मोहल्ला क्षेत्र में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं की लगातार भीड़ उमड़ रही है और पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में रंगा हुआ है।आज के कार्यक्रम में बालाजी महिला मंडल द्वारा भव्य मंगल गीतों का आयोजन किया गया। महिला श्रद्धालुओं ने पारंपरिक मंगल गीतों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया।

## जिला कलेक्टर ने मृतक एवं घायलों के आश्रितों को सहायता राशि स्वीकृत

**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलेक्टर ने विभिन्न दुर्घटनाओं में मृतक एवं घायलों के आश्रितों को मुख्यमंत्री सहायता कोष से छः लाख उन्नीस हजार रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। जिला कलेक्टर ने बताया कि दुर्घटना में मृतक मुकुट बिहारी सोनी पुत्र किस्तुर मल सोनी निवासी जनता कॉलोनी देवली, रजनी सोनी पत्नी मुकुट बिहारी सोनी निवासी जनता कॉलोनी देवली, सोनू बैरवा पुत्र लक्ष्मी नारायण बैरवा निवासी ग्राम ताखोली तहसील टोंक, केदार मीना पुत्र श्योजीराम मीना निवासी खोहल्या तहसील उनियारा, बादशाह खान पुत्र मदारी खान निवासी हाडीकलां तहसील पीपलू, नाथी देवी पत्नी रामगोपाल बैरवा निवासी वन विभाग की चौकी के सामने तहसील निवाई के आश्रितों को एक-एक लाख रुपये एवं घायल रमेश चंद चौधरी पुत्र छोटे लाल चौधरी निवासी डारडाहिंद तहसील टोंक के आश्रित को उन्नीस हजार रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की हैं।

## उप-निरीक्षक, प्लाटून कमांडर प्रतियोगी परीक्षा 2025 के लिए जिला मुख्यालय पर नियंत्रण कक्ष किया स्थापित

**धौलपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा उप-निरीक्षक, प्लाटून कमांडर प्रतियोगी परीक्षा 2025 गृह विभाग जिसका आयोजन 5 एवं 6 अप्रैल को किया जा रहा है। अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना ने बताया कि परीक्षा का आयोजन निष्पक्ष, निर्विघ्न व सफल संचालन, पर्यवेक्षक व निगरानी, नकल अनुचित साधनों के प्रयोग की रोकथाम तथा राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम 2022 एवं आयोग द्वारा जारी अन्य परीक्षा संबंधी नियमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए जिला मुख्यालय पर नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। उन्होंने बताया कि उप-निरीक्षक, प्लाटून कमांडर प्रतियोगी परीक्षा 2025 का 5 एवं 6 अप्रैल को प्रथम पारी प्रातः 11 बजे से मध्यान्ह 1 बजे तक तथा द्वितीय पारी अपराह्न 3 बजे से सायं 5 बजे तक परीक्षा आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा के लिए जिला कलेक्ट्रेट के कमरा नम्बर 51 में नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। जिसका दूरभाष नम्बर 05642-220033 रहेगा। नियंत्रण कक्ष के प्रभारी अधिकारी सहायक लेखाधिकारी मांगीलाल आर्य रहेगें। उन्होंने बताया कि नियंत्रण कक्ष 3 एवं 4 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक तथा परीक्षा तिथि 5 एवं 6 अप्रैल को प्रातः 9 बजे से परीक्षा समाप्ति तक कार्यरत रहेगा।

## मानहानि के केस में न्यायालय ने सत्येन्द्र सिंह रौतवार को किया नोटिस जारी

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला क्रिकेट संघ के सचिव शत्रुघन तिवारी के विरुद्ध नदबई निवासी सत्येंद्र सिंह रौतवार उर्फ मोनू पुत्र स्व थान सिंह के द्वारा पिछले दिनों सोशल मीडिया एवं फेसबुक पर बनाई गई वीडियो एवं लगाए गए आरोप के विरूद्ध जिला क्रिकेट संघ के सचिव शत्रुघन तिवारी ने न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर मानहानि का दावा पेश किया। जिसको न्यायालय अपर जिला न्यायाधीश संख्या-4 द्वारा सत्येंद्र सिंह रौतवार उर्फ़ मोनू को नोटिस जारी किए हैं। जिला क्रिकेट संघ के सचिव शत्रुघन तिवारी ने बताया कि सत्येंद्र सिंह रौतवार उर्फ मोनू द्वारा पिछले दिनों सोशल मीडिया व अपने फेसबुक अकाउंट पर उनके खिलाफ वे बुनियाद झूठे व अर्गल मानहानि कारक आरोप लगाए गये थे। इन आरोपों से व्यथित होकर मैं न्यायालय की शरण में गया एवं मानहानि का डेढ़ करोड़ का दावा प्रस्तुत किया। जिसे न्यायालय द्वारा स्वीकार करते हुए सत्येंद्र सिंह रौतवार उर्फ मोनू को नोटिस जारी किये है तिवारी ने कहा कि मेरे ऊपर जो भी आरोप लगाए गए हैं वह फर्जी झूठे और मनगढ़त थे इससे मेरी सामाजिक प्रतिष्ठा को क्षति पहुँची है और भारी नुक़सान हुआ है तथा मैंने अपनी मानहानि के लिए सतेन्द्र सिंह रौतवार से डेढ़ करोड़ रुपए की क्षतिपूर्ति की माँग की है न्यायालय ने इस मामले में सुनवाई की आगामी तारीख़ 21 अप्रैल दी है।

## जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति दिशा की बैठक का आयोजन 10 अप्रैल को

**धौलपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति दिशा की बैठक का आयोजन किया जाएगा। जिला कलक्टर एवं पदेन सदस्य सचिव जिला विकास समन्वय ओर निगरानी समिति दिशा श्रीनिधि बी टी ने बताया कि 10 अप्रैल को प्रातः 11 बजे करौली-धौलपुर सांसद भजनलाल जाटव की अध्यक्षता में जिला परिषद सभागार में बैठक आयोजित की जाएगी।

## शिक्षकों के हक पर 'प्रशासनिक ताला', उपार्जित अवकाश नहीं मिलने से बढ़ा आक्रोश

दौसा (हुक्मनामा समाचार)। ग्रीष्मकालीन अवकाश में ड्यूटी करने वाले शिक्षकों को अब तक उपार्जित अवकाश (क्क) नहीं मिलने से नाराजगी बढ़ती जा रही है। राजस्थान प्राथमिक अध्यापक संघ (लेवल-प्रथम), जयपुर संभाग ने इस मुद्दे को लेकर जिला साक्षरता एवं सतत शिक्षा अधिकारी, दौसा को ज्ञापन सौंपकर त्वरित कार्रवाई की मांग की है।संघ के प्रदेश सभाध्यक्ष एवं जयपुर संभागाध्यक्ष खेमराज मीणा ने बताया कि सत्र 2025-26 में ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान शिक्षकों ने *नवभारत साक्षरता कार्यक्रम (उल्लास)* के तहत अपनी छुट्टियां त्यागकर पूरी जिम्मेदारी से कार्य किया था। बावजूद इसके, उन्हें अब तक उनका वैधानिक अधिकार नहीं मिला है।संघ का आरोप है कि राजस्थान सेवा नियम 92(बी) के तहत अवकाश काल में कार्य करने वाले शिक्षकों को उपार्जित अवकाश देना अनिवार्य है, लेकिन विभागीय स्तर पर इस नियम की अनदेखी की जा रही है। खासतौर पर ब्लॉक नांगल राजावतान सहित कई क्षेत्रों में यह समस्या अधिक गंभीर बनी हुई है। शिक्षकों का कहना है कि एक ओर सरकार साक्षरता अभियान की सफलता का श्रेय लेती है, वहीं दूसरी ओर जमीनी स्तर पर काम करने वाले शिक्षकों के अधिकारों की अनदेखी हो रही है।संघ के जिलाध्यक्ष अवधेश शर्मा और संभाग सचिव देवेश अवस्थी ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सभी पात्र शिक्षकों को उपार्जित अवकाश स्वीकृत नहीं किए गए, तो संगठन आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होगा। इस दौरान संघ के कई पदाधिकारी मौजूद रहे और सभी ने एक स्वर में लंबित प्रकरण का शीघ्र निस्तारण कर शिक्षकों के हितों की रक्षा करने की मांग की।

## महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती 11 अप्रैल को, सैनी जागृति संस्था ने बैठक कर की तैयारियां पूरी



**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती समारोह को लेकर सैनी जागृति संस्था, सीकर द्वारा आज सी एम मैरिज गार्डन में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी कार्यक्रम को भव्य एवं सफल बनाने के लिए विस्तृत रूप से चर्चा की गई।संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि जयंती समारोह 11 अप्रैल 2026 को प्रातः 9:15 बजे सी एम मैरिज गार्डन, महात्मा ज्योतिबा फुले सर्किल के पास, पिपराली रोड, सीकर में आयोजित किया जाएगा।बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, अतिथि आमंत्रण, सांस्कृतिक गतिविधियों एवं अन्य व्यवस्थाओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। सभी सदस्यों ने अपने-अपने दायित्वों को गंभीरता से निभाने का संकल्प लिया।इस अवसर पर संस्था के कोषाध्यक्ष रामावतार सैनी, सह सचिव डॉ. ओ पी सैनी, अध्यक्ष विष्णु सिंगोदिया, उपाध्यक्ष पूरणमल हर्ष, उपाध्यक्ष बाबूलाल कारपेंटर, युवा प्रभारी प्रेमचंद सिंगोदिया सहित कपिल सैनी, अविनाश सैनी, हरिश सैनी, सुरेश सैनी, नथमल सैनी, रामावतार मंत्री एवं अन्य समाज बंधु उपस्थित रहे।संस्था ने समाज के सभी गणमान्य नागरिकों एवं समाज बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में भाग लेकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

## खैरथल में बदहाल सड़क और टूटा रैंप बना खतरा, कचरे के ढेर से लोग परेशान , प्रशासन से जल्द सुधार की मांग

**खैरथल (हुक्मनामा समाचार)।** शहर के गोविंद माधव दास पार्क के सामने स्थित चौक पर टूटा हुआ रैंप, जर्जर सड़क और जगह-जगह लगे कचरे के ढेर आमजन के लिए बड़ी परेशानी का कारण बनते जा रहे हैं। गोविंद माधव दास पार्क चौक से लेकर सेनी मोहल्ले तक सड़क की हालत बेहद खराब है, जिससे स्थानीय निवासियों में भारी रोष व्याप्त है। स्थानीय निवासी एवं अध्यापक नरेश शर्मा ने बताया कि उनके घर के सामने पार्क के कोने पर बना रैंप पूरी तरह से टूटा हुआ है। इस मार्ग से प्रतिदिन स्कूलों के छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं, जिनमें क्षेत्र के बच्चे स्कूल आते-जाते हैं। ऐसे में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, यदि समय रहते रैंप और सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई। उन्होंने यह भी बताया कि गोविंद सैनी की दुकान तक सड़क कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त है और वहां कचरे के ढेर लगे हुए हैं। इसके साथ ही गंदे नाले की सफाई नहीं होने के कारण क्षेत्र में गंदगी फैली हुई है, जिससे मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। गर्मी की शुरुआत के साथ ही यह समस्या और गंभीर रूप ले सकती है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि न तो पार्क के अंदर सफाई हो रही है और न ही बाहर। ऐसे में स्वच्छता अभियान केवल कागजों तक सीमित नजर आ रहा है। उन्होंने नगर परिषद प्रशासन से करबद्ध अपील की है कि जल्द से जल्द सड़क का निर्माण कराया जाए, टूटा हुआ रैंप ठीक किया जाए, कचरे का निस्तारण हो तथा नालों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए।

## धोलागढ़ देवी के मेले की तैयारी को लेकर बैठक का आयोजन हुआ संबंधित अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

**कठूमर अलवर (हुक्मनामा समाचार)।** 1 अप्रैल आज ग्राम पंचायत बेहतुकला में माता धौलागढ़ देवी के मेले की तैयारी को लकर उपखंड अधिकारी कठूमर श्याम सुंदर चेतीवाल की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे कानून व्यवस्था, विधुत, जल आपूर्ति साफ़ सफाई इत्यादि के संबंध में संबंधित विभाग को दिशा निर्देशित दिया गया एवं मेला परिसर का निरीक्षण किया गया। व मेला कमेटी का गठन किया गया। उक्त बैठक में उपखंड अधिकारी कठूमर पुलिस उपाधीक्षक कठूमर, तहसीलदार कठूमर, विकास अधिकारी कठूमर, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी कठूमर/खेरली, सहायक अभियंता जलदाय/विजली विभाग कठूमर, ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी, थानाधिकारी धौलागढ़ प्रतिनिधि धौलागढ़ देवी ट्रस्ट प्रशासक व/सचिव ग्राम पंचायत बहतूकला एवं अन्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## 227 हाई रिस्क गांवो में लगेगें आयुष्मान आरोग्य शिविर

**रतनगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** जिले में 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 227 हाई रिस्क गावों में आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया जायेगा। जिले में टीबी मरीजों की स्क्रीनिंग व बीपी, शुगर व हिमोग्लोबिन की जांच की जायेगी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज शर्मा ने निक्षय वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया साथ ही बताया की राज्य




सरकार द्वारा चिन्हित 227 हाई रिस्क गावों में हेल्ड हैंड एक्स-रे मशीन से ज्यादा से ज्यादा एक्स-रे एवं बलगम की जांच कि जावें। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. वेद प्रकाश ने बताया की राज्य सरकार के 30 इंिट के आधार जिले के 227 गांवों को हाई रिस्क गांव माना है ब्लॉक रतनगढ़ में 30, चूरू 27, राजगढ 30, सरदारशहर 60, तारानगर 26 व सुजानगढ़ 29 व बीदासर में 25 हाई रिस्क गावों में आयुष्मान आरोग्य शिविर लगाये जायेगें।

## बागोरिया की ढाणी में खुशी खडोलिया ने सरकारी स्कूल को किया टॉप

**चिरना (हुक्मनामा समाचार)।** चिराना के निकटवर्ती ग्राम पंचायत बागोरिया की ढाणी में बुधवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों व प्रतिभावान सम्मान समारोह आयोजित हुआ जिसमें कक्षा दसवीं और बारहवीं में विद्यालय में टॉपर विद्यार्थियों का सम्मान किया गया 12वीं कला वर्ग में खुशी खडोलिया ने 91.60/ प्रतिशत अंक हासिल कर सरकारी विद्यालय में शानदार रिजल्ट रहने पर पुर पंचायत में मुख्य मार्ग से डीजे के साथ रैली निकाले और लोगों ने रैली पर जगह-जगह पुष्प वर्षा किया ।

## इच्छापूर्ति श्रीहनुमान महाराज मंदिर प्रांगण में दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान

**पिलानी (हुक्मनामा समाचार)।** शेखावाटी कस्बे के ख्याति प्राप्त श्री इच्छापूर्ति बालाजी महाराज मंदिर प्रांगण में दो दिवसीय अनुष्ठान हर्ष उल्लास के साथ आयोजित हुआ बाबा का भव्य श्रृंगार एवं संगीत में सुंदरकांड पाठ रघुनंदन एंड पार्टी के नेतृत्व में बाबा का गुणगान किया गया श्री राम भक्त हनुमान जी महाराज की पूजा अर्चना भक्त जनों के सानिध्य में मंदिर संयोजक समाजसेवी गौ भक्त श्रीमती एवं श्री प्रभा राधेश्याम शर्मा, श्रीमती सुमित्रा एवं श्यामसुंदर शर्मा श्रीमती मजूला एवं पुरुषोत्तम शर्मा, श्रीमती एवं कृष्ण कुमार शर्मा श्रीमती एवं शांति कुमार शर्मा श्रीमती एवं कबीर शर्मा खांडल के नेतृत्व में दूर दराज से आए हुए भक्तजन अतिथि गण वार्ड पार्षद पुनित रूथला के कुशल नेतृत्व में पंडित शिवरतन रुथला ,पंडित बालकिशन शर्मा,पडित नथमल खांडल एवम महिलाओं की उपस्थिति अत्यंत सराहनीय रही मंदिर कार्यक्रम में दो अप्रैल प्रातः सत्यनारायण व्रत कथा उद्यापन एवं साय कालीन बाबा का विशाल भंडारा के आयोजन में भक्त जनों ने बाबा का प्रसाद पाकर मंत्र मुग्ध हो गए। हजारों भक्त जनों ने भंडारे में प्रसाद पाने




हेतु अपनी उपस्थिति दर्ज कराई ।समस्त नेक कार्य रूथला चैरिटी ट्रस्ट मुंबई के कुशल नेतृत्व में हर वर्ष की भांति इस बार भी बाबा के वार्षिक उत्सव पर यह कार्यक्रम विधिवत संपन्न हुआ। देश विदेश से आए हुए भक्त जनों ने कुलदेवी सती दादी मंदिर प्रांगण में पूजा अर्चना कर देश के लिए सुख शांति की कामना की।

## राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम एक दिवसीय शेखावाटी के दौरे पर

**उदयपुरवाटी (हुक्मनामा समाचार)।** उदयपुरवाटी विधानसभा क्षेत्र के मंडावरा गांव में मंगलवार को कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की चतुर्थ पुण्यतिथि पर विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य सरकार के गृहमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म कार्यक्रम में पहुंचकर शिरकत की जहां श्रद्धांजलि सभा में शामिल होकर रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र व बैंसला का चित्र भैंटकर सम्मान किया गया। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य गृहमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म का भेरू घाट में उदयपुरवाटी बार संघ अध्यक्ष श्रवण कुमार सैनी के नेतृत्व में फूलमाला पहनकर स्वागत किया गया वही अधिवक्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन दिया जिसमें गुढ़ागौड़जी को वापस उदयपुरवाटी में जोड़ने की मांग की।

## शिव पब्लिक विद्यालय में प्रतिभाओं का किया सम्मान,स्वाति गौतम के 99% अंक प्राप्ति पर संस्था द्वारा दी जाएगी स्विफ्ट डिजायर

**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** 12वी बोर्ड। परीक्षा परिणाम में अरविंद चौधरी 97.60% अभिषेक चौधरी 96.80% मानसी मीणा 96.60% हिमांशु शर्मा 96.40% अमन चौधरी 96.40 %गोविंद गुर्जर 95.20% प्रिया यादव 95% मानसी जायसवाल 94.80% नरेंद्र सिंह सोलंकी 94.20%मीनाक्षी यादव 93.40% जितेंद्र योगी 93.20% अस्मिता चौधरी 93.20%मनीष कीर 92.80% कुलदीप मीणा 92. 20% सांवरा माली 92.20% पूजा मेहरा 91.80% कोमल अनामिका कंवर 91.80% जाट जाट 91.80% खुशी स्वर्णकार 91.20% नीतू माली 91% मोहित सिंह मीणा 90.80% संदीप चौधरी 90.60% शुभम मेहरा 90.60% तन्नू नागर 90.40%अविनाश शर्मा 90% पर रहे। शिव पब्लिक स्कूल, सरोली के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले में अपना परचम लहराया। प्रबंध निदेशक पवन माहेश्वरी ने बताया कि कक्षा दसवीं के परिणाम में भी विद्यालय की छात्रा अक्षरा गुर्जर ने 98.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान हासिल किया जिला टॉप करने पर छात्रा को विद्यालय की तरफ से स्कूटी लैपटॉप बतौर उपहार विजय उत्सव में प्रदान किया जाएगा। विद्यालय के अन्य मेधावी विद्यार्थियों में लक्की मीणा, 96.17% जितेंद्र बैरवा, 96% हिमांशु चौधरी 95.50%अक्षय चौधरी 95.50% लक्की बराला 95.17%अजय जाट 95% अंक अर्जित किए। प्रधानाध्यापक भंवर लाल गुर्जर ने बताया कि इसी तरह पांचवी आठवीं बोर्ड में भी 82 बच्चों ने ए ग्रेड प्राप्त



कर विद्यालय का मान बढ़ाया एवं शिव पब्लिक ने सभी कक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम देकर एक मिसाल कायम की है इस खुशी के अवसर पर निदेशक महोदय शिवजी लालजी चौधरी ने सभी प्रतिभाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया

## यज्ञशाला में हुई सगाई, बिन दहेज की शादी का किया संकल्प

**रतनगढ (हुक्मनामा समाचार)।** तहसील के निकटस्थ ग्राम जालेऊ में गायत्री महायज्ञ के दौरान 6 पुंसवन संस्कार व एक मुंडन संस्कार हुआ। इसी बीच राहुल व ममता प्रजापत की सगाई भी रखी गई। आयोजक आशाराम सीमार ने वताया कि राहुल के दो बडे भाई भी गायत्री परिवार के विचारों से प्रभावित होकर बिना दहेज की शादियां कर चुके हैं। प्रातः आठ बजे कन्याओं ने गायत्री चालीसा पाठ किया। तत्पश्चात गोपाल स्वामी, दर्शन पालीवाल, जगदीश प्रसाद माली ने संगीतमय देवपूजन करवाया।

# इंटक का काला दिवस: श्रम कानूनों के विरोध में काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन

## राष्ट्रपति के नाम जिला श्रम अधिकारी को ज्ञापन सौंपा और पुराने श्रमिक कानूनों को जारी रखने की मांग



**दौसा,( हुक्मनामा समाचार )।** प्रादेशिक आह्वान पर बुधवार को दौसा जिले की जिला इंटक, यूथ इंटक और महिला इंटक इकाइयों ने केंद्र सरकार के श्रमिक विरोधी कानूनों के विरोध में काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया और दिन को 'काला दिवस' के रूप में मनाया। इस दौरान जिलाध्यक्ष इंटक रमसीलाल भंडारेज ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष जगदीश राज श्रीमाली के नेतृत्व में पूरे राजस्थान में इन कानूनों का जोरदार विरोध किया जा रहा है। उन्होंने सरकार से श्रमिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए नए कानूनों पर पुनर्विचार कर उन्हें निरस्त करने की मांग की। जिला महामंत्री राधामोहन शर्मा ने कहा कि इन कानूनों के लागू होने से श्रमिकों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा, जबकि कॉर्पोरेट घरानों को फायदा मिलेगा। यूथ अध्यक्ष सियाराम सत्तावन ने कहा कि पहले भी किसानों के लिए लाए गए कानूनों का व्यापक विरोध हुआ और अंततः सरकार को उन्हें वापस लेना पड़ा। जिला महामंत्री रविंद्र मोरेड ने कहा कि श्रमिक संगठनों ने ऐसे किसी कानून की मांग नहीं की थी और सरकार का यह दावा कि इससे श्रमिकों को नुकसान नहीं होगा, पूरी तरह गलत है। उन्होंने कहा कि इन कानूनों से लाखों श्रमिकों के हित प्रभावित होंगे और वे कई सुविधाओं से वंचित हो जाएंगे। प्रदर्शन के बाद संगठन के पदाधिकारियों ने जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम जिला श्रम अधिकारी को ज्ञापन सौंपा और पुराने श्रमिक कानूनों को जारी रखने की मांग की। इस दौरान श्रम अधिकारी ने भी पदाधिकारियों से श्रमिक हितों को लेकर चर्चा की।कार्यक्रम में रमसीलाल भंडारेज, राधामोहन शर्मा, धनसीराम बैरवा, सियाराम सत्तावन, रविंद्र मोरेड, शीतल चौबे, रामनारायण पंडा, कल्याण सहाय, रामनिवास गोठड़ा, जलजीत मीणा, सरोज योगी, रिंकू सैनी सहित कई पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

## तीन ठिकानों पर छापे, 6 गैस सिलेंडर जब्त, रसद विभाग की सख्त कार्रवाई जारी

**धौलपुर।** मध्य पूर्व में जारी संकट के चलते पेट्रोल-डीजल एवं एलपीजी आपूर्ति पर संभावित प्रभाव को देखते हुए जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी के निर्देशानुसार गठित विशेष प्रवर्तन जांच दल ने बुधवार को धौलपुर शहर में ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए 3 स्थानों पर छापेमारी कर 6 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए। जांच दल द्वारा की गई कार्रवाई में राजलक्ष्मी मिष्ठान्न भंडार से 3, धमेन्द्र मिष्ठान्न भंडार से 2 तथा एक अन्य मिष्ठान्न भंडार से 1 गैस सिलेंडर जब्त किया गया। जिला रसद अधिकारी मणि खींची ने बताया कि जिले में आम उपभोक्ताओं के लिए गैस सिलेंडरों की आपूर्ति पूरी तरह सुचारू है। 31 मार्च को ही 3800 सिलेंडरों का वितरण किया गया, जबकि गैस एजेंसियों के पास पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान न दें और समय पर अपनी बुकिंग कराएं। इसी तरह पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति भी जिले में निर्बाध रूप से जारी है और सभी पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त स्टॉक मौजूद है।

# हनुमान जन्मोत्सव महोत्सव आज, दो दिवसीय कार्यक्रम का शोभायात्रा से हुआ शुभारंभ

**फुलेरा,( हुक्मनामा समाचार )।** कस्बे में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर धार्मिक कार्यक्रमों की धूम देखने को मिल रही है। न्यू गार्ड कॉलोनी स्थित श्रीरामेश्वर मंदिर के साथ-साथ कूकू बाबा की बगीची, हलवाई बाजार में भी भव्य आयोजनों की तैयारियां की गई हैं। न्यू गार्ड कॉलोनी स्थित श्री रामेश्वर मंदिर में दो दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। महेश शर्मा गार्ड ने बताया कि बुधवार को सुबह 7 बजे विशाल कलश यात्रा एवं झांकी निकाली गई, जो श्रीशिव मंदिर स्कूल की ढाणी से रवाना होकर न्यू गार्ड कॉलोनी स्थित मंदिर तक पहुंची, शाम 7 बजे सुंदरकांड पाठ होगा। गुरुवार को शाम 5 बजे से सत्यानारायण भगवान की कथा एवं शाम 7 बजे भोजन प्रसादी का आयोजन रखा गया है। वहीं कूकू बाबा की बगीची, हलवाई बाजार में 21वें भव्य हनुमान जन्मोत्सव महोत्सव का



आयोजन श्री जय बजरंग मानस मंडल द्वारा किया जा रहा है। संजीव गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम के तहत सुबह 9:15 बजे हनुमान जी का अभिषेक एवं पूजा-अर्चना होगी। इसके बाद दोपहर 3:15 बजे संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। रात्रि 8 बजे से श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी का वितरण किया जाएगा। इसके अलावा फुलेरा कस्बे के मिश्र कॉलोनी के पास स्थित लोको वाले बालाजी का तृतीय 108 संगीतमय हनुमान चालीसा पाठ 2 अप्रैल को सुबह 8 बजे ध्वज यात्रा के साथ आयोजित होगा। संयोजक गणपत लाल कुमावत ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव पर प्रातः 7 बजे लोको वाले बालाजी से मिश्रेशवर महादेव मंदिर तक ध्वज यात्रा निकाली जाएगी। इसके पश्चात प्रातः 8 बजे सालासर सुंदरकांड मंडल (नागौर) द्वारा 108 सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा।

## ज्वेलर हत्याकांड के बाद हनुमान जयंती कार्यक्रम स्थगित



**नदबई,( हुक्मनामा समाचार )।** 25 मार्च को हुए ज्वेलर योगेंद्र चोपड़ा लूट एवं हत्याकांड के बाद शहर में शोक का माहौल बना हुआ है। इसी के चलते 2 अप्रैल को हनुमान जयंती के अवसर पर लड्डू हनुमान जी मंदिर में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को स्थगित कर दिया गया है। भंडारा और प्रसादी वितरण कार्यक्रम स्थगित लड्डू हनुमान मंदिर के महंत आचार्य देवकी नंदन ने बताया कि, मंदिर में प्रस्तावित भंडारा एवं प्रसादी वितरण कार्यक्रम को अगले आदेश तक स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। जनभावनाओं को ध्यान में रखकर लिया निर्णय महंत आचार्य देवकी नंदन ने कहा कि, यह निर्णय जनभावनाओं और सामाजिक संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। हाल ही में हुई घटना से पूरे कस्बे में दुख और आक्रोश का माहौल है, ऐसे में धार्मिक आयोजनों को फिलहाल टालना उचित समझा गया। श्रद्धालुओं से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील मंदिर महंत ने सभी श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों से शांति, संयम और आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि, इस कठिन समय में सभी को मिलकर सामाजिक एकता और भाईचारे को मजबूत करना चाहिए।

## कॉइन डीसीएक्स ने डिजिटल सुरक्षा नेटवर्क के लिए 100 करोड़ फंड की घोषणा की

**जयपुर,( हुक्मनामा समाचार )।** कॉइन डीसीएक्स ने देश में बढ़ते साइबर फ्रॉड और डिजिटल ठगी से निपटने के लिए डिजिटल सुरक्षा नेटवर्क के तहत 100 करोड़ के फंड की घोषणा की है। यह पहल 'लेन-देन से पहले सावधानी' नामक राष्ट्रव्यापी अभियान के माध्यम से भारत के डिजिटल फाइनेंस इकोसिस्टम के लिए साझा साइबर सुरक्षा ढांचा तैयार करेगी। इस नेटवर्क के तहत बहुभाषी जागरूकता कंटेंट, फ्रॉड इंटेलिजेंस एपीआई से संचालित पब्लिक वेरिफिकेशन प्लेटफॉर्म और 24म7 मुफ्त व्हाट्सएप हेल्पलाइन लॉन्च की जाएगी, जिससे कोई भी व्यक्ति पैसे भेजने या लिंक पर क्लिक करने से पहले जानकारी की पुष्टि कर सके। पहल का उद्देश्य सिर्फ क्रिप्टो नहीं बल्कि पूरे डिजिटल फाइनेंस इकोसिस्टम—बैंक, फिनटेक, टेलीकॉम और ब्राउज़र कंपनियों—को जोड़कर रियल-टाइम में धोखाधड़ी की पहचान और रोकथाम करना है। इसके साथ ही राज्य साइबरक्राइम सेल्स के लिए ट्रेनिंग प्रोग्राम, टेक्नोलॉजी ग्रांट्स और एक समर्पित रैपिड-रिस्पॉन्स यूनिट स्थापित की जाएगी। कंपनी ने उद्योग और नियामकों से साझा साइबर सुरक्षा मानक विकसित करने की अपील भी की है। सुमित गुप्ता और नीरज खंडेलवाल कोफाउंडर कॉइन डीसीएक्स ने कहा, 'डिजिटल सुरक्षा नेटवर्क भारत के डिजिटल इकोसिस्टम के लिए एक साझा इम्यून सिस्टम बनेगा। हमारा लक्ष्य है कि हर भारतीय सुरक्षित और भरोसे के साथ डिजिटल फाइनेंस में भाग ले सके।'

## गैलेक्सी ए 57 5जी और ए 37 5जी नए 'ऑसम इंटेलिजेंस' ए आई फीचर्स के साथ भारत में लॉन्च

**जयपुर,( हुक्मनामा समाचार )।** सैमसंग ने अपने नए स्मार्टफोन गैलेक्सी ए 575जी और गैलेक्सी ए 375जी को भारत में लॉन्च कर दिया है। ये डिवाइस यूज़र्स को बेहतरीन ए आई अनुभव, वॉइस और ट्रांसलेशन क्षमताएं और एडवांस फोटोग्राफी फीचर्स प्रदान करते हैं। ये फोन 'ऑनडिवाइस प्रोसेसिंग'(फोन के भीतर ही प्रोसेसिंग) को प्राथमिकता देते हैं, जिससे स्पीड, सुरक्षा और एफिशिएंसी में सुधार होता है। गैलेक्सी ए 575जी और ए 375जी में ए आई का सबसे नया और खास फीचर 'डायरेक्ट वॉइसमेल' है। अगर आप कॉल नहीं उठा पाते, तो यह सुविधा कॉलर को मैसेज छोड़ने का विकल्प देती है, और खास बात यह है कि वह मैसेज आपको बिल्कुल कॉलर की असली आवाज़ में सुनाई देता है। ए आई इसे तुरंत टेक्स्ट में बदल देता है और फोन में सुरक्षित सेव कर लेता है, यानी इसके लिए आपको नेटवर्क ऑपरेटर पर निर्भर रहने की ज़रूरत नहीं है। इसके साथ ही, नया एन्हांस्ड ट्रांसलेशन और ट्रांसक्रिप्शन फीचर भारत में अंग्रेज़ी, हिंदी और गुजराती भाषाओं को सपोर्ट करता है। यह आपकी आवाज़ को टेक्स्ट में बदल देता है और तुरंत उसका अनुवाद कर देता है, ताकि यूज़र्स उसे अपनी भाषा में पढ़ सकें। शोरशराबे वाली जगह पर भी साफ़ बात करने के लिए इसमें 'कॉल कैप्शन्स' फीचर दिया गया है, जो रियलटाइम में कॉल का टेक्स्ट स्क्रीन पर दिखाता हैयानी आप एक साथ सुन और पढ़ भी सकते हैं।

# राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धामस्या में विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित

**जमवारामगढ़,( हुक्मनामा समाचार )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धामस्या में सत्र 2025-26 में कक्षा 12 वी एवं 10 वी का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। 12 वी में 28 में से 27 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण किया। प्रिंसिपल हरिश्चंद्र मीणा ने बताया की कक्षा 12 वीं कला वर्ग में सन्नु मौना पुत्री अर्जुन लाल मीना 94.80 अंको के साथ प्रथम स्थान पर रही।

द्वितीय स्थान पर गरिमा गुर्जर पुत्री राजेन्द्र गुर्जर ने 93.40% अंको के साथ दूसरा प्राप्त किया। तृतीय स्थान पर खुशी मीना पुत्री कालुराम मीना ने 92.80% अंक के साथ प्राप्त किया। कक्षा 10 में प्रथम स्थान पर केशव गुर्जर पुत्र रमेश कुमार गुर्जर ने 83.83% अंको के साथ प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर संयुक्त रूप से मनीषा मीना पुत्री



कालुराम मीना एवं जीतु कुमार पुत्र कैलाश चंद्र बलाई ने 82.00% अंको के साथ प्राप्त किया। तृतीय स्थान पर प्रिंस गुर्जर पुत्र राजेन्द्र गुर्जर ने 81.17% अंको के साथ प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य हरीश चंद्र मीना एवं अध्यापको ने प्रथम तीन स्थानों पर रहने वाले विद्यार्थियों को माला एवं साफा पहनाकर सम्मानित किया और मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया गया। साथ में ग्रामीण उपस्थित रहे। प्राचार्य महोदय ने बताया कि विद्यालय में विगल 05 वर्षों से बोर्ड परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रह रहा है और वि?द्यालय 05 वर्षों से निरंतर 05 रैंकिंग पर चल रहा है। विद्यालय का नवीन भवन एवं ग्रामीण भामाशाहों के सहयोग से निर्माणाधीन है। आगे आने वाले वर्षों में वि?द्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं शैक्षिक उन्नयन हेतु विशेष प्रयास किये जायेंगे।

## रवीना टंडन और राशा थडानी के साथ गार्नियर कलर नेचुरल्स का नया कैंपेन

**जयपुर।** गार्नियर कलर नेचुरल्स ने अपने जुड़ाव को और मज़बूत करते हुए अभिनेत्री रवीना टंडन के साथ अब उनकी बेटी राशा थडानी को भी अपने नए कैंपेन में शामिल किया है। यह कैंपेन एक असली माँबेटी की जोड़ी को सामने लाता है, जो ब्रांड के मुख्य स्तंभ भरोसे को उजागर करते हुए घर पर आसान हेयर कलरिंग का जश्न मनाता है। यह ब्रांड के लिए एक स्वाभाविक प्रगति है, जिसमें गार्नियर कलर नेचुरल्स की भरोसेमंद, नैचुरल दिखने वाली हेयर कलरिंग की विरासत को रवीना की पीढ़ियों तक गूंजती अपील और राशा की नई पीढ़ी की ताज़गी व जुड़ाव के साथ जोड़ा गया है। अजय सिम्हा, जनरल मैनेजर, गार्नियर ने कहा, 'गार्नियर कलर नेचुरल्स लंबे समय से घर पर हेयर कलरिंग का एक आइकॉन रहा है, जिस पर पीढ़ियों से महिलाएँ भरोसा करती आई हैं इसके रिच, नैचुरल दिखने वाले रंग और आसान इस्तेमाल के लिए।

## बोर्ड टॉपर विद्यार्थियों ने चानणाधाम बालाजी के किये दर्शन

**पदमपुर,( हुक्मनामा समाचार )।** एस. एस. आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में राजस्थान मैरिट लेकर व जिला मैरिट में टॉपर स्नान प्राप्त। कर नया इतिहास रचने के बाद विद्यालय प्रबंधन समिति के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने श्रद्धा भाव से श्री बालाजी का जय घोष करते हुए चानणा धाम पहुँच बालाजी की अखंड ज्योत के दर्शन कर राम नाम का जाप कर सुख समृद्धि हेतु बालाजी के समक्ष झुक कर मंगल कामनाएं की। प्राचार्य ओमप्रकाश कालिया व अध्यक्ष ओमप्रकाश कलिया व डायरेक्टर अशोक कुमार कलिया एवं स्टाफ ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य हेतु हनुमान चालीसा का पाठ कर हर्ष जताते हुए बताया कि बोर्ड टॉपर विज्ञान वर्ग में विद्यालय की छात्रा मनीषा जिला टॉपर व राजस्थान मैरिट में 4ह्ल्द्ध स्थान प्राप्त किया , हेमांग छींपा ने जिले में दूसरा व राजस्थान मैरिट में 5वां स्थान प्राप्त , सिद्धांत बिश्नोई ने राज्य में 6वा. व जिलें में तीसरा , तरुण पुत्र राकेश कुमार ने राज्य 7वां व जिले में चौथा , मनमीत कौर राज्य में 8.वां व जिले में 5 वां ,अमोनिका ने राज्य 9वां , व जिले में 6 वां , जसराज ने राज्य में 12वां व जिले में 9वां , शुभनीत सिंह ने राज्य में 13वां स्थान व जिले में 10वां , सन्नी राय ने राज्य में 15 वां व जिले में 12 वां , सुप्रिया त्रिपाठी , भूमिका , ऐनम , 12वीं कृषि वर्ग में कोमल , चेष्टा ,, पूजा कम्बोज , प्रिया अरोड़ा 12वीं वाणिज्य वर्ग में जशनप्रीत सिंह एंव वंदना, ऐश्मन , आर्या , जैसमीन , नमन जैन ,इच्छा , नव्या, ताजमीत कौर , प्रीती , दिव्या पंवार सहित कई प्रतिभाशाली विद्यार्थी धार्मिक यात्रा का बनने पर चांदना धाम पर बंधक समिति के महंत गोपी राम बगड़िया अध्यक्ष राकेश गोयल सहित अन्य पदाधिकारी ने विद्यालय स्टाफ के साथ प्रतिभाशाली छात्राओं का बालाजी का दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया।

## स्मार्ट कूलिंग, स्मार्ट गर्मियाँ, कूल बचत सैमसंग के बीस्पोक एआई एसी

**जयपुर,( हुक्मनामा समाचार )।** भारतीय गर्मियों के लिए सबसे अच्छा एसी चुनते समय, मुख्य बातों में तेज कूलिंग, एनर्जी की बचत, अचानक बढ़ती गर्मी के हिसाब से ढलना और स्मार्ट कंट्रोल शामिल हैं। सैमसंग की बीस्पोक एआई रेंज इन रूरतों को पूरा करने के लिए ही बनाई गई है। यह एआई का इस्तेमाल कर कमरे के हालात और इस्तेमाल के तरीकों के आधार पर कूलिंग को एडजस्ट करती है, जिससे एनर्जी बचाते हुए आपको सबसे ज़्यादा आराम मिलता है। सैमसंग के बीस्पोक एआई एसी में एआई ऑटो कूलिंग, एआई एनर्जी मोड और डिजिटल इन्वर्टर टेक्नोलॉजी शामिल हैं, जो असरदार और हालात के हिसाब से बदलने वाली कूलिंग देते हैं। इस्तेमाल के तरीकों और बाहर के हालात का विश्लेषण करके, ये एसी अपनी परफॉर्मेंस को बेहतर बनाते हैं और साथ ही एनर्जी की खपत को भी कम करते हैं, जिससे ये भारत की कभी भी बदलने वाली गर्मियों के मौसम के लिए एकदम सही हैं। यहाँ तीन सैमसंग बीस्पोक एआई एसी दिए गए हैं, जिन्हें गर्मियों में कूलिंग की अलग-अलग ज़रूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है: ओवरऑल बेस्ट - सैमसंग का बीस्पोक एआई 1.5 टन 3 स्टार इन्वर्टर एसी, सैमसंग का बीस्पोक एआई विंडफ्री 1.5 टन 5 स्टार एसी, बड़े कमरों के लिए सबसे अच्छा - सैमसंग का बीस्पोक एआई विंडफ्री 2.0 टन एसी । स्मार्ट फीचर्स के साथ ज़्यादा कूलिंग क्षमता वाला एक मज़बूत विकल्प, जो बड़ी जगहों के लिए एकदम सही है। जब भारतीय गर्मियों का सामना करने की बात आती है, तो सही एसी का मतलब सिर्फ़ ठंडक देना ही नहीं होता—बल्कि इसका मतलब है बदलते तापमान के हिसाब से ढलना, बिजली बचाना और लगातार आराम सुनिश्चित करना। सैमसंग की बीस्पोक एआई रेंज में ऐसे स्मार्ट फ़ीचर्स हैं जो आपकी ज़रूरतों के हिसाब से तुरंत काम करते हैं, और परफॉर्मेंस व एफिशिएंसी का एकदम सही तालमेल देते हैं।

## डियाजियो इंडिया संग गोडावण संरक्षण को मिली रफ्तार

**जयपुर।** डियाजियो इंडिया (यूनाइटेड स्पिरिट्स लिमिटेड) जैसलमेर, राजस्थान में ग्रामोदय सामाजिक संस्थान, सरकारी एजेंसियों, संरक्षण संस्थाओं और स्थानीय समुदायों के साथ मिलकर भारत की सबसे गंभीर रूप से संकटग्रस्त प्रजातियों में से एक, ग्रेट इंडियन बस्टर्ड, जिसे गोडावण भी कहा जाता है, के संरक्षण के लिए व्यापक रूप से कार्य कर रहा है। डियाजियो इंडिया ने ग्रामोदय सामाजिक संस्थान, सरकारी एजेंसियों और स्थानीय समुदायों के साथ मिलकर इस गंभीर रूप से संकटग्रस्त पक्षी के संरक्षण को मजबूत किया है। परियोजना के तहत राजस्थान से गुजरात के नलिया तक कैप्टिव-ब्रेड अंडे को सुरक्षित पहुंचाया गया, जिसके परिणामस्वरूप 26 मार्च को एक चूजे का सफल जन्म हुआ—जो एक दशक में पहली घटना है। डियाजियो इंडिया के कॉर्पोरेट रिलेशंस डायरेक्टर देवाशीष दासगुप्ता ने कहा, 'गोडावण संरक्षण में साझेदारी और जमीनी प्रयासों से सार्थक परिणाम मिल रहे हैं।

# भाजपा का पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान संपन्न



**श्रीगंगानगर,( हुक्मनामा समाचार )।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान आज श्रीगंगानगर जिले में सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। अभियान के अंतिम दिन जैतसर भाजपा मंडल में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व विधायक श्रीमती संतोष बावरी, महा अभियान के जिला संयोजक रतन गणेशगढ़िया, वरिष्ठ भाजपा नेता डा. बृजमोहन सहारण, करुण मित्तल तथा मोहित छाबड़ा ने अलग-अलग सत्रों में विभिन्न विषयों पर विस्तृत व्याख्यान दिए। जिला संयोजक तथा भाजपा के जिला उपाध्यक्ष रतन गणेशगढ़िया ने बताया कि यह महा प्रशिक्षण अभियान 15 मार्च को शुरू किया गया था। श्रीगंगानगर जिले में भाजपा के कुल 34 मंडलों में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में वैचारिक अधिष्ठान, भाजपा का इतिहास एवं विकास, कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि, पार्टी की कार्य पद्धति, भाजपा की केंद्र और राज्य सरकारों की उपलब्धियां एवं क्रियान्वयन, सोशल मीडिया, (एआई, नमो ऐप, सरल ऐप, )बूथ प्रबंधन, आगामी कार्यक्रम और बूथ लेवल, व्यावहारिक सत्र सहित 7सत्र प्रत्येक मंडल में आयोजित किए गए। इन प्रशिक्षण शिविरों में दूसरे विधानसभा क्षेत्रों से आमंत्रित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने विभिन्न मुद्दों पर व्याख्यान दिए,जिनमें जिलाध्यक्ष शरणपालसिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेन्द्रपालसिंह टीटी,अनुसुचित मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष निहालचंद, पूर्व विधायक, पूर्व जिलाध्यक्ष आदि भी शामिल रहे। सभी 34 मंडलों में आयोजित ये कार्यक्रम बहुत ही सफल तथा ऐतिहासिक रहे पूरे जिले में प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों की संख्या 3600 से अधिक रही । प्रत्येक प्रशिक्षण शिविर में भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज की गई। सत्रों में अध्यक्षता बूथ अध्यक्षों द्वारा की गई। इससे पहले भाजपा ने 2021 में भी ऐसा ही प्रशिक्षण महा अभियान चलाया था।

# आरटीई बना मजाक! स्कूलों की मनमानी पर खामोश सरकार

## शिक्षा मंत्री मदन दिलावर पर अभिभावकों से दुर्व्यवहार का आरोप, ज्ञापन लेने से किया इनकार

**जयपुर,( हुक्मनामा समाचार )।** प्रदेश में आरटीई (निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा अधिकार) के तहत प्रवेश प्रक्रिया हर सत्र की भांति इस नवीन सत्र में भी गंभीर सवालों के घेरे में है। जहां एक ओर निजी स्कूलों की मनमानी चरम पर है, वहीं शिक्षा विभाग की लापरवाही पीड़ित अभिभावकों को लगातार प्रताड़ित कर रही है। इन सबके बीच राज्य सरकार और शिक्षा मंत्री की चुप्पी के चलते लाखों गरीब और जरूरतमंद बच्चों का भविष्य अधर में लटका हुआ है। अभिभावकों की इसी गंभीर स्थिति को लेकर संयुक्त अभिभावक संघ ने बुधवार को शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के सरकारी आवास पर मुलाकात कर



ज्ञापन सौंपने का प्रयास किया। आरोप है कि पहले अभिभावकों को डेढ़ से दो घंटे तक इंतजार करवाया गया, और जब मंत्री मिलने पहुंचे तो उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वे संगठन की ओर से कोई ज्ञापन नहीं लेंगे और न ही उसकी बात सुनेंगे। इस पर मौजूद अभिभावकों में आक्रोश फैल गया और मंत्री के इस व्यवहार को दुर्व्यवहार करार दिया गया। संयुक्त अभिभावक संघ के अनुसार, इस दौरान 50 से अधिक अभिभावक उपस्थित थे, जिनके सामने शिक्षा मंत्री का रवैया अत्यंत आपत्तिजनक रहा। आरोप है कि मंत्री ने साफ कहा कि वे केवल व्यक्तिगत पीड़ित अभिभावकों की बात सुनेंगे, संगठन की नहीं। संघ ने इसे अभिभावकों की एकजुटता तोड़ने की सोची-समझी रणनीति बताया है। इतना ही नहीं, बैठक के दौरान मंत्री के निर्देश पर स्टाफ द्वारा फोटो और वीडियो रिकॉर्डिंग पर भी रोक लगा दी गई। जिन अभिभावकों ने फोटो या वीडियो लेने का प्रयास किया, उनके मोबाइल लेकर मौके पर ही सामग्री डिलीट करवाई गई। संयुक्त अभिभावक संघ ने आरोप लगाया कि शिक्षा मंत्री अभिभावकों की बढ़ती एकजुटता से हताश हैं और निजी स्कूलों व तथाकथित शिक्षा माफियाओं के संरक्षण में अभिभावकों के साथ दुर्व्यवहार कर रहे हैं। प्रदेश में ऋञ्चश्व व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है और हालात अब केवल अव्यवस्था तक सीमित नहीं रहे, बल्कि न्यायपालिका के आदेशों की खुली अवहेलना का रूप ले चुके हैं।

# डबल इंजन सरकार के महंगाई बम ने ढाबे और थड़ी-ठेले वालों की आजीविका को किया ध्वस्त : टीकाराम जूली

**जयपुर,( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भाजपा की डबल इंजन सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि सरकार द्वारा कमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में की गई 195 रुपए की बेतहाशा वृद्धि ने प्रदेश के छोटे ढाबा संचालकों, थड़ी और ठेले वालों की आजीविका को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है। जूली ने कहा कि भीषण महंगाई से जूझ रही जनता पर भाजपा ने एक बार फिर महंगाई का बम फोड़कर अपनी संवेदनहीनता का परिचय दिया है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि साल के अभी मात्र तीन महीने बीते हैं और चौथे महीने की शुरुआत में ही पांचवीं बार दाम बढ़ाकर सरकार ने गरीब और मध्यम वर्ग की कमर



तोड़ दी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल सिलेंडर की यह वृद्धि सीधे तौर पर गरीब आदमी की थाली पर वार है। जूली ने कहा कि, भाजपा की संवेदनहीन नीतियों ने गरीब की थाली से निवाला और छोटे दुकानदार से उसका रोजगार छीन लिया है। यह वृद्धि केवल आंकड़ों का खेल नहीं, बल्कि ढाबे और थड़ी-ठेले वालों की मेहनत की कमाई पर सीधा डाका है।

# खाजूवाला-बीकानेर रोडवेज बस सेवा पर बवाल

## हरी झंडी से पहले ही निजी बस संचालक ने डाली रुकावट, भाजपा नेता पहुंचे मौके पर

**बीकानेर,(हुक्मनामा समाचार)।** हाल ही में शुरू हुई खाजूवाला-बीकानेर रोडवेज बस सेवा बुधवार को विवादों में घिर गई। दो बसों के संचालन के बीच एक नई बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने का कार्यक्रम तय था, लेकिन निर्धारित समय से पहले ही मौके पर हंगामा खड़ा हो गया।



जानकारी के अनुसार, बुधवार दोपहर 1:20 बजे खाजूवाला से बीकानेर के लिए रोडवेज बस रवाना होनी थी। इसी दौरान एक निजी बस संचालक अपनी बस को रोडवेज बस के आगे लाकर खड़ा कर दिया दावा किया कि उसका 1:25 बजे का रूट है। पर मौके पर मौजूद लोगों ने आपत्ति जताई, जिससे विवाद बढ़ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, निजी बस संचालक रोडवेज बस के परमिट पर सवाल उठाते हुए बस हटाने से मना करने लगा। लेकिन जब उससे खुद के परमिट के बारे में पूछा गया तो वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया। इस बात को लेकर स्थानीय लोगों और बस संचालक के बीच तीखी नोकझ हो गई। स्थिति बिगड़ती देख भाजपा के जनप्रतिनिधियों ने मौके पर पुलिस को बुलाया, लेकिन पुलिस की मौजूदगी में भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी। बताया जा रहा है कि इस दौरान बस संचालक पुलिसकर्मियों से भी उलझ पड़ा। कुछ देर बाद वह अपनी बस को जबरन मौके से हटाकर ले गया। पूरे घटनाक्रम के बीच ही भाजपा जन प्रतिनिधियों ने जल्दबाजी में रोडवेज बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना कर दिया। हालांकि, इस दौरान पुलिस की निष्क्रियता और कार्रवाई के अभाव को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं। अब यह मामला आमजन के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है कि जब दोनों पक्षों के पास स्पष्ट रूप से परमिट संबंधी दस्तावेज नहीं थे, तो पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई क्यों नहीं की गई। वहीं, कार्यक्रम के दौरान जन प्रतिनिधियों की भूमिका को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं।

## पानी की डिग्गी में डूबने से 22 वर्षीय युवती की मौत

**बीकानेर।** बीकानेर जिले में खाजूवाला थाना क्षेत्र के चक सात पीएचएम गांव में एक दर्दनाक हादसे में 22 वर्षीय युवती की पानी की डिग्गी में डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार परमेश्वरी कुमारी पुत्री गणेशा राम जाति बावरी खेत में काम कर रही थी और इसी दौरान वह डिग्गी से पानी निकाल रही थी। पानी की बाल्टी खींचते समय अचानक उसका पैर फिसल गया और वह डिग्गी में जा गिर गई। जब परिजनों द्वारा इधर उधर काफी देर सर्च किया गया तो पानी की डिग्गी की तरफ ध्यान गया जब चेक किया गया तो बालिका डिग्गी में गिरी हुई मिली परिजनों ने तत्काल उसे बाहर निकालकर खाजूवाला उप जिला अस्पताल खाजूवाला पहुंचाया, जहां चिकित्सक पुनाराम रोझ ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

## वंदे मातरम टीम द्वारा बुधवार से पालसिया अभियान की शुरूआत



**बीकानेर,(हुक्मनामा समाचार)।** मुरलीधर व्यास कॉलोनी स्थित गोचर भूमि में करणी माता मंदिर के परिसर में बुधवार से वंदे मातरम टीम ने पालसिया लगाओ पक्षी जीवन बचाओ अभियान का शुभारंभ किया। टीम के विजय कोचर ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया की बीकानेर की हर छत पर, हर मंदिर पर, हर धर्मशाला पर हर पार्क पर , हर स्कूल पर और हर भवन में पक्षियों को पानी पीने के लिए पालसिए लगाए जायेंगे। वंदे मातरम टीम हर साल हजारों की संख्या में गर्मी में पॉलिसीये लगाकर पक्षियों का जीवन बचाती है। बुधवार को गोचर में दयानंद शाखा और वंदे मातरम टीम के कार्यकर्ताओं ने सेवा कार्य किया ,पॉलिसीये लगाए कबूतरों का चुगा कागलो के लिए तीन नंबर भुजिया तथा गौ माता के लिए हरे चारे की और पानी की व्यवस्था की। कार्यक्रम में विजय कोचर, रामचंद्र सोनी, पूनम चंद सोनी, त्रिलोक कोचर, पूनम सेठिया, राधेश्याम सोनी, राधेश्याम अग्रवाल, घनश्याम सोनी, रामकिशन सोनी, गिरधारी लाल सुथार, रामकिशन स्वामी आदि कार्यकर्ताओं ने सेवा कार्य में योगदान दिया।

## पूर्व महापौर हाजी मकसूद का जन्म दिन सादगी के साथ मनाया



**बीकानेर,(हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर नगर निगम के प्रथम रहे पूर्व महापौर का जन्मदिन सादगी पूर्वक उनकी मित्र मण्डली द्वारा मनाया गया। उन्हें साल् साफ़ा पुष्प गुच्छ माला पहनाकर जन्मदिन की बधाई एंव शुभकामनाएँ दी व केक काट कर जन्मदिन पर गीत संगीत से खुशी का इज़हार किया। इस अवसर पर मकसूद अहमद ने मित्र मण्डली का आभार व्यक्त किया ओर कहा आप सब का स्नेह हमेशा मिलता रहा है आगे भी आप सब का सहयोग व मार्गदर्शन मिलता रहेगा। बधाई देने वालो में शामिल थे ज्ञान प्रकाश बारासा,डॉक्टर पी .के .शरीन,अनवर अजमेरी,मनोज चौधरी, शकील स्टार, महबूबा रंगरेज़, इमरान लोधी यासीन परिहार, इस्माइल खलिजी, अहमद अली भाटी, शाकिर हुसैन चोपदार, शकील स्टार,रियाज, पार्षद प्रफुल्ल हटीला, ताहिर हुसैन, नासिर तंवर, रियाज क़ुरैशी, रिजवान, सादिक अली,रफीक कादरी, मैक्स नायक, मो.सलीम कलाल, मास्टर जफर, हरी नायक, हरी पंडत, अजीज भुट्टो, शादाब, शोएब, साजिद पीएच, अरमान कपील जैदीया, डाक्टर शाबिर पंवार आदि शामिल थे।

## शास्त्री नगर की श्री वीर हनुमान वाटिका में हनुमान जयंती महोत्सव आज

**बीकानेर।** शिवबाड़ी के लालेश्वर महादेव मंदिर के अधिष्ठाता स्वामी संवित् विमर्शानंद गिरि के सानिध्य में बुधवार को शास्त्री नगर की श्री वीर हनुमान वाटिका में दो दिवसीय हनुमान जयंती महोत्सव शुरू हुआ। मुख्य समारोह गुरुवार को शाम सात बजे विशेष श्रृंगार, आरती व अंगी तथा भव्य भक्ति संगीत के साथ होगा। कार्यक्रम में बरेली व बीकानेर के सनातन धर्म जागृति के गीतों के लिए अन्तर राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त वेद व्यास सहित अनेक कलाकार शामिल होंगे। श्री वीर हनुमान वाटिका समिति की सचिव श्रीमती छाया गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में हिस्सा लेने व सान्निध्य प्रदान करने के लिए अग्रवाल समाज दिल्ली के समाज सेवी चार्टेड एकाउंटेंड प्रकाश गुप्ता सहित बुधवार को बीकानेर पहुंचे । उन्होंने मंदिर में सजावट, भजन संध्या में श्रोताओं की सुविधा, चमत्कारी सौम्य हनुमानजी महाराज की प्रतिमा के अंगी व श्रृंगार आदि व्यवस्थाओं, विशेष रोशनी व साज सज्जा व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा बुधवार को हुए कार्यक्रम में भागीदारी निभाई।

## पूर्व मंत्री के खिलाफ खुलकर विरोध में आएं डूडी समर्थक, निकाली रैली



**बीकानेर,(हुक्मनामा समाचार)।** पूर्व मंत्री गोविन्दराम मेघवाल के नाम से होने वाले ऑडियो-विडियो वायरल विवाद अब कांग्रेस के लिये फांस बनती जा रही है।इस मामले ने अब इतना तूल पकड़ लिया है कि डूडी व मेघवाल समर्थक खुलकर आमने सामने हो रहे है।जहां डूडी समर्थकों ने बुधवार को गांधी पार्क से जिला कलक्टर कार्यालय तक पैदल मार्च कर विरोध प्रदर्शन करते हुए मेघवाल को पार्टी से हटाने की बात कह डाली। वहीं गोविन्दराम समर्थकों ने भी नापासर रोड स्थित फार्म हाउस पर बैठक कर 5 अप्रेल को अपना पक्ष रखने के लिये बैठक आयोजित की। 'गोविंदराम हटाओ-कांग्रेस बचाओ हाथों में बैनर और स्व.रामेश्वर डूडी के चित्र थामे ये प्रदर्शनकारी गांधी पार्क से रवाना हुए। इनमें जहां ज्यादातर समर्थक 'रामेश्वर डूडी-अमर रहे नारे,'गोविंदराम हटाओ-कांग्रेस बचाओ नारे भी लगाए जा रहे थे। कलेक्ट्रेट में जमकर प्रदर्शन करने के साथ ही वायरल वीडियो की जांच क रने की मांग उठाते हुए इस पर कार्रवाई करने की मांग उठाई। बाद में एसपी से मिले प्रतिनिधिमंडल ने ऑडियो-विडियो की जांच करवाने की मांग उठाई।

## बयाना में आज हनुमान जयंती पर मंदिरों में होंगे विशेष आयोजन, एतिहासिक उषा मंदिर से निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**बयाना,(हुक्मनामा समाचार)।** हनुमान जयंती के पावन अवसर पर गुरुवार को शहरभर में श्रद्धा और उत्साह के साथ विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान मंदिरों में पूजा-अर्चना, हवन, सुंदरकांड पाठ, भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण के कार्यक्रम होंगे। कस्बे के लुहार गली स्थित प्राचीन श्री बड़वाले हनुमानजी महाराज मंदिर को विशेष रूप से लाइटों और फूलों से सजाया जाएगा। यहां सुबह हवन, सुंदरकांड पाठ और कीर्तन का आयोजन होगा। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं के सहयोग से ठंडाई और बूंदी का प्रसाद वितरित किया जाएगा। वहीं, सुभाष चौक स्थित बामड़ा मंदिर पर हनुमानजी का आकर्षक चोला श्रृंगार किया जाएगा। यहां छप्पन भोग, फूल बंगला झांकी, सुंदरकांड पाठ, भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण के आयोजन होंगे। बागरैन स्थित पहाड़ेश्वर हनुमान मंदिर में भी फूल बंगला और छप्पन भोग की भव्य झांकी सजाई जाएगी। हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में विश्व हिंदू परिषद सहित विभिन्न हिंदूवादी संगठनों द्वारा शहर के ऐतिहासिक उषा मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होकर पंचायती मंदिर पर संपन्न होगी। शोभायात्रा से पूर्व उषा मंदिर परिसर में राष्ट्रीय अनहद महायोग पीठ के पीठाधीश्वर संत रुद्रनाथ महाकाल के सानिध्य में हवन यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। पूरे शहर में हनुमान जयंती को लेकर भक्तों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है और मंदिरों में तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

## गोठ की पट्टी में 2 शावकों के साथ तलाई पर पानी पीते नजर आया पैंथर

**जमवारामगढ़,(हुक्मनामा समाचार)।** गोठ की पट्टी एवं पालड़ी कला गांव में दिनों-दिन पैंथर का मूवमेंट बढ़ता जा रहा है। जानकारी के अनुसार मंगलवार को सुबह करीब 10 बजे पैंथर ने गोठ की पट्टी गांव में आंगनबाड़ी केंद्र के पास से दिन दहाड़े एक बछड़े का शिकार कर लिया था। आंगनबाड़ी वर्कर्स ने पैंथर के भय से आंगनबाड़ी केंद्र के किंवाड बंद कर लिये थे। दुसरे ही दिन बुधवार शाम को करीब सात बजे गोठ की पट्टी गांव में अचानक पैंथर अपने दो शावकों के साथ पानी पीता हुआ दिखाई दिया। पैंथर को अचानक इस प्रकार गांव के बीच स्थित तालाब पर पानी पीते हुए देखकर लोगों में दहशत फैल गई। आनन फानन में दर्जनों लोग तलाई पर लाठी डंडे लेकर इकट्ठा हो गए। लोगों के हो हल्ला मचाने पर पैंथर अपने शावकों के साथ पास ही स्थित पहाड़ी पर चला गया। खरकड़ा ग्राम पंचायत की पूर्व सरपंच प्रेम देवी मीणा ने क्षेत्रीय वन अधिकारी कुलदीप सिंह चौहान से पैंथर को पकड़ने की मांग की है।

## बीकानेर में आगामी 5 अप्रैल को गोविंद राम मेघवाल की आमसभा, तैयारियों को लेकर बैठक

**बीकानेर,(हुक्मनामा समाचार)।** पूर्व मंत्री गोविंद राम मेघवाल की आमसभा को लेकर उनके फार्म हाउस पर बैठक आयोजित की गई। यह आमसभा आगामी 5 अप्रैल को प्रस्तावित है, जिसमें पूरे बीकानेर लोकसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने का दावा किया गया है। बैठक के दौरान मेघवाल ने जिला संगठन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए निष्क्रियता पर नाराजगी जताई।



उन्होंने कहा कि बड़े मुद्दों पर न तो प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई और न ही कोई बड़ा आंदोलन खड़ा किया गया। साथ ही कुछ लोगों पर कार्यकर्ताओं को गुमराह करने और सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें फैलाने के आरोप भी लगाए। मेघवाल ने हाल ही में हुए प्रदर्शन को लेकर दावा किया कि उसमें बड़ी संख्या में भाजपा समर्थक शामिल थे, जिससे पार्टी की छवि पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए बिजली, पानी, सड़क और प्रशासनिक व्यवस्था को बदहाल बताया, साथ ही पंचायत व निकाय चुनाव टालने के मुद्दे पर भी सरकार को घेरा। इसके अलावा, हाल में वायरल ऑडियो-वीडियो की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग भी की गई। बैठक में रामेश्वर गोदारा, क्यामुद्दीन पडिहार, मामराज साहरण, लालचंद आशोपा, गोविंद मूंड, रामकुमार तेतरवाल, यासीन, सुरेश चौधरी, मुमताज, बजरंग, बेनीवाल, सुधीर बिश्नोई, भीम सिंह सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ज्योत लेकर जा रहे श्रद्धालु को बस ने मारी टक्कर, मौके पर मौत

**बीकानेर।** बीकानेर जिले में नोखा थाना क्षेत्र के बुद्धरों की ढाणी के पास बुधवार सुबह सड़क किनारे तेजाजी महाराज की सुरसुरा गांव से पैदल ज्योत लेकर जा रहे एक भक्त की गाड़ी की टक्कर से मौत हो गई। इस संबंध में सुनील जाट पुत्र जगदीश जाट निवासी घंटियालो की ढाणी डेरवा ने थाने में रिपोर्ट देकर बताया कि बुधवार दोपहर उसके पिताजी जगदीश राम जाट तेजाजी महाराज की ज्योत सुरसुरा गांव से लेकर भामटसर गांव जा रहे थे। इस दौरान बुद्धरो की ढाणी के पास उसके पित राजूराम दो तीन अन्य व्यक्ति पैदल चल रहे सड़क पर पीछे से एक बस चालक ने तेज गति बस चलाते हुए उसके पिता को टक्कर मारी जिससे वह घायल हो गए और उन्हें गंभीर चोटे आई उन्हें तत्काल एंबुलेंस द्वारा अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## नाले में मिला सड़ा गला शव शरीर के कई अंग गायब

**बीकानेर,(हुक्मनामा समाचार)।** शहर के सदर थाना इलाके में नाले में एक जने के शव मिलने से सनसनी फैल गई। जिस व्यक्ति का शव मिला है,उसके शरीर के कई अंग गायब है। हालांकि शव पांच से छ:दिन पुराना लगता है। जानकारी मिली है कि रानीबाजार पुलिया के पास बिजली विभाग कार्यालय के नजदीक बुधवार सुबह नाले में संदिग्ध हालत में एक व्यक्ति का शव मिला। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाला। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रैफिक थाने के मोड़ के सामने सुबह नाले में एक शव पड़ा दिखाई दिया। राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। शव करीब 5 से 6 दिन पुराना होने की आशंका है। इतने दिनों तक नाले में डूबे रहने के कारण शव पूरी तरह सड़-गल चुका था। हालत इतनी खराब थी कि शरीर के कई अंग गायब थे। श्रीगंगानगर जिले का था मृतक सहायक उप निरीक्षक महेंद्र सिंह के नेतृत्व में काफी मशक्कत के बाद शव को नाले से बाहर निकाला जा सका। दुर्गंध और गंदे पानी के कारण शव को बाहर निकालने में काफी परेशानी हुई।पुलिस ने बताया कि मृतक श्रीगंगानगर जिले का 65 वर्षीय पेमाराम पुत्र लखूराम था। कैंसर से पीड़ित था और मानसिक रूप से भी अस्वस्थ बताया जा रहा है। वह पिछले 26 मार्च को अपने घर से बिना बताए निकल गया था। इसके बाद परिजनों ने 28 मार्च को पुलिस थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज करवाई थी,जिसके बाद से पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। नाले से कुछ दूरी पर हैं दो पुलिस थाने करीब सप्ताह भर पुराना शव जिस नाले में मिला,उससे कुछ ही दूरी पर ट्रैफिक पुलिस और साइबर थाना भी मौजूद हैं।

## झुंझुनू की स्नेहा यादव ने राजस्थान बोर्ड कक्षा 12 में हासिल किए 98.4 प्रतिशत अंक

### पीडब्ल्यू के आरबीएसई वल्लाह से जुड़ी स्नेहा राज्य के उच्च अंक पाने वाले छात्रों में शामिल रहीं



**झुंझुनू,(हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (आरबीएसई ) ने कल कक्षा 12 के परिणाम घोषित किए। झुंझुनू, राजस्थान की रहने वाली स्नेहा यादव ने 98.4 प्रतिशत अंक हासिल कर राज्य के टॉप स्कोर करने वाले छात्रों में जगह बनाई।कैम्ब्रिज एसएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा स्नेहा ने बताया कि इस सफलता में उनके परिवार और शिक्षकों के लगातार सहयोग की बड़ी भूमिका रही। विज्ञान वर्ग की छात्रा स्नेहा ने बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए फिज़िक्सवाला (पीडब्ल्यू) के आरबीएसई वल्लाह से पढ़ाई की। उन्होंने मैथमेटिक्स में 100, फिज़िक्स में 99, केमिस्ट्री में 98, हिंदी में 99 और इंग्लिश में 96 अंक प्राप्त किए।अपनी तैयारी के बारे में स्नेहा ने कहा, मैंने कोई कठिन टाइमटेबल नहीं बनाया, लेकिन पढ़ाई में नियमितता बनाए रखी। परीक्षा के करीब थोड़ा दबाव जरूर था, लेकिन मेरे परिवार ने हमेशा मेरा साथ दिया। आरबीएसई वल्लाह ने मेरी तैयारी को सही दिशा देने और कॉन्सेप्ट समझने में बहुत मदद की और सभी शिक्षक हमेशा मार्गदर्शन के लिए उपलब्ध रहे और मेरा प्रोत्साहन बढ़ाया । यह परिणाम मेरे लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव है और अब मैं आगे बढ़ने के लिए खुद को तैयार कर रही हूँ। परिणामों पर फिज़िक्सवाला (पीडब्ल्यू) के शिक्षक और संस्थापक अलख पांडेय ने कहा, जब छात्रों की मेहनत उनके परिणामों में दिखती है, तो हमारे लिए यह सबसे ज़्यादा गर्व की बात होती है। स्नेहा के 98.4त्न उनके लगातार प्रयास और लगन का परिणाम है। पीडब्ल्यू में हम हमेशा छात्रों को स्पष्ट समझ और नियमित मेहनत पर ध्यान देने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। मैं स्नेहा को इस उपलब्धि के लिए बधाई देता हूँ और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ। इस साल के परिणाम यह भी दिखाते हैं कि आज के समय में स्कूल की पढ़ाई के साथ-साथ फिज़िक्सवाला जैसे प्लेटफॉर्म का साथ छात्रों को बेहतर प्रदर्शन करने में मदद कर रहा है। इस तरह का मिला-जुला तरीका छात्रों को अपनी पूरी क्षमता तक पहुँचने में मदद कर रहा है।

## ततैयों का हमला गांधी पार्क में कांग्रेस रैली के लिये लोगो की लगी थी भीड़

**बीकानेर,(हुक्मनामा समाचार)।** बुधवार को बीकानेर कलेक्टर कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन के दौरान गांधी पार्क में ततैतियों ने प्रदर्शनकारियों पर हमला कर दिया। अचानक हुए ततैयों के इस हमले में एकबारगी अफरा तफरी मच गयी। लोग इधर उधर भागने लगे। कई लोगों को ततैयों ने काट लिया। कुछ लोगों ने पेड़ों के नीचे शरण ली तो कुछ लोग गाडियों में बैठते हुए दिखाई दिए। वहीं कई जने इस बात को लेकर ठहाके लगाते नजर आएं कि गोविन्दराम ने यह हमला करवाया है। इसको लेकर मचा है बवाल आरोप है कि पूर्व मंत्री गोविन्दराम मेघवाल की आवाज वाला एक ऑडियो-विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें वे कद्दावर नेता रहे स्व.रामेश्वर डूडी को गाली निकालने हुए कांग्रेस की हार के लिए जिम्मेदार बताया गया है। इस ऑडियो विडियो में कांग्रेस के पूर्व मंत्री डॉ बी डी कल्ला,शहर कांग्रेस अध्यक्ष मदन गोपाल मेघवाल को भी निशाना बनाया गया है। इस मामले में इतना तूल पकड़ लिया है कि शहर कांग्रेस अध्यक्ष मदनगोपाल मेघवाल ने भी प्रेसवार्ता कर मामले की जांच करने की मांग उठा दी। विवाद के बीच पूर्वमंत्री गोविंदराम मेघवाल ने इसके पीछे भाजपा नेता और केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल के पुत्र रविशेखर मेघवाल का हाथ होता बताया। ऐसे में रविशेखर मेघवाल ने भी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। प्रदर्शन को लेकर भी चर्चाएं उधर प्रदर्शन के दौरान कचहरी परिसर में खड़े लोग भी इस प्रदर्शन को लेकर चर्चा करते दिखे। अनेक जने इसे भंवर कूकणा का शक्ति प्रदर्शन बता रहे थे। कईयों का कहना था कि प्रशासन का इस मामले से कोई सरोकार नहीं। तो फिर यहां प्रदर्शन क्यों किया गया। वैसे इस प्रदर्शन में डूडी समर्थक देहात अध्यक्ष बिशनाराम सियाग व महेन्द्र गहलोत की अनुपस्थिति चर्चा का विषय बनी रही।

## निर्माणाधीन रिसॉर्ट में करंट लगने से मजदूर की मौत

**बीकानेर।** बीकानेर जिले के नोखा से मुकाम जाने वाले स्टेट हाईवे सड़क किनारे बन रहे एक रिसॉर्ट में निर्माण कार्य के दौरान करंट आने से एक मजदूर की मौत हो गई। इस संबंध में श्री बालाजी गांव निवासी मनोज मेघवाल ने थाने में रिपोर्ट देकर बताया कि उसका भाई श्याम सुंदर जिसकी उम्र 35 साल निवासी श्रीबालाजी का निवासी था नोखा के मुकाम वाली सड़क के किनारे एक निर्माणधीन रिसॉर्ट निर्माण कार्य के दौरान काम कर रहा था वहां व का बोर्ड हटाते समय वह अचानक करंट की चपे आ गया। घायल मजदूर को मौके पर मौजूद मजदूर नोखा के जिला अस्पताल लेकर आए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में मृतक के भाई की रिपोर्ट के आधार पर पलिस ने मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। थानाधिकारी अरविंद भारद्वाज मामले जांच कर रहे हैं।

## एकात्म मानववाद और अंत्योदय ही भाजपा की आत्मा है - श्याम पंचारिया जिलाध्यक्ष बीकानेर देहात

**बीकानेर,(हुक्मनामा समाचार)।** कोलायत विधानसभा क्षेत्र के बज्जू मंडल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान बज्जू मंडल अध्यक्ष सुभाष जयाणी की अध्यक्षता में बिश्नोई धर्मशाला में बुधवार को सम्पन्न हुआ। इसके अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर बज्जू मंडल में प्रदर्शनी लगाना ,सुबह योग करना तथा उत्साह, अनुशासन एवं संगठनात्मक ऊर्जा के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस प्रशिक्षण शिविर में मंडल के विभिन्न बूथों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और समर्पण का परिचय दिया। शिविर के मुख्य वक्ता भाजपा जिलाध्यक्ष बीकानेर देहात श्री श्याम पंचारिया ने कहा कि एकात्म मानववाद और अन्तोदय का स्वरूप ही भाजपा की अंतरात्मा है इस दौरान 'वैचारिक अधिष्ठान एवं भाजपा का इतिहास' विषय पर विस्तार से मार्गदर्शन देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक कैडर आधारित कार्यकर्ताओं की पार्टी है, जहां कार्यकर्ता निर्माण के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण के सिद्धांतों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। शिविर के प्रथम सत्र की अध्यक्षता बूथ अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने की। द्वितीय सत्र के मुख्य वक्ता कैलाश बिश्नोई जिला महामंत्री देहात रहे और बूथ प्रबंधन पर कहा कि बूथ जीता तो चुनाव जीता और साथ ही कहा कि भाजपा में बूथ अध्यक्ष सबसे महत्वपूर्ण दायित्व में से एक दायित्व है इस सत्र की अध्यक्षता पंडित सही राम ने की । तृतीय सत्र में मुख्य वक्ता भाजपा संभाग सह संयोजक आईटी सेल चैन सिंह राजपुरोहित रहे तथा इस सत्र की अध्यक्षता वरिष्ठ कार्यकर्ता गुल्लू खां ने की। अपने संबोधन में चैन सिंह राजपुरोहित ने बूथ मैनेजमेंट, डिजिटल कम्युनिकेशन और सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि मंडल स्तर पर बूथों की ग्रेडिंग की जाएगी और उत्कृष्ट कार्य करने वाले बूथों एवं कार्यकर्ताओं को संगठन द्वारा प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया जनसंपर्क का सशक्त माध्यम बन चुका है, इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता को तकनीकी रूप से दक्ष होकर पार्टी की उपलब्धियों और सकारात्मक संदेशों को जन-जन तक पहुंचाना चाहिए।